सूर्योदय 6:16 सूर्यास्त 6:01

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.8 न्यू | 25.2 अधि |
| धर्मशाला | 17.9 न्यू | 29.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81688.45 |
| निफ्टी | 25014.60 |
| सोना 78,200 | चांदी 95,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




श्रीलंका में जयशंकर का जोरदार स्वागत, अब पाकिस्तान जाएंगे

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 5 अक्तूबर 2024 | 20 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 289, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## तृतीय चंद्रघंटा



**तीसरे** नवरात्र पर मां चंद्रघंटा की पूजा करने का विधान है। ऐसा माना जाता है कि उनकी पूजा से भक्तों के सभी तरह के पाप नष्ट हो जाते हैं और अगर जीवन में किसी तरह का भय है तो उससे भी मुक्ति मिलती है। आप इस दिन मां को दूध से बनी मिठाई, ड्राइफ्रूट की बर्फी आदि बना कर भोग लगा सकते हैं।

**मां चंद्रघंटा की उपासना का मंत्र**

*या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता।*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।*

# सुक्खू सरकार ने टॉयलेट पर भी लगा दिया टैक्स : जेपी नड्डा

## मंत्री बनने के बाद पहली बार गृह जिले में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**शुभम राही, बिलासपुर**

सुक्खू सरकार की बुद्धि और मति दोनों भ्रष्ट हो चुकी हैं, इन्होंने तो टॉयलेट पर भी टैक्स लगा दिया। ऐसी सरकार को प्रदेश में रहने का हक नहीं है। ये बातें शुक्रवार को बिलासपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण व रसायन मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहीं।

मंत्री बनने के बाद पहली बार यहां पहुंचे नड्डा ने अभिनंदन समारोह में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम सुक्खू की दो भाषाएं हैं। चुनाव में कहते हैं कि हिमाचल को केंद्र से कुछ नहीं मिला और दिल्ली में सरकार का धन्यवाद कर कहते हैं कि सब कुछ मिल रहा है तथा और चाहिए। केंद्र सरकार अगर प्रदेश की मदद न करे तो एक भी दिन प्रदेश सरकार नहीं चलेगी। केंद्र 500 करोड़ रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट, 800 करोड़ ग्रांट हर महीने देता है। अगर यह नहीं आएगा तो कांग्रेस सैलरी-पेंशन भी नहीं दे पाएगी। सुक्खू से पहले पूर्व मुख्यमंत्रियों डॉ. परमार, वीरभद्र सिंह, रामलाल ठाकुर, प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार और जयराम ठाकुर ने भी पहली तारीख को कभी कर्मचारियों की सैलरी नहीं रोकी।

कांग्रेस राज के पत्तल में ही छेद है। पैसा आता तो है पर जाता किधर है, कोई हिसाब नहीं। नड्डा ने हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा देने का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि हाटी समुदाय को जनजातीय का दर्जा भी भाजपा की देन है। (अनंत ज्ञान)



बिलासपुर में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान लोगों का अभिवादन करते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अनुराग ठाकुर, जयराम ठाकुर, राजीव बिंदल व अन्य।

# प्रदेश में टॉयलेट टैक्स का कोई प्रस्ताव नहीं : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में 'टॉयलेट टैक्स' लगाए जाने के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का ऐसा कोई भी प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस तरह की बेतुकी और आधारहीन बयानबाजी करने से परहेज किया जाना चाहिए।

**भाजपा धर्म के नाम पर कर रही राजनीति**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। इस तरह के मुद्दों को राजनीतिक लाभ लेने के लिए राजनीतिक रंग देने का प्रयास नहीं करना चाहिए। विशेषकर उस स्थिति में जब आरोप वास्तविकता से परे हों। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा ने 5,000 करोड़ की रेवड़ियां बांटीं, जिसमें मुफ्त पानी की घोषणा भी शामिल थी, लेकिन भाजपा के इन लोक-लुभावन वादों को अधिमान न देते हुए प्रदेश की प्रबुद्ध जनता ने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान किया जिसके फलस्वरूप एक मजबूत सरकार का गठन हुआ।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने कुछ पांच सितारा होटलों को भी मुफ्त पानी देने की घोषणा की थी। इसके दृष्टिगत पानी पर सब्सिडी का युक्तिकरण करते हुए वर्तमान प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति कनेक्शन 100 रुपए बिल का भुगतान तय किया है। वहीं, आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों को प्रदेश के हित में पानी के बिल की अदायगी करने में कोई परेशानी नहीं है।

## किसान सम्मान योजना की 18वीं किस्त आज होगी जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना चलाई है। इस योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को सालाना 6 हजार रुपए देने का प्रावधान है। यह पैसा 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तों में दिया जाता है। पीएम मोदी 5 अक्तूबर को 18वीं किस्त जारी करेंगे और किसानों से संवाद भी करेंगे।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सड़क पार करते व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर, मौत पेज 4
- नगर परिषद ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को जारी किए नोटिस -पेज 6
- अवैध निर्माण पर नगर निगम कोर्ट की सुनवाई शुरू -पेज 9
- पेंशनर्स ने 9 को पेंशन देने के निर्णय पर किया खेद व्यक्त -पेज 12
- भारत ने विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता 16वां गोल्ड -पेज 14


# तिरुपति लड्डू विवाद : नए सिरे से होगी जांच, सुप्रीम कोर्ट ने बनाई एसआईटी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



उच्चतम न्यायालय ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय 'स्वतंत्र' एसआईटी का शुक्रवार को गठन करने के साथ ही स्पष्ट किया कि वह अदालत का 'राजनीतिक युद्ध के मैदान' के रूप में इस्तेमाल किए जाने की अनुमति नहीं देगा।

यह आदेश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त जांच दल उस एसआईटी का स्थान लेगा, जिसका गठन आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति लड्डुओं को बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए 26 सितंबर को किया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि एसआईटी में सीबीआई और आंध्र प्रदेश पुलिस के दो-दो अधिकारियों के अलावा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होगा।

# अनंत 'शिखर सम्मान' समारोह ऊना में कल

**राजेश शर्मा, ऊना**

**मुख्यातिथि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री करेंगे प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित**

हिमाचल प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र का पहला शिखर सम्मान समारोह ऊना में 6 अक्तूबर रविवार को आयोजित होगा।

समारोह के मुख्यातिथि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री कला, संस्कृति, साहित्य, समाजसेवी, स्वयं सहायता समूह, एनजीओ, उद्यमी एवं खेलों के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाली 30 से ज्यादा हस्तियों को सम्मानित करेंगे। समारोह गुरुजी एस्टेट, रक्कड़ कॉलोनी (ऊना) के शुकराना रिजॉर्ट में होगा।



कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11.00 बजे से होगा। आयोजन के लीड स्पांसर्स वेम्बली पेंट्स एंड कैमिकल्स हैं। इसके अलावा बेस्ट कैब्स, लूण सॉल्ट, धाकड़ फाउंडेशन, अरनी यूनिवर्सिटी काठगढ़, श्री साई यूनिवर्सिटी पालमपुर, योगिता एग्रो सर्विस चंबा, मदर क्राफ्ट हॉस्पिटल घुरकड़ी (कांगड़ा), लॉरेट इंस्टीट्यट ऑफ फार्मेसी कथोग (ज्वालामुखी), भूषण ज्वेलर्स सोलन, हिम अकादमी हमीरपुर, भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पालमपुर, लॉरेल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांधीनगर (कुल्लू), सत्यम कॉलेज ऑफ नर्सिंग लंजोत (शाहपुर), पंचशील हॉस्पिटल नगरोटा बगवां, शांति निकेतन कॉलेज ऑफ एजुकेशन हमीरपुर, शिवांबू इंटरनेशनल गगरेट (ऊना), इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी हरोली (ऊना), कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल, कौशल रोलर फ्लोर मिल टाहलीवाल (ऊना), ललित एंड ब्रदर्स सरकाघाट (मंडी), रत्न ज्वेलर्स भवारना (पालमपुर), जेपी आचार्य सगूर (बैजनाथ), एमएस कतना ट्रेडर्स नादौन, न्यू गुरुकुल हमीरपुर, बुड्ढा मल एंड संस ज्वेलर्स पालमपुर, न्यू नंदा ज्वेलर्स पालमपुर और एसएम आई हास्पिटल घुरकड़ी (कांगड़ा) भी अनंत ज्ञान के शिखर सम्मान समारोह के प्रायोजक हैं। (अनंत ज्ञान)




## न्यूज ब्रीफ

### तीन कैडेट्स का प्री आरडीसी कैंप के लिए हुआ चयन



**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा के एनसीसी कैडेट्स सचिन शर्मा, तनुजा व अर्जु का चयन प्री आरडीसी (रिपब्लिक डे कैंप) कैंप के लिए हुआ है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने तीनों कैडेट्स को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। एनसीसी सीटीओ प्रोफेसर नलिन चमन ने कहा कि प्री आरडीसी कैंप में भाग लेना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसमें कैडेट्स का अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और शारीरिक फिटनेस का परीक्षण किया जाता है।

### नर्सिंग कॉलेज शुराला में हुई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला नर्सिंग कॉलेज में जीएनएम, पोस्ट बेसिक, बी.एससी. नर्सिंग छात्रों का ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह भर्ती अभियान कुशल बीएससी, पोस्ट बेसिक और जीएनएम और एमएससी नर्सिंग छात्रों के लिए आर्टिमिस अस्पताल गुड़गांव द्वारा आयोजित किया गया। शिमला नर्सिंग कॉलेज न केवल शिमला बल्कि प्रदेश और देश के सर्वश्रेष्ठ नर्सिंग शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में अग्रणी स्थान रखता है। प्रिंसिपल डॉ. कृष्णा चौहान, डॉ. पल्लवी पठानिया प्लेसमेंट ऑफिसर और प्लेसमेंट सेल के अन्य सदस्यों ने बताया कि इस कैंपस ड्राइव के दौरान कुल 35 नर्सों का चयन किया गया। वर्तमान में महाविद्यालय में रोजगारोन्मुख बी.एससी. , एम.एससी. , पोस्ट बेसिक और जीएनएम पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

### जंगल के बिना वन्य जीवन संभव नहीं : डॉ. वनीत



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमालय फॉरेस्ट्री रिसर्च इंस्टिट्यूट एचएफआरआई और उमंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक और वनस्पतिशास्त्री डॉ. वनीत जिष्टू ने बताया की शिमला के जंगलों में एक ऐसा पौधा पाया जाता है जो कीड़ों को खाता है। उन्होंने कहा कि जंगल के बिना वन्य जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव ने कहा वन और वन्यजीव सिर्फ वनस्पतिशास्त्र या जीवविज्ञान विषय का हिस्सा नहीं, बल्कि मानव जीवन का अभिन्न भाग है। एचएफआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वनीत जिष्टू वन और वन्य जीवन के बारे में बड़ी दिलचस्प बातें बताई। इस अवसर पर एचएफआरआई के पंकज कुमार, अंकुश, नीरजा ठाकुर व कल्पना मौजूद रहे।

### सरकार शिक्षा में सुधार लाने का कर रही प्रयास : लोकेंद्र

**महेंद्र कुमार, सुन्नी ।** सरकार द्वारा शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं को लागू किया जा रहा है। इसी कड़ी में अध्यापकों के अंतर्राष्ट्रीय भ्रमण कार्यक्रम आरंभ किया गया है तथा इस कार्यक्रम के तहत 200 से अधिक शिक्षकों को विदेशी भ्रमण पर भेजा भी जा चुका है। विदेश में प्रशिक्षण के दौरान उन्हें शिक्षा क्षेत्र की नई तकनीकों से अवगत होने का अवसर प्राप्त हुआ है । शिक्षा के नए तौर-तरीकों को जानकर अध्यापक और छात्रों के बीच बेहतर समन्वय होने से छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सकेगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार शिक्षा में सुधार लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप सक्षम बन सके । उन्होंने कहा कि प्रदेश में खोले जा रहे राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल शिक्षा में गुणात्मक सुधार की दिशा में एक अनूठी पहल है और आने वाले दस वर्षों में ये स्कूल सबसे बेहतर शैक्षणिक केंद्र बनकर उभरेंगे, जहां शिक्षा के साथ-साथ खेलों के लिए भी पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षक प्रशिक्षण में गुणात्मक सुधार की ज़रूरत है, क्योंकि इससे शिक्षकों के ज्ञान और कौशल में सुधार होता है. इससे शिक्षक, छात्रों की ज़रूरतों को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं ।

### शिवा टैक्सी यूनियन ने बांटा हलवा प्रसाद



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** दूसरे नवरात्र के उपलक्ष्य पर शिवा टैक्सी यूनियन घुमारवीं द्वारा लोगों को हलवे का प्रसाद बांटा गया। इससे पहले यूनियन के सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों द्वारा मां की पूजा-अर्चना करने के बाद उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर राहगीरों को प्रसाद बांटते हुए यूनियन के प्रधान सुरेश शर्मा ने बताया कि आज महामाई से इसी बात की प्रार्थना की गई कि समाज से बुराइयों का खत्म हो और इसके साथ ही हम सभी को समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का प्रण लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज में जिस प्रकार की घटनाएं घट रही है। उनको देखते हुए समाज के हर व्यक्ति को मां का आशीर्वाद लेकर संकल्प लेना चाहिए साथ ही हमेशा कन्याओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा समाज के सर्वहित के लिए ही आज इस लंगर का आयोजन किया गया है। शर्मा के अनुसार इस लंगर में यूनियन के सभी सहयोगियों ने अपना सहयोग दिया तथा उन सभी के सहयोग से ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूनियन के प्रधान सुरेश शर्मा, उपप्रधान गौरव चंदेल, बुद्धि सिंह, कृष्ण कुमार, दिनेश कुमार, कुलदीप सिंह, लाल सिंह , रजनीश कुमार, रोहित धीमान व मनोज धीमान तथा अन्य कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 7 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में होने वाली अंडर-13 और सब जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप के लिए ट्रायल सात अक्टूबर को कसोल कोलडैम में आयोजित किए जाएंगे। यह प्रतियोगिता 22 से 26 अक्तूबर तक गोरखपुर उत्तर प्रदेश में आयोजित होगी। इच्छुक एथलीटों को चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए सात अक्टूबर को शाम 4 बजे कसोल कोलडैम में पहुंच सकते हैं। पात्रता मानदंड के अनुसार सब-जूनियर श्रेणी के लिए एथलीट का जन्म पहली जनवरी 2009 या उसके बाद हुआ हो। अंडर-13 श्रेणी के लिए एथलीट का जन्म पहली जनवरी 2011 को या उसके बाद हुआ हो। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार संजीव सिंह रोइंग कोच 9646094595 से संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी कोच अंग्रेज सिंह ने दी।



### एनएसएस का सात दिवसीय शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। शिविर में मुख्यातिथि सुधीर पठानिया का विद्यालय प्रशासन, प्रधानाचार्य, एनएसएस परभरी,महिला वा पुरुष ब अन्य स्टाफ के सदस्यों ने स्वागत किया। सात दिवसीय शिविर में गोद लिया गांव मटौर के पार्क, जल स्रोतों की साफ सफाई की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने स्वय सेवियों को हमेशा देश सेवा में तत्पर रहने का संदेश दिया। वा मुख्याथिति को ब एनएसएस के इतिहास के बारे मे बच्चों को जागरूक किया। साथ ही बेस्ट वॉलंटियर (बॉय) और बेस्ट वॉलंटियर(गर्ल) को चुना गया वा समानित किया गया और अन्य स्वय सेवियों को मैडल देकर समानीत किया गया। इस सात दिवसीय शिविर को कामयाब करने में स्कूल प्रशासन,एसएमसी प्रधान मटौर वा सभी स्टाफ सदस्यों ने अपना विशेष योगदान दिया। स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर संदीप शर्मा ने विधिवित इस समारोह का समापन किया।




# मंडियों की शिफ्टिंग से यातायात होगा सुचारु

## डीसी ने दिए नई भूमि तलाशने के निर्देश, मंडियों में काम करने वालों का रिकार्ड होगा तैयार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला शहर से सब्जी मंडी, अनाज मंडी, लक्कड़ मंडी और मोटर मार्केट को शहर से बाहर स्थानातरिंत करने को लेकर गुरुवार को उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

उपायुक्त ने कहा कि शहर से सब्जी मंडी, अनाज मंडी, लक्कड़ मंडी और ट्रांसपोर्ट को बाहर स्थानांतरित करने की दिशा में प्रशासन प्रयासरत है। इसके लिए भविष्य की दृष्टि से भूमि का चयन होना बहुत जरूरी है। वहीं बाजारों के कारण यातायात व्यवस्था को बनाए रखना प्रशासन के समक्ष एक बड़ी चुनौती रहती है। ऐसे में कई बाजार जो कार्ट रोड़ के साथ सटे हुए है, उन्हें स्थानांतरित करने की योजना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सब्जी मंडी के स्थानांतरण के लिए शोघी के आसपास भूमि का चयन किया जाए ताकि भविष्य में फोरलेन भी सब्जी मंडी के नजदीक रहे और शहर में वाहनों की आवाजाही पर भी नियंत्रण लग सके। उपायुक्त ने कहा कि आगामी 15 दिनों के भीतर संभावित भूमि का राजस्व रिकार्ड तैयार किया जाएगा। नई मंडियां बनाई जाएगी, वहां मुख्य मार्ग पर प्रवेश और निकासी अलग रहेगी ताकि मंडी में किसी प्रकार की यातायात संबधी समस्या पैदा न हो।



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

उपायुक्त ने निर्देश दिए है कि शहर में विभिन्न मंडियों की दुकानों का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिसमें कुल दुकानों की संख्या, काम करने वाले लोगों की संख्या, छोटे-बड़े वाहनों की दैनिक आवाजाही आदि शामिल होंगे।

### शिमला में विकसित होगी एक बड़ी मोटर मार्केट

उपायुक्त ने शिमला शहर में मोटर मार्केट के लिए भी कोई चिन्हित स्थान का चयन करने के निर्देश दिए है। शहर के चारों तरफ छोटी-छोटी मोटर मार्केट है। ऐसे में एक बड़े क्षेत्र में शहर की सबसे बड़ी मोर्टर मार्केट विकसित करने की दिशा में प्रशासन प्रयास कर रहा है ताकि शहर की मोटर मार्केट एक ही जगह पर स्थानांतरित हो सके। टिम्बर मंडी को ऐसे स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा जहां पर छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही आसानी से हो सके। बैठक में दाड़नी के बगीचे में सब्जी मंडी के स्थानांतरण के प्रस्ताव की जगह नए भूमि के विकल्प तलाशने के निर्देश दिए गए है। शिमला व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने मंडियों के स्थानांतरण को लेकर अपने सुझाव बैठक में रखे।

# अनिरुद्ध और विक्रमादित्य ने रखी बढ़ई पंचायत भवन की आधारशिला

**अनंत ज्ञान, शिमला**



आधारशिला रखते अनिरुद्ध व विक्रमादित्य।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह तथा लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गुरुवार को विकासखंड टुटू के अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़ई के पंचायत भवन की आधारशिला रखी। ग्रामीण विकास मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बढ़ई पंचायत भवन का निर्माण कार्य 1 करोड़ 14 लाख रुपए से एक साल के भीतर पूर्ण किया जाएगा।

प्रदेश में बन रहे नए पंचायत भवन पर अब 1 करोड़ 14 लाख रुपए तक की राशि खर्च की जा रही है, जिससे पंचायत का एक अच्छा कार्यालय बन कर तैयार हो रहा है। इसके साथ-साथ टुटू विकास खंड कार्यालय का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्री ने ग्राम पंचायत बढ़ई में सोलर लाइट लगाने की भी घोषणा की। क्यारी गांव में शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख रुपए तथा एक पुल के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

विक्रमादित्य सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र के विकासात्मक कार्यों के लिए पैसों की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बनूटी में 64 करोड़ रुपए से वेलनेस सेंटर का निर्माण होगा, जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

## शिक्षा मंत्री से मिले प्रधानाचार्य एवं अधिकारी संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

प्रधानाचार्यों की पुरानी लंबित मांगों को लेकर प्रधानाचार्य एवं निरिक्षण अधिकारी संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष शर्मा ने सचिवालय में प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात की।

इस मौके पर उच्चतर शिक्षा निदेशक भी सचिवालय में मौजूद थे। हरी शर्मा ने बताया कि उन्होंने शिक्षा मंत्री के समक्ष मांगों को पूरा करने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री ने उनकी समस्त मांगों पर सहमति जताते हुए अधिकारीयों को इस विषय में शीघ्र उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा उन्हों ने जल्द ही संघ के साथ बैठक का आश्वासन भी दिया।



शिक्षा मंत्री के साथ संघ के सदस्य।

## मशोबरा स्कूल में 280 शब्दकोश किए वितरित

**अनंत ज्ञान, शिमला**

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने 'अपना विद्यालय - द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्रोम' के तहत गोद लिए हुए राजकीय आर्दश वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मशोबरा में शुक्रवार को बच्चों को शब्दकोश वितरित करवाए।



शब्दकोश वितरित के दौरान मौजूद विद्यार्थी।

खंड विकास अधिकारी अंकित कोटिया ने आज मशोबरा स्कूल में जाकर सभी छात्रों को शब्दकोश वितरित किए। मशोबरा स्कूल के 273 बच्चों को ये शब्दकोश दिया गया है। इसके अलावा 7 शब्दकोश स्कूल की लाइब्रेरी में रखने के लिए दिए गए है। इन सभी शब्दकोश का खर्च उपायुक्त ने अपने वेतन से किया है। ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हिंदी के 280 शब्दकोश उपायुक्त ने 70 हजार रुपए में खरीद कर स्कूली बच्चों में वितरित करवाए है। अपना विद्यालय-द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत गोद लिए मशोबरा स्कूल में उपायुक्त ने 24 सितंबर को दौरा किया था।

## पुणे भेजे पानी के सैंपल

**शिमला।** राजधानी शिमला को पानी देने वाली सबसे बड़ी पेयजल परियोजना गिरि में सफेद पदार्थ आने के बाद हड़कंप मच गया है। हालांकि शिमला जल प्रबंधन का दावा है कि गिरि पेयजल परियोजना में इसका कोई असर नहीं है। नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान ने भी गुरुवार को गिरि पेयजल परियोजना और एचपीएमसी के प्लांट का निरीक्षण किया। शिमला जल प्रबंधन निगम ने गिरि पेयजल परियोजना के पानी के सैंपल पुणे लैबोटरी में भेज दिए हैं।

## अल्पसंख्यकों के लिए शैक्षिक अवसर बढ़ाए जाएं : सैय्यद शहेजादी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य सैय्यद शहेजादी ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15-सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।



बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य।

इस अवसर पर सैय्यद शहेजादी ने कहा कि 'प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम' का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यकों का समग्र कल्याण सुनिश्चित करना है। अल्पसंख्यकों के लिए शैक्षिक अवसर बढ़ाए जाएं। उनके समावेशी विकास के लिए योजनाओं का समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए। समाज के सभी वर्गों में आपसी सद्भाव से सदैव ही विकास को भी बल मिलता है। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक में अवगत करवाया गया कि राज्य में उर्दू भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार ने छठी से आठवीं कक्षा तक चिन्हित स्कूलों में उर्दू भाषा को एच्छिक विषय के रूप में आरंभ करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने प्रदेश में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

## सुक्खू सरकार टैक्स लगाने वाली सरकार : बिंदल

**शिमला।** डॉ. राजीव बिंदल प्रदेश अध्यक्ष भाजपा हिमाचल प्रदेश ने कहा कि सुक्खू सरकार टैक्स लगाने वाली सरकार और संस्थानों की तालाबंदी करने वाली सरकार के रूप में जानी जाएगी। सत्ता में आते ही सरकार ने डीजल पर 7 रुपए प्रति लीटर वैट लगाया सहित कई टैक्स लगाकर अब घरों में टॉयलेट शीट पर टैक्स लगाने का काम करके यह साबित कर दिया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता ही हर चीज पर टैक्स लगाने में तुली हुई है।

## फोरलेन समस्याओं का करें निपटारा : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, शिमला**

कैथलीघाट से ढली फोरलेन निर्माण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

उपायुक्त ने एनएचएआई और निर्माण कार्य कंपनी को निर्देश दिए है कि मौके पर अगर किसी मुद्दे का समाधान एक सप्ताह के भीतर नहीं हो पाता है,तो ऐसे मुद्दे तुरंत उपमंडलाधिकारी (ना.) शिमला ग्रामीण के ध्यान में लाना अनिवार्य होगा। उपायुक्त ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही प्रभावितों की समस्या के निराकरण के लिए कंपनी और एनएचएआई दोनों सक्रियता दिखाए।

शिमला में कैथलीघाट से संजौली के ढली जंक्शन तक फोरलेन परियोजना का निर्माण कार्य दो पैकेज में पूर्ण होना है। इसमें कैथलीघाट से ढली तक पहला पैकेज तथा शकराल गांव से ढली जंक्शन तक द्वितीय पैकेज में निर्माण होगा।

# हिमाचल में दाम बढ़ाने और टैक्स लगाने वाली सरकार : जयराम

## बिजली, पानी, डीजल, सीमेंट, बस किराया, बेरोजगारी बढ़ाकर गारंटी पूरी करने का दावा कर रहे सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के सम्मान में आयोजित बिलासपुर की रैली में कहा कि इस समय हिमाचल में टैक्स बढ़ाने वाली, महंगाई बढ़ाने वाली, लोगों की परेशानी बढ़ाने वाली सरकार चल रही है। विडंबना यह है कि मुख्यमंत्री, उनका मंत्रीमंडल, कांग्रेस के छोटे बड़े नेता इसे सुख की सरकार कह रहे हैं। दुख देने के बाद सुख की सरकार का नारा लगाना सरकार की संवेदनहीनता है।



सुख की सरकार में प्रदेश में बिजली, पानी, डीजल, सीमेंट, रेता बजरी, बस किराया, बेरोजगारी सब कुछ बढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री दूसरे प्रदेशों में जाकर झूठ बोलते हुए कहते हैं कि हमने हिमाचल में गारंटियां पूरी कर दी। किसी मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के बाहर जाकर इस तरह का झूठ बोला शोभा नहीं देता। यह झूठ प्रदेशवासियों की भावना के साथ भी खिलवाड़ हैं।

सुक्खू सरकार ने सत्ता में आने के बाद से ही प्रदेश में हर चीज महंगी कर दी। खतौनी की नकल से लेकर एग्रीमेंट, घर के नक्शे स्वीकृत करने की फीस, बिजली पानी के कनेक्शन, बस के पास सबकी कीमतों में तीन गुना से लेकर दस गुना तक बढ़ोतरी कर दी। पहले से मिल रही सुविधाएं छीन लीं।

आज तक प्रदेश में ऐसा मुख्यमंत्री नहीं देखा जो सिर्फ झूठ के सहारे सरकार चलाना चाहता हो। सत्ता में आने के लिए जिन झूठी गारंटियों का सहारा लिया था वह सरकार भूल ही गई है। अपने घोषणा पत्र को पलट कर देखा ही नहीं। सब कुछ सस्ता करने करने का वादा करने के बाद सब कुछ महंगा कर दिया। इसके बाद प्रदेश के लोगों से झूठ बोलना, केंद्र द्वारा दिल खोलकर सहयोगके बाद भी सहयोग न देने के नाम पर झूठ बोलना, विकास के नाम पर झूठ बोलना, लोगों के इलाज के नाम पर झूठ बोलना, युवाओं के भविष्य के नाम पर झूठ बोलना सुक्खू सरकार का काम हो गया है। मुख्यमंत्री जिस दिन दूसरे प्रदेशों में जाकर कहते हैं कि केंद्र से कुछ नहीं मिला, उसी समय उनके मंत्री केंद्र सरकार का आभार जताते नहीं थकते हैं।

### सीआरआईएफ और एनडीआरएफ के करोड़ों रुपए देने पर केंद्र सरकार का जताया आभार

**नेता** प्रतिपक्ष ने हिमाचल प्रदेश को सेंटर रोड इंफ्रास्ट्रचर फण्ड के तहत पाँच सड़कों के विकास के लिए 294 करोड़ रुपए और राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष के तहत 189 करोड़ रुपए की अग्रिम धनराशि जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी समेत समस्त केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा किए जा रहे हर संभव सहयोग से हिमाचल में मूलभूत सुविधाओं का स्तरोन्नयन हो रहा है। बेहतर सुविधाएं प्रदेश के लोगों को प्राप्त हो रही हैं।

## नड्डा हिमाचल को केंद्र से विशेष सहायता दिलाएं : धर्माणी

**घुमारवीं।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के दौरे को लेकर हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा का बिलासपुर में घर है और वह अपने घर आ रहे जो कि खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि वह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हैं इसलिए प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के चलते विशेष सहायता प्रदान करने के साथ ही प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने के लिए विशेष कदम उठाएं, ताकि प्रदेश की आर्थिक स्थिति और बेहतर हो सके। मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश की मदद का हवाला देकर जो राशि गिनाते हैं, वह प्रदेश को रूटीन में मिलने वाली राशि है।

# रंगलोह के ऋषभ कपूर बने एसबीआई प्रोबेशनरी अफसर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के ग्रामीण क्षेत्र रंगलोह, डाकखाना भलस्वाए, तहसील घुमारवीं के ऋषभ कपूर ने भारतीय स्टेट बैंक चंडीगढ़ सर्कल में बतौर प्रोबेशनरी अधिकारी के पद पर ज्वाइन कर जिला का नाम रोशन किया है। ऋषभ कपूर ने अखिल भारतीय बैंकिंग पर्सनल सर्विस (एबीपीएस) 2023 व इंश्योरेंस प्रशासनिक अधिकारी - 2023 परीक्षा के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी, केनरा तथा आईडीबीआई में बतौर प्रोवेशनरी ऑफिसर के अतिरिक्त यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी भारत सरकार के प्रशासनिक अधिकारी (प्रथम श्रेणी राजपत्रित) चयन हुआ था। लोगों के लिए समर्पित भारतीय स्टेट बैंक की बेहतर सेवाओं के मद्देनजर ऋषभ कपूर ने अपनी सेवाएं इस बैंक में देने का निर्णय लिया और उन्होंने चंडीगढ़ सर्कल में बतौर प्रोबेशनरी ऑफिसर अपना पदभार ग्रहण किया है।

ऋषभ की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी बरमाना व बिलासपुर में हुई है बीटेक थापर यूनिवर्सिटी पटियाला व एमटेक की डिग्री पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़ से प्राप्त की है। ऋषभ के पिता प्रदेश सरकार में बतौर वरिष्ठ परियोजना अधिकारी (ऊर्जा) कार्यरत रहे व माता विमला कपूर मेडिकल कॉलेज नैरचौक जिला मंडी में सेवारत रही। ऋषभ कपूर ने बड़ी लग्न एवम् मेहनत से ही यह उपलब्धि हासिल की है । इस उपलब्धि के लिए जिला बिलासपुर के शहर व ग्रामीण क्षेत्र के हर वर्ग के लोगों में खुशी की लहर है और लोग बधाइयां दे रहे हैं । ऋषभ कपूर ने इस उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता व गुरुजनों को श्रेय दिया है।

## देखभाल करने वाले दंपती को ही दिया जाए नवजात

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के बरमाणा में तीन दिन पहले मिले नवजात बच्चे को अपनाने को लेकर बरमाणा पंचायत के लोग बच्चे की देखभाल कर रहे दपंती के पक्ष में उतर आए हैं। इन लोगों का कहना है कि यह बच्चा उस दपंती को ही मिलना चाहिए, जो कि उसकी देखभाल कर रहा है।

## बच्चों के स्वास्थ्य पर दिया जाए विशेष ध्यान : डॉ. पॉल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विश्व बालिका दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संदेश के साथ जागरूकता रैली निकाली। नीति आयोग के सदस्य डॉ. विनोद पॉल ने जोनल अस्पताल धर्मशाला के परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य डॉ. विनोद पॉल ने लिंगानुपात में सुधार के लिए आम जनमानस को प्रेरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के साथ साथ बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अभिभावकों को जागरूक करें तथा मोबाइल पर पोषण आंकड़ों का आकलन करें और बच्चों की ग्रोथ को भी मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की छह माह की आयु तक स्तनपान के साथ साथ समय पर उपरी आहार की भी करें तथा आयु अनुसार पर्याप्त आहार सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि युवा पीढ़ी का स्वास्थ्य बेहतर हो सके।

**संस्कृति** | घुमारवीं में रामलीला मंचन शुरू, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी रहे मुख्यातिथि

# रावण ने साधु का वेश धर किया मां सीता का हरण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

आदर्श रामलीला नाटक समिति घुमारवीं में रामलीला मंचन वीरवार से भव्य तरीके से शुरू हुआ। प्रथम संध्या में स्थानीय विधायक एवं नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने भव्य आयोजन को लेकर समिति के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि प्रभु राम के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में ढालने से ही सही मायनों में रामलीला के मायने सार्थक होते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा आदि काल में लिखे गए इस काव्य में गृहस्थ जीवन जीने की सभी कलाएं आज भी प्रासंगिक है। माता पिता की आज्ञा का पालन, भाइयों में प्रेम, ऊंच नीच से परे सभी वर्गों से प्रेम रखना और दुष्टों से दूरी सब कुछ रामायण में इंगित है। ऐसे में हमें भी भगवान राम के जीवन के आदर्शों को अपनाना चाहिए। आयोजकों द्वारा सबसे पहले इस राम नाटक के जनक एवं प्रणेता प्रेम टेस्सू, कृष्णानंद शास्त्री और नीलाक्ष गुप्ता द्वारा बहुत समय पहले उनके द्वारा निभाए किरदारों को याद किया। रामलीला के प्रथम दिन देवताओं द्वारा भगवान विष्णु से अवतार लेने का आह्वान करना, नारद द्वारा कामदेव को हराना, विश्व मोहिनी स्वयंवर में नारद का शिवगणों द्वारा उपहास उड़ाना, क्रोधित होकर नारद का भगवन विष्णु को श्राप देना, रावण द्वारा कैलाश उठाने का प्रयास करना और रावण वेदवती की दृश्य दर्शाए गए। इसमें कलाकारों ने अपनी मेहनत का पूरा प्रदर्शन कर दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। इस दौरान विष्णु का अभिनय अभिषेक टेस्सू, लक्ष्मी राहुल राणा, नारद भुवनेश गौतम, ब्रह्मा रविंद्र शर्मा, इंद्र सुरेश धीमान, अग्निदेव सुशील उप्पल, वरुण जगरनाथ राणा, धरती अंकुर, कुबेर ज्योति शर्मा, यम मोहित शर्मा, वायु अभिषेक राणा, कामदेव जगरनाथ राणा, रंभा रविंद्र कुमार, शीलनिधि अरविंद कुमार, शिव राहुल उप्पल, नंदी केतन शर्मा, मारीच हंसराज, वेदवती विशाल शर्मा और रावण का किरदार ज्योति प्रकाश ने निभाया।



## मां बज्रेश्वरी देवी



कांगड़ा स्थित मां बज्रेश्वरी देवी मंदिर में नवरात्र के दूसरे दिन माता के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह मां की आरती के बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। वहीं, श्रद्धालु भी लंबी-लंबी लाइनों में लग कर मां बज्रेश्वरी देवी के दर्शन करते नजर आ। मंदिर में माथा टेकने के लिए भारी संख्या में बाहरी राज्यों से भी श्रद्धालु कांगड़ा पहुंचे हुए थे।

# 430 आउटसोर्स कर्मियों को जल शक्ति विभाग ने थमाया नोटिस

## कंपनी व विभाग के बीच एग्रीमेंट समाप्त होने से प्रदेश भर में पैदा हुई समस्या

**आदर्श यादव, नेरचौक**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**अधर में लटका 430 कर्मचारियों का भविष्य**

जल शक्ति विभाग में कार्यरत करीब 430 आउटसोर्स कर्मचारियों का भविष्य अधर में लटक कर रह गया है। प्रदेश भर में कार्यरत इन आउटसोर्स कर्मियों को लेकर संबंधित कंपनी व प्रदेश सरकार के बीच जो एग्रीमेंट हुआ था।

वह 30 सितंबर को समाप्त हो गया है, जिससे यह समस्या पैदा हो गई है। जल शक्ति विभाग के कई मंडल व उप मंडल कार्यालय में कार्यरत इन कर्मचारियों को शुक्रवार को नोटिस थमाकर ऑफिस न आने के आदेश जारी किए गए हैं, जिससे प्रदेश भर के इन कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### विभाग में पिछले 15 सालों से सेवाएं दे रहे हैं आउटसोर्स कर्मचारी

जल शक्ति विभाग में इन 430 कर्मचारियों में से बहुत से कर्मचारी ऐसे हैं जो पिछले 15, 16 साल से विभाग को अपनी सेवा दे रहे हैं। यह कर्मचारी ऑफिस में कंप्यूटर से संबंधित अधिकांश कार्य पूरी लगन व मेहनत से वर्षों से करते आ रहे हैं।

### एग्रीमेंट की अवधि समाप्त होने का दिया हवाला

आउटसोर्स पर कंपनी के माध्यम से रखे गए इन कर्मचारियों के साथ विभाग एक साल के लिए एग्रीमेंट साइन करता है जिसे हर साल रिन्यूल किया जाता है। इस बार यह एग्रीमेंट 31 जुलाई को समाप्त हो गया था, जिसे विभाग ने मात्र एक माह के लिए रिन्यू किया था जो 30 सितंबर को समाप्त हो गया है। सरकार व विभाग ने एग्जामिन करने के उपरांत इसे एक साल के लिए पुन: रिन्यू करने का इन कर्मियों को आश्वासन दिया था मगर इस पर समय रहते सरकार व विभाग की ओर से करवाई नहीं की गई जिससे इन आउटसोर्स कर्मचारी पर गाज गिरना शुरू हो गई है। संबंधित विभाग के कई अधिकारियों ने एग्रीमेंट की अवधि समाप्त होने का हवाला देकर इन्हें नोटिस थमा कर कल से ड्यूटी पर न आने का फरमान जारी करना शुरू कर दिया है।

हम सभी आउटसोर्स कर्मचारी पूरी ईमानदारी के साथ विभाग को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। एग्रीमेंट रिन्यू न होने से कुछ उपमंडलों में आउटसोर्स कर्मियों को ऑफिस न आने का नोटिस दिया गया ह, ऐसी सूचना मिली है जो बिल्कुल गलत है। हम सरकार व विभाग से एग्रीमेंट को शीघ्र रिन्यू कर आउटसोर्स कर्मचारी को न्याय दिलाने की अपील करते हैं।
**– कल्पना, जिला अध्यक्ष, जल शक्ति विभाग, आउट सोर्स कर्मचारी संघ, मंडी।**

जल शक्ति विभाग में कार्यरत 430 आउटसोर्स कर्मचारी को नोटिस थमाने का मामला ध्यान में आया है। रिपोर्ट तलब कर इस पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।
**– ओंकार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल शक्ति विभाग, हिमाचल प्रदेश।**

## न्यूज ब्रीफ

### 'किस में कितना है दम' में छाई मंडी की स्नेहा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी की स्नेहा ने 'किस में कितना है दम' सीजन-10 के मल्टी टैलेंट शो नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके मंडी जिला का नाम रोशन किया। यह संग्राम टीवी रियलिटी शो जोकि 24 सितंबर से 5 अक्तूबर तक पंजाब के धुरी में चल रहा है। देशभर के विभिन्न राज्यों के 14 चुने हुए प्रतिभागी ग्रैंड फिनाले में पहुंचे, जिसमें स्नेहा ने कथक नृत्य करके प्रथम स्थान हासिल किया। स्नेहा को बचपन से ही नृत्य में रुचि रही। नृत्य की शुरुआत स्नेहा ने संगीत सदन से शुरू की। नृत्य के साथ-साथ खेलों तथा मॉडलिंग में भी स्नेहा ने कई ठीक आग खिताब अपने नाम किए हैं। प्रथम स्थान हासिल करने का श्रेय स्नेहा ने अपने माता-पिता तथा अपने गुरु डॉ. सुरेंद्र भारद्वाज को दिया। माता जो कि गुरु गोविंद सिंह पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में प्रधानाचार्या है तथा पिता बिजली विभाग में कार्यरत है।

### कुल्लू दशहरा : एंबेसडर्ज मीट का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने नई दिल्ली में आयोजित राजदूतों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव में 21 देश भाग लेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 18 अक्तूबर को कुल्लू में विभिन्न देशों के राजदूत, एक्सीलेंसी और मिशन प्रमुखों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर वार्ता करेंगे। इससे व्यापार और कारोबार को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय लोक नृत्य महोत्सव में इन देशों के कारीगर स्टॉल लगाएंगे और सांस्कृतिक दल लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

### गोरा में पैराग्लाइडर की इमरजेंसी लैंडिंग



**जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील मुख्यालय से कुछ दूरी पर गोरा नामक स्थान में शुक्रवार को एक अप्रत्याशित घटना सामने आई। रूस के रहने वाले एंड्रयू नामक पैराग्लाइडर ने बीड़-बिलिंग से उड़ान भरने के बाद गोरा के पास इमरजेंसी लैंडिंग की, जिससे गांव के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, 30 वर्षीय एंड्रयू, जो रूस के निवासी हैं, ने हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग स्थल बीड़-बिलिंग से उड़ान भरी थी। उड़ान के दौरान जब वह लडभड़ोल तहसील क्षेत्र के ऊपर से गुजर रहे थे, तो उन्हें बड़े पहाड़ों को देखकर घबराहट हुई। घबराहट में उन्होंने तत्काल लैंडिंग का फैसला किया, लेकिन निर्धारित स्थान पर लैंडिंग नहीं कर पाए और इमरजेंसी लैंडिंग गोरा के प्लेन खेतों में करनी पड़ी। पैराग्लाइडर के अचानक उतरने से गांव के लोग तुरंत उस स्थान पर पहुंच गए, जहां एंड्रयू सुरक्षित उतरे थे।

# एम्स में ड्रोन के माध्यम से आएंगे ब्लड सैंपल : नड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



देश के सभी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स की विकास योजनाओं को प्रधानमंत्री द्वारा एक समय पर ही वर्चुअल उद्घाटन करवाया जाएगा। इसके लिए किसी एक दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय लिया जाएगा और इन सभी विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रधानमंत्री के समक्ष रखा जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के एम्स को स्वयं मॉनिटरिंग करते हैं और उनको पूरे देशभर के एम्स के विकास कार्यों को जल्द ब्यौरा देंगे। यह बात शुक्रवार को बिलासपुर एम्स में प्रेसवार्ता करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कही। नड्डा ने कहा कि बिलासपुर एम्स में आए दिन नए-नए योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एम्स अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए 98 अन्य स्टाफ की भर्ती की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 178 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से एमबीबीएस ट्रेनी डॉक्टर के लिए 204 बिस्तर वाला बॉयज हॉस्टल और 334 बिस्तर क्षमता का गर्ल्स हॉस्टल और 72 स्टाफ क्वार्टर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 करोड़ की लागत से 4 लेक्चर हॉल और 4 करोड़ की लागत से 538 किलोवाट का रूफ टॉप पैनल लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिमाचल को टीबी मुक्त करने के लिए एम्स से 100 किलोमीटर के दायरे में ड्रोन के माध्यम से सैंपल इकट्ठे किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि धर्मपुर टीबी संस्थान से टीबी के लिए सैंपल इकट्ठे कर एम्स पहुंचाया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन और एम्स प्रशासन द्वारा सभी औपचारिकताओं को पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि एम्स के शुरू होने से अब तक एम्स द्वारा 5 लाख से ज्यादा ओपीडी की गई है इसके अतिरिक्त 35000 लोगों को दाखिल कर इलाज किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिलासपुर में 38 विभाग लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है जिसमें 17 स्पेशलिस्ट और 13 सुपर स्पेशलिस्ट सहित 690 बिस्तर की सुविधा मरीजों अभी को दी जा रही। प्रदेश के नाहन, हमीरपुर, चंबा और मंडी के मेडिकल कॉलेज को एम्स के साथ हैंड हॉल्डिंग के रूप में अटैच किया जाएगा।

इन मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक कुछ समय के लिए बिलासपुर एम्स में आएंगे और एम्स की आधुनिकता और यहां के विशेषज्ञों से काफी कुछ सीखकर अपने-अपने मेडिकल कॉलेजों में इसको इंपलिमेंट करेंगे।

जेपी नड्डा ने बिलासपुर एम्स का भी पूरा ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर को बिलासपुर एम्स को चले हुए दो साल पूरे होने जा रहे हैं। दो सालों के भीतर एम्स बिलासपुर में पांच लाख मरीजों का इलाज किया जा चुका है साथ ही यहां पर आईपीडी में 35 हजार मरीजों को इलाज हुआ है। साथ ही वर्तमान में एम्स में 38 विभाग कार्यरत हैं। एम्स में कुछ अन्य विभागों को भी जोड़ने का कार्य जल्द शुरू होगा।

### एम्स में शुरू हुई किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा

शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा को शुरू किया। साथ ही उन्होंने यहां पर पहली बार की गई किडनी ट्रांसप्लांट मरीज से भी मुलाकात की। जेपी नड्डा ने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 2 हजार करोड़ रूपये का बजट रखा गया है। जिसके तहत प्रदेश के मरीजों को इसका अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पहली बार इस तरह की सुविधा यहां पर मरीजों को मिली है और भविष्य में इसका प्रदेशवासियों को इसका अधिक लाभ मिलेगा।

## अवैध रूप से दवाइयां बेचने पर 3 साल की सजा

**बीबीएन।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नालागढ़ अभय मंडयाल की अदालत ने ड्रग्स व कॉस्मेटिक एक्ट के एक मामले में दोषी को 3 साल कैद व एक लाख बीस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। उप जिला न्यायवादी देवेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि 6 अप्रैल 2012 को एएसआई सुभाष, ड्रग इंस्पेक्टर अनूप शर्मा, हेड कांस्टेबल सीता राम व नसीब चंद की टीम ने टोल बैरियर बद्दी पर औचक निरीक्षण के दौरान एक गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें से एलोपैथिक दवाइयां बरामद हुई।

जब ड्रग इंस्पेक्टर अनूप शर्मा द्वारा आरोपी ललित से एलोपैथिक दवाओं के संदर्भ में ड्रग्स लाइसेंस पेश करने को कहा गया और आरोपी ललित कुमार शर्मा अपना कोई भी मान्य ड्रग्स लाइसेंस पेश न कर सका और न ही उक्त दवाओं की खरीद से सम्बधित कोई रिकॉर्ड पेश कर पाया, जिसके पश्चात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।

# सड़क परियोजनाओं के लिए 293 .36 करोड़ मंजूर : अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**हिमाचल में विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिए सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के अंतर्गत खर्च होंगे करोड़ों रुपए**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल में विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिए सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के अन्तर्गत हिमाचल में सड़कों और एक उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 293.36 रुपए करोड़ की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का हार्दिक आभार प्रकट किया है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल में बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए सदा प्रतिबद्ध रहे हैं। केंद्र सरकार सरकार द्वारा सीआरआईएफ के अंतर्गत देवभूमि हिमाचल के जिला शिमला, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा और मंडी में तीन सड़कों और ब्रिज के लिए कुल 293.36 रुपए करोड़ की मंजूरी अभिनंदनीय है। यह मंजूरी प्रदेश में विकास, पर्यटन रोजगार-स्वरोजगार को बढ़ावा देगी। मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सुजानपुर टीहरा से संधोल सड़क के अपग्रेडेशन को 41.10 करोड़ की मंजूरी व नवगांव बेरी सड़क के इंप्रूवमेंट और अपग्रेडेशन के लिए 79.25 करोड़ की राशि स्वीकृति, शिमला के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत ननखड़ी में टिक्कर-जरोल-खमाड़ी सड़क के अपग्रेडेशन की 54.87 स्वीकृति, कांगड़ा जिले के तहत हवाल, हरसर, देहरी, पनैथ, घा जरोई नगरोटा सूरियां बेरियल से देहरा ज्वाली सड़क, जेच खड्ड पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण को 86.36 करोड़ की स्वीकृति, जिला मंडी में करसोग विधानसभा क्षेत्र के तहत बखरोट-करसोग-सनारली-सैंज सड़क मार्ग के अपग्रेडेशन के लिए 31.80 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है।



केंद्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री माननीय नितिन गडकरी के साथ अनुराग ठाकुर।

## डॉ . शांडिल ने शमरोड़ में किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत शमरोड़ के धर्जा में सात लाख रुपए की लागत से विधायक क्षेत्रीय विकास निधि के तहत अम्बड़ से बांदली मार्ग तथा 6 लाख रुपए की लागत से राजकीय उच्च विद्यालय धर्जा के दो कमरों का लोकार्पण किया।

डॉ. शांडिल ने कहा कि युवाओं को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोल रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार स्कूलों में चरणबद्ध तरीके से अध्यापकों के रिक्त पदों को भी भर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोज़गार प्रदान करने के उद्देश्य से व्यावसायिक व भविष्योन्मुखी पाठ्यक्रम आरम्भ किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर गांव से ग्रामीणों के घरों तक सड़कें पहुंचाने का कार्य कर रही है । प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण तथा लागत को कम करने की दृष्टि से प्लास्टिक वेस्ट को उपयोग में लाकर सड़कों का निर्माण करने पर भी कार्य कर रही है।

**राजनीति**

## बैठक में मौजूदा हालात का 'ठीकरा' अध्यक्ष और विधायक पर फोड़ा

# सत्ता में अनदेखी पर सुजानपुर में कांग्रेसी 'असंतुष्ट'

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के भीतर इन दिनों जबरदस्त हलचल हो रही है। जमीन से जुड़े हुए पुराने कांग्रेसी मौजूदा हालात से बड़ी तादाद में नाराज चल रहे हैं। 'असंतुष्ट' होकर इन्होंने शुक्रवार को एक निजी होटल में बैठक कर ली, जिसमें जमकर गुबार निकला।

बैठक में मौजूदा हालात पर जो कुछ चल रहा है, उसका 'ठीकरा' अध्यक्ष और विधायक पर फोड़ा है। बैठक में इन कांग्रेसियों ने अब फैसला लिया है कि हालात बिगड़ चुके हैं।

इसलिए मुख्यमंत्री से मिलकर सुजानपुर के धरातल की वास्तविक स्थिति उन्हें बता दी जाए। क्योंकि जिन्होंने विधानसभा उपचुनाव के समय घर-घर जाकर वोट मांगे, उनकी अनदेखी शुरू हो चुकी है। केवल दो ही व्यक्ति यहां पर ऐसी हुकूमत पर सवार हैं। जिससे परंपरागत पुराने कांग्रेसी बेहद नाराज हैं। उन्होंने एक पत्र भी मुख्यमंत्री को भेजने का फैसला लिया है। (अनंत ज्ञान)

### पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े तीन चुनाव हारी कांग्रेस

**बैठक** में इस बात की भी चर्चा हुई कि लगातार पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े हुए तीन चुनाव पिछले कुछ समय में कांग्रेस हार गई इसकी वजह भी यही दो लोग हैं। जिला परिषद में भी पुराने कांग्रेसियों को पूछा नहीं गया और चुनाव हरवाकर अब चैन की नींद सो गए हैं।

इससे पहले सुजानपुर में स्थानीय निकाय के चुनाव में भी अध्यक्ष को लेकर जो अदला-बदली हुई, उसमें कांग्रेस को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। उसके बाद वार्ड नंबर 7 के चुनाव में भी इन्हीं की नीति की वजह से कांग्रेस चुनाव हार गई। अहम बात यह है कि इस बैठक में कई ऐसे नेता भी मौजूद थे, जो अच्छे पदों से सेवानिवृत हुए हैं, और अब खुद को अनदेखी की स्थिति में पा रहे हैं। इसीलिए यह सभी आज इकट्ठे हुए थे।

बैठक में मौजूद कुछ लोगों ने इस संवाददाता को बताया कि पूरे क्षेत्र में डेढ़ सौ से 200 ऐसे प्रमुख कांग्रेसी हैं, जिनकी अनदेखी हो रही है। जबकि वे पार्टी का यहां पर आधार हैं। यदि उन्हीं की अनदेखी होगी, तो फिर पार्टी का ढांचा मजबूत कैसे होगा? वह भी तब, जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार हो और जिले के मुख्यमंत्री।

### लोगों के साथ बैठकर बात की जाएगी : विधायक

उधर विधायक कै रणजीत सिंह का कहना है कि यदि किसी को कोई गिला शिकवा हो तो वे उनसे मिल सकते हैं और अगर ऐसा है तो लोगों के साथ बैठकर बात की जाएगी। क्योंकि हमारा मुख्य लक्ष्य विधानसभा क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करना है। उधर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने भी इस तरह की बैठक पर किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार किया।

### सुजानपुर कांग्रेस के भीतर माहौल गर्म

दरअसल सुजानपुर में विधायक कैप्टन रणजीत राणा और अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा है। अब क्योंकि इस क्षेत्र में पिछले विधानसभा उपचुनाव में बड़ा उल्टफेर हुआ था। कै. रणजीत सिंह भाजपा की विचारधारा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए। हालात ऐसे बने कि वे चुनाव जीत गए।

क्योंकि उपचुनाव में कांग्रेस के विधायक रहे भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े और वह चुनाव हार गए। इसी की वजह से सुजानपुर में भाजपा हो या कांग्रेस दोनों में अजीबोगरीब माहौल है। कांग्रेस की प्रदेश में सत्ता है, इसलिए वहां पर हालात का ज्यादा पता चलना शुरू हो गया है। सत्ता में यदि कार्यकर्ताओं की अनदेखी होगी, तो फिर कोई न कोई तो निशाने पर होगा। यही वजह है कि सुजानपुर कांग्रेस के भीतर माहौल गर्म है और देखना यही है कि आने वाले दिनों में यहां पर होता क्या है?

# एचआरटीसी बस से बाइक की टक्कर, दंपती सहित तीन की मौत

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**




हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। शादी से घर लौट रहे पति-पत्नी सहित एक अन्य युवक की नगरोटा बगवां के साथ लगते ठानपुरी में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे के समय तीनों लोग एक बाइक पर सवार थे। इसी दौरान उनकी बाइक सामने से आ रही एचआरटीसी बस के साथ टकरा गई। वहीं पुलिस ने मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार रात को ठानपुरी में छिंदे दा ढाबा के पास एक बाइक आगे चल रही स्कूटी को ओवरटेक करते हुए एचआरटीसी की बस से टकरा गई।

बाइक पर एक महिला सहित दो व्यक्ति सवार थे। हादसे के बाद इनमें से एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया तथा अन्य दो सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए टांडा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दोनों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान गुलशन (34) पुत्र खुशी राम, सुमन देवी (32) पत्नी गुलशन कुमार और राकेश (40) पुत्र धर्म सिंह निवासी सदरपुर डाकघर टांडा के रूप में हुई है। वहीं, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक टांडा अस्पताल में वार्ड ब्वॉय का काम करते थे और एक ही गांव के रहने वाले थे। वहीं, हादसे में मारे गए दंपति का 10 महीने का बेटा पीछे छूट गया है। यह अपने बच्चे को दादी के पास छोड़कर शादी में गए थे, लेकिन लौटते वक्त हादसा हो गया।

इस मामले की की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर चमन ने बताया कि, 'पुलिस थाना नगरोटा बगवां में देर रात सूचना मिली कि एक बाइक की बस से जोरदार टक्कर हो गई है। इस सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### छह महीने के बाद फिर भेड़ी लौटा डाकघर



**अनंत ज्ञान, गगल।** एयरपोर्ट के साथ लगते गांव कुठमां, बेंटलू, सनोरा और बैदी के लिए 1942 से डाक सेवाएं दे रहे गांव भेड़ी के डाकघर को बदलने पर ग्रामीण भड़क उठे थे। ग्राम पंचायत के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान रवि तथा पूर्व पंचायत प्रधान कैलाश राणा की अध्यक्षता में डाक विभाग मंडल देहरा के अधीक्षक बलवीर चंद्र से भेंट करके उनसे मांग की कि इस डाकघर को पुनः गांव भेड़ी में ही लाया जाए। बता दें कि डाकखाना भेड़ी के जर्जर भवन की हालत को देखकर 6 महीने पहले इसे साथ लगते गांव बैदी में शिफ्ट कर दिया था। ग्रामीणों के प्रयासों से इसे भेड़ी में बने नए भवन में पूजा-अर्चना करके विधिवत शुरू किया गया। ग्रामीणों ने अब राहत की सांस ली है।

### बीड़ में 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बीड़ में हिमाचल प्रदेश फॉरेस्ट इकोसिस्टम क्लाइमेट प्रूफिंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर पूरा हुआ। इसमें 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें चीड़ की पत्तियों के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के उत्पादों की प्रशिक्षण दिया गया। प्रॉजेक्ट के द्वारा जो भी यह ट्रेनिंग दी गई और महिलाओं ने इसमें भाग लिया की जो भी चीड़ की पत्तियों के द्वारा अच्छे-अच्छे उत्पाद तैयार करने का एक अलग तरीके से प्रशिक्षण दिया गया ।इसमें प्रॉजेक्ट मैनेजर ट्रैनिंग एंड कैपिसिट बिल्डिंग डाक्टर पंकज भल्ला धर्मशाला, बीड़ रेंज ऑफिसर पवन कुमार, आईटीसीओ हमीरपुर ब्रांच मैनेजर रूपलाल परमार, बबिता , बीड़ के प्रधान सुरेश ठाकुर , परियोजना कर्मचारी भावना, प्रशिक्षण अध्यापिका अंबालिका आदि उपस्थित थे।

### 23-24 अक्तूबर को होगा हिम फिल्मोत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिम सिने सोसायटी धर्मशाला में हिम फिल्मोत्सव-2024 का आयोजन 23-24 अक्तूबर को करने जा रही है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रख्यात फिल्म निर्देशक सुदिप्तो सेन (केरल स्टोरी) व प्रशांत रंजन (फिल्म समीक्षक) सहित कई विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। इस महोत्सव का उद्देश्य हिमाचल की कला संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन करना है। इस फिल्मोत्सव में नवोदित फिल्मकारों की हिमाचल संस्कृति, देव परंपरा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सरोकार से संबंधित 16 विषयों पर पूरे भारत से फिल्मकारों की फिल्में शामिल की जा रही हैं। आयोजन के नियमों में संशोधन करते हुए अवगत करवाया जाता है कि कैंपस फिल्म की अवधि अधिकतम 20 मिनट, शॉर्ट फिल्म अधिकतम अवधि 25 मिनट एवं डॉक्युमेंटरी फिल्म की अवधि अधिकतम 45 मिनट रहेगी। फिल्म प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 10 अक्तूबर है। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि फिल्म विधा से जुड़े फिल्मकारों को मंच प्रदान करने के लिए यह प्रयास महत्वपूर्ण कदम है।

# बैजनाथ-पपरोला के मुख्य चौराहों पर रहेगा तीसरी आंख का पहरा

## सांसद इंदु गोस्वामी ने सीसीटीवी कैमरों के लिए जारी किए साढ़े 23 लाख रुपए

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

थाना क्षेत्र बैजनाथ के तहत बैजनाथ-पपरोला के मुख्य चौराहों की हर हरकत पर तीसरी आंख का पहरा होगा। यहां लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरा के तहत टाशी जोंग, अंद्रेटा रोड, चाबीन चौक, सेहल रोड और धानग रोड सहित मुख्य चौराहों पर एएनपीआर (ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर कैमरे) लगाए जाएंगे। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज कपूर और पार्षद अमित कपूर ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा एक मुश्त साढ़े 23 लाख रुपए जारी करने के लिए उनका आभार जताया है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज कपूर ने कहा कि अध्यक्ष बनने के तुरंत बाद उन्होंने बढ़ती हुई चोरी की वारदातों और हिट एंड रन मामलों



**धनराशि जारी करने के लिए डीएसपी व व्यापार मंडल ने जताया आभार**

के मद्देनजर समूचे बाजार को सीसीटीवी कैमरा से लामबंद किए जाने की मांग रखी थी, जिसे राज्यसभा सांसद ने सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की थी। हाल ही में व्यापार मंडल की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस प्रशासन से मिला था और बाजार में सुरक्षा की दृष्टि से इस तरह के कैमरे लगाए जाने की मांग दोहराई थी, जिसके एवज में डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा के नेतृत्व में एक सामूहिक प्रस्ताव बनाकर राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी को प्रेषित किया था। इसे तुरंत मंजूरी प्रदान करते हुए एकमुश्त राशि जारी की गई है। वहीं, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज कपूर कहा कि व्यापार मंडल अध्यक्ष बनने के तुरंत बाद उन्होंने व्यापारियों से एक बैठक की थी, जिसमें व्यापारियों ने सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे लगाए जाने की मांग की थी। इस मांग को उन्होंने राज्यसभा सांसद को प्रेषित किया, जिसे मंजूरी मिल चुकी है। (अनंत ज्ञान)

**जरूरत पड़ने पर और राशि जारी की जाएगी**

**राज्यसभा** सांसद इंदू गोस्वामी ने कहा कि व्यापार मंडल और पुलिस प्रशासन की ओर से बैजनाथ और पपरोला के बाजारों के लिए आधुनिक कैमरे लगाए जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया था, जिसे मंजूरी दी जा चुकी है। निश्चित तौर पर सुरक्षा के लिए हाथ से ये कैमरे काफी कारगर साबित होंगे। यदि कैमरा के लिए और अधिक धन की आवश्यकता पड़ेगी तो वह और राशि भी जारी करेंगी।

# बगली में मोड़ पर खड़ा ट्रक दुर्घटनाओं को दे रहा न्योता



बगली रोड पर तीखे मोड़ पर खड़ा जला हुआ ट्रक।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा के साथ लगते गांव बगली में मोड़ पर एक ट्रक, जोकि पूरी तरह से जला हुआ है, काफी दिनों से यहां खड़ा देखा जा रहा है। बगली चौक से महज कुछ ही दूरी पर जहां यह ट्रक खड़ा है वह रोड कांगड़ा व मसरेड़ को जोड़ता है। इस तीन रास्तों को जोड़ने वाले इस रोड पर इस तीखे मोड़ पर खड़ा यह ट्रक दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। यहां से प्रतिदिन गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालकों के लिए खड़ा यह ट्रक सिरदर्द बना हुआ है। हालांकि ट्रक में कोई भी नंबर प्लेट व अन्य कोई पहचान नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि आखिर यह ट्रक है किसका। स्थानीय लोगों से जब इस बाबत बात की गई तो उनका कहना है की उन्हें भी नहीं मालूम कि आखिर इस जले हुए ट्रक का मालिक कौन है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस जले हुए ट्रक को तुरंत यहां से हटाया जाए नहीं तो यहां पर कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

इस संदर्भ में गगल पुलिस चौकी के एएसआई भूपी राम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उक्त मामला उनके ध्यान में आया है। जांच की जा रही है वजल्द ही इस जले हुए ट्रक को वहां से हटा दिया जाएगा।

# सुनेहत में कार-स्कूटी में भीषण भिड़ंत

## हादसे में दंपती बुरी तरह घायल, गंभीर हालत में टांडा अस्पताल रेफर

**अनंत ज्ञान, गरली**

नेशनल हाइवे पर सुनेहत में वीरवार देर शाम अचानक कार व स्कूटी के बीच भीषण टक्कर होने का मामला सामने आया है। हादसा इतना जबरदस्त था कि स्कूटी के जहां बुरी तरह परखचे उड़ गए तो कार को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इस हादसे में स्कूटी पर सवार पति-पत्नी बुरी तरह लहूलुहान हो गए। जानकारी के अनुसार इस हादसे मे जहां 48 वर्षीय पूर्ण चंद के सिर-बाजू व शरीर के अन्य हिस्सों में गहरे जख्म हुए हैं तो उनकी पत्नी संदेश कुमारी की एक टांग फ्रैक्चर है व शरीर के अन्य हिस्सों में गहरे जख्म बताए जा रहे हैं। खून से बुरी तरह लथपथ हुए पति-पत्नी को उपचार हेतु पहले स्थानीय सिविल अस्पताल देहरा पहुंचाया गया,



लेकिन दोनों की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। पूर्ण चंद की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पूर्ण चंद अपनी पत्नी के साथ गांव कथोग से अपने घर मुबारकपुर जा रहा था कि सामने से आ रही कार एचपी 83 8909 से टकरा गए। कार पहले सड़क पर पलटी फिर सामने से आ रही उनकी स्कूटी से टकरा गई। बताया जा रहा है कि कार में पांच लोग सवार थे, वे सभी डाडासीबा में किसी रिस्तेदार के यहां कार्यक्रम अटेंड कर वापस अपने घर अद्दे दी हट्टी जा रहे थे।

# सड़क पार करते व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एक टैक्सी की चपेट में आने से एक बिहार मूल के व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सड़क पार करते हुए एक व्यक्ति को कार ने टक्कर मार दी। बिहार निवासी व्यक्ति की इस भयानक टक्कर में मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक कार भगा कर निकल गया। जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह करीब 6:20 बजे सिद्धबाड़ी बाजार में एक स्विफ्ट डिजायर, टैक्सी नंबर एचपी 01डी-9020 धर्मशाला की ओर से तेज गति से आई और टक्कर मार दी। बिहारी मूल का शिवा नाम का व्यक्ति इस दौरान सड़क पार कर रहा था और उसके बाद टैक्सी चालक गाड़ी लेकर भाग गया। जोरदार टक्कर से उपरोक्त




**पुलिस ने दर्ज किया हिट एंड रन का मामला**

व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना को लेकर स्विफ्ट डिजायर के चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस और 187 एमवी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

उधर, मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना धर्मशाला के एसएचओ नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### राधा कृष्ण मंदिर केदारा में भागवत कथा 7 अक्तूबर से

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव के राधाकृष्ण मंदिर केदारा में पूर्व विद्यार्थी संघ की सदस्य प्रेक्षा देवी पत्नी सुरेंद्र पाल शर्मा द्वारा 7 से लेकर 13 अक्तूबर तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा करवाई जा रही है। कथावाचक पंडित संदीप शर्मा भवारना वाले अपनी मधुर वाणी से अमृत वर्षा करेंगे। सात अक्तूबर सुबह 10 बजे कलशयात्रा निकाली जाएगी। इस बीच कथा श्रवण करने का समय दोपहर 1:30 से लेकर सायं 4:30 बजे तक होगा। कथा के अंतिम दिन यानी 13 अक्तूबर को सुबह हवन-यज्ञ किया जाएगा, तदोपरांत पूर्णाहुति दी जाएगी। संगत में प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस दिन दोपहर को भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में कांगड़ा का रहा शानदार प्रदर्शन

## विजेता खिलाड़ियों को जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ करेगा सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कुल्लू में हाल ही में संपन्न हुई राज्य स्तरीय अंडर-11 एवं अंडर-13 बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा का शानदार प्रदर्शन रहा। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि यह पहली मर्तबा है कि अंडर-11 एवं अंडर-13 वर्ग की प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा ने काफी मेडल झटके हैं।



अंडर-13 लड़कों के एकल मुकाबले में जिला कांगड़ा के राजवीर सिंह राणा पहले स्थान पर, कांगड़ा के ही तक्ष महाजन दूसरे स्थान पर तथा कांगड़ा का ही तन्मय आर्या तीसरे स्थान पर रहा। अंडर-13 लड़कों के युगल मुकाबले में कांगड़ा जिला की जोड़ी राजवीर सिंह राणा एवं तन्मय आर्या पहले स्थान तथा हर्षिल सिंह पठानिया एवं हर्षवर्धन ठाकुर की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। अंडर-11 लड़कों के एकल मुकाबले में जिला कांगड़ा का आरिव महाजन दूसरे स्थान पर रहा। युगल मुकाबले में जिला कांगड़ा की आरव महाजन एवं दर्श चौरसिया की जोड़ी दूसरे स्थान पर रही। अंडर-11 लड़कियों के एकल मुकाबले में जिला कांगड़ा की आराध्या चौधरी दूसरे स्थान पर रही।

युगल मुकाबले में कांगड़ा जिला की आराध्या चौधरी एवं ऊना की निहारिका चौधरी की जोड़ी पहले स्थान पर रही। अंडर-13 लड़कियों के एकल मुकाबले में जिला कांगड़ा की वैष्णवी सिंह पठानिया तीसरे स्थान पर रही तथा अंडर-13 लड़कियों के युगल मुकाबले में जिला कांगड़ा की प्रिया शर्मा एवं राव्या धीमान की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। संघ के महासचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जितने भी बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया है वह उनकी मेहनत का नतीजा है। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ आने वाले समय में इन सभी विजेता खिलाड़ियों को जिला स्तर पर सम्मानित करेगा।

# डीएलएड सीटों के लिए चौथे चरण की काउंसिलिंग 8 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) कोर्स सत्र 2024-2026 के लिए सरकारी डाइट्स एवं मान्यता प्राप्त निजी शिक्षण सस्थानों की सीटों के आवंटन की प्रक्रिया के अंतर्गत



तीसरे चरण की काउंसिलिंग के उपरान्त शेष बची सीटों के आवंटन हेतु चौथे चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया 8 अक्तूबर को प्रात: 10 बजे से बोर्ड मुख्यालय में आयोजित करवाई जा रही है।

बोर्ड के सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि इसके लिए प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त मेरिट के अनुसार काउंसलिंग प्रक्रिया हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची एवं सीटों की श्रेणीवार सारणी बोर्ड की साइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को निर्देश दिए जाते है कि वे बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध तिथिवार सूची अनुसार ही बोर्ड मुख्यालयपहुंचे तथा बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध सूचनाओं का अवलोकन करते रहें। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध बायो डाटा फॉर्म को भरकर तथा समस्त मूल शैक्षिणिक प्रमाण पत्र, हिमाचली मूल निवास प्रमाण पत्र तथा आरक्षित श्रेणी/उप श्रेणी, अन्य संबंधित प्रमाण पत्रों आदि के साथ इन की सत्यापित छायाप्रतियां भी साथ लाना सुनिश्चित करें। आरक्षित सीटों के लिए आवश्यक प्रमाणपत्रों/ शपथपत्रों के नमूने / दिशानिर्देश अलग से बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध है तदानुसार इन दस्तावेजों को सक्षम अधिकारी से सत्यापित करवा कर लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष 01892-242192, 242122, 242135 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### जिसे बनना था मां-बाप का सहारा, उसे नशा मुक्ति केंद्र भेजने की गुहार

# साहब! सुरक्षित नहीं हमारा नशेड़ी बेटा, इसे नशा मुक्ति केंद्र भेजो

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कहते हैं औलाद, मां-बाप के बुढ़ापे का सहारा होती है। वहीं कई बार खुद सहारा मिलने की जगह बच्चों की सुरक्षा की चिंता ताउम्र बुजुर्ग मां-बाप को रहती है। ऐसा ही मामला धर्मशाला पुलिस थाने में पेश आया जहां जवाली क्षेत्र के सोल्धा के एक नशेड़ी युवक को लेकर परिजन थक-हारकर पुलिस की शरण में पहुंचे। जानकारी के अनुसार बचपन से ही गलत संगत में पढ़ने के कारण उक्त युवक नशों का आदि हो गाय था। इसके बाद होटल लाइन में नौकरी करने के बाद भी वह नशे के जाल से नहीं निकल पाया तो परिवार ने भी समझाया। लेकिन अब बात इतनी बिगड़ चुकी थी कि घर वालों को बेटे से सुरक्षा मिलने की जगह बेटे की रक्षा के लिए थाने की शरण




लेनी पड़ी। लिहाजा बुजुर्ग मां बाप की व्यथा सुनने के बाद तथा बेटे को नशा निवारण केंद्र में भेजने की दंपती की मांग को लेकर पुलिस अब परिवार को अदालत में पेश करेगी।

उधर, परिजनों से जुड़ी कागजी कार्य निपटाने के बाद अब पुलिस उक्त युवक को कोर्ट में पेश करेगी। वहीं कोर्ट से निर्णय होने के बाद उक्त युवक को नशा निवारण केंद्र भेजा जाएगा ताकि वहां से वो नई जिंदगी की शुरुआत कर सके। अनंत ज्ञान से बातचीत में उक्त युवक की मां ने बताया कि पिछले दिनों भी उसके साथ मारपीट हुई थी तथा इसके चलते नशेड़ी बेटे की सुरक्षा की जनता हमेशा सड़ती रहती है उन्होंने पुलिस से गुहार लगाई की उनके बेटे को नशा मुक्ति केंद्र भेजा जाए ताकि वह फिर से नई जिंदगी शुरू कर सके। (अनंत ज्ञान)

**अदालत के निर्देशों के अनुसार होगी कार्रवाई**

**जब** इस बारे में पुलिस थाना धर्मशाला के एसएचओ नारायण सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस तरह का मामला थाने में आया था तथा उक्त नशेड़ी युद्ध को युवक को अब कोर्ट में पेश किया जाएगा तथा कोर्ट की दिशा-निर्देशानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# डरोह स्कूल का सुरक्षित भवन निर्माण का मॉडल सर्वश्रेष्ठ



**राकेश डोगरा, डरोह**

पीएम श्री उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डरोह में शुक्रवार को सुरक्षित भवन निर्माण मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया गया। इसमें एसडीएम धीरासलीम आजम, बीडीओ सुलह स्थित भेड़ूमहादेव योगिंद्र कुमार एवं स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार अत्री ने जज के रूप में शिरकत की।

प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डरोह ने प्रथम स्थान, राजकीय उच्च विद्यालय लोअर खैरा द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलोह ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके साथ-साथ आपदा प्रबंधन योजना के तहत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्यारवां प्रथम, डरोह द्वितीय, लोअर खैरा स्कूल तृतीय, धीरा स्कूल चौथे एवं राजकीय उच्च विद्यालय उस्चर ने पांचवां स्थान हासिल किया। चयनित विद्यालय के बच्चे तमन्ना, आयुषी और आकांक्षा जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए 5 अक्तूबर को राजकीय उच्च विद्यालय सिद्धबाड़ी में भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)

### एक तारीख को पेंशन नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश पेंशनर एसोसिएशन जिला कांगड़ा ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष सुरेश ने कहा कि पेंशनरों को एक तारीख को पेंशन प्रदान नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि वेतन व पेंशन फंड अलग से निर्धारित किया जाता है, बावजूद समय पर इसका भुगतान नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि अब कर्मियों व पेंशनरों को डर सता रहा कि आने वाले समय में उन्हें वंचित भी रहना पड़ सकता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक तारीख को पेंशन नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिए जाने की स्थिति में मंत्रियों व विधायकों का घेराव करने की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि एजी कार्यालय में पेंशन के 37 हजार केस अभी तक लंबित हैं, 12 फीसदी डीए अभी तक नहीं मिल पाया है। पेंशनर्स को महंगाई भत्ता दिवाली को तीन किस्तों का नहीं मिल पाता है तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### थुरल कॉलेज में पीटीए की नई कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में 4 अक्तूबर को अध्यापक अभिभावक संघ की आम सभा की बैठक महाविद्यालय के प्राचार्य कमल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सत्र 2024-25 के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सुनील कुमार गौतम प्रधान, सीमा कुमारी उप प्रधान, प्रो. संजीव कुमार शर्मा सचिव, सुमिता देवी कोषाध्यक्ष, सीमा देवी को वरिष्ठ सलाहकार चुना गया। प्राचार्य प्रो. कमल कुमार ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी और कहा कि नई कार्यकारिणी महाविद्यालय के विकासात्मक कार्य में अपना सहयोग पहले की भांति भविष्य में भी प्रदान करती रहेगी। इस बैठक में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. रवि सिंह पालसरा, प्रो. लेखराम नेगी, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. विशाल, प्रो. पवन राणा, प्रो. नविता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### टीबी मरीजों को वितरित की पोषण किट्स

**धर्मशाला।** धर्मशाला में आयोजित निक्षय मित्र सम्मान समारोह में डीजीएम सर्कल हेड पीएनबी संजय धर व सीनियर मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक वीरेंद्र शर्मा द्वारा टीबी के साथ जी रहे 11 व्यक्तियों को पोषण किट्स वितरित की गईं। इस दौरान डिप्टी मिशन डायरेक्टर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. गोपाल बेरी ने प्रदेश में चलाई गई गतिविधियों को लेकर प्रकाश डाला गया। सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति व विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में दी जा रही सुविधाओं से अवगत कराया।

**स्वास्थ्य**

### नीति अयोग के सदस्य ने धर्मशाला में आयोजित निक्षय मित्र सम्मान समारोह की अध्यक्षता की

# टीबी उन्मूलन में कांगड़ा प्रशासन के प्रयास सराहनीय : डॉ. विनोद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नीति अयोग सदस्य डॉ. विनोद पॉल ने जिला कांगड़ा में टीबी उन्मूलन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कांगड़ा प्रशासन की ओर से मंदिर न्यासों द्वारा टीबी के मरीजों को पोषण सहायता देना एक अनूठी पहल है। उन्होंने आज धर्मशाला में निक्षय मित्र सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। इस दौरान उपायुक्त हेमराज बैरवा भी उपस्थित रहे। डॉ. पॉल ने बताया कि टीबी की समस्या कुपोषण से जुड़ी हुई है। भारत में 55 प्रतिशत टीबी कुपोषण के कारण है। यदि




टीबी के रोगी को मनोसामाजिक सहायता और अच्छा पोषण मिले तो उसके जल्दी ठीक होने की संभावना अधिक हो जाती है। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र योजना टीबी के मरीजों का मनोबल बढ़ाने की एक अच्छी पहल है। डॉ पॉल जो स्वयं निक्षय मित्र हैं, उन्होंने सभी से अपील की कि टीबी को हराने के लिए जन भागीदारी में सब आगे आएं। उन्होंने बताया कि संतुलित व पौष्टिक आहार न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है, बल्कि दवाओं के असर को भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर संतुलित आहार को अपनाएं और टीबी को मात दें।

**मंदिर न्यासों की मरीजों को सहायता अनूठी पहल**

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने कहा कि टीबी उन्मूलन को लेकर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। कांगड़ा में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत 1087 टीबी के साथ जी रहे व्यक्तियों ने सहायता के लिए सहमति दी है, जिसमें से सितंबर माह में 672 रोगियों को निक्षय मित्रों द्वारा मनोसामाजिक व पोषण सहायता दी गई। इस कड़ी में जिला कांगड़ा के मंदिर नयासों द्वारा मरीजों को मदद करना एक महत्वपूर्ण पहल है। बगलामुखी मंदिर, ज्वालामुखी मंदिर ट्रस्ट और ब्रजेश्वरी मंदिर द्वारा 30 मरीजों को निक्षय पोषण किट्स दी गई। वहीं श्री राम गोपाल मंदिर इंदौरा द्वारा 20 मरीज तथा प्राचीन शिव मंदिर काठगढ़ द्वारा 10 मरीजों को निक्षय पोषण किट्स वितरित की गई।

# बज्रेश्वरी मंदिर में दूसरे नवरात्र पर भी लगा मां के भक्तों का तांता

## हजारों श्रद्धालुओं ने किए माता रानी के दर्शन, सुरक्षा-व्यवस्था के लिए 45 सुरक्षा कर्मचारी तैनात, सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

श्री बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर के कपाट खुलते ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु टोलियों बनाकर डोल-नगाड़े बजाते हुए मंदिर में पहुंचे। इन नवरात्र में मंदिर प्रशासन ने भी खूब तैयारियां कर रखी हैं।





मंदिर में सफाई-व्यवस्था के लिए सफाई कर्मचारी पूरी तरह से लगे हुए हैं। वहीं, मंदिर में पीने के लिए पानी की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए लाइनों में कालीन बिछाए गए हैं। बरसात से बचने के लिए मंदिर में कीनोपी शेड बनाए गए है। मंदिर को पूरी तरह से विदेशी फूलों से सजाया गया है। वहीं, मंदिर में लंगर भवन में भी साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की प्रॉपर चेकिंग के बाद ही प्रवेश हो रहा है। मंदिर में चारों और सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। मंदिर में तीन टाइम लंगर की व्यवस्था है, जिसमें सुभा को नाश्ता भी है। सफाई के लिए मंदिर प्रशासन ने 32 कर्मचारियों को रखा है। वहीं मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 45 सुरक्षा कर्मचारी मंदिर में तैनात हैं।

जानकारी देते हुए मंदिर अधिकारी नीलम राणा ने बताया की पहले नवरात्र में मंदिर में लगभग 6 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। वहीं, पहले नवरात्र में मंदिर में 10 लाख 70 हजार 236 रुपए मां के दरबार में चढ़ाए गए। उन्होंने बताया की मंदिर प्रशासन ने शर्धालुओ के लिए रहने के लिए सराएं, लंगर व्यवस्था,पीने के पानी इत्यादि की पूरी व्यवस्था की गई है। मंदिर में दूसरे दिन भी भरी संख्या में यात्रियों ने दर्शन किए।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध हथियारों की सप्लाई करने पर 5 काबू

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट जिला पुलिस ने अपराधियों को अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले गिरोह के 5 आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों से कुल 4 पिस्टल 7.65 कैलीबर मेड इन जर्मन-फ्रांस, एक डब्बल बैरल 12 बोर गन और कुल 15 जिंदा कारतूस भी बरामद किए है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दीपक मल्होत्रा उर्फ सोरव निवासी प्रेम नगर ढाकी रोड पठानकोट, जोबनप्रीत सिंह उर्फ बिल्ला निवासी गौंसल कलानौर जिला गुरदासपुर, पवन कुमार उर्फ ऊट निवासी परवोचक्क थाना तारागढ़ पठानकोट, शाम निवासी पठानकोट, अजय भगत उर्फ काली अजय बाउंसर निवासी सैली कुलियां पठानकोट के रूप में हुई है।



### पोस्टर मेकिंग में शालिनी और अंकिता प्रथम

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों ने महात्मा गांधी और स्वच्छ भारत से संबंधित पोस्टर बनाए। इस प्रतियोगिता में शालिनी और अंकिता ने प्रथम स्थान, प्रतिभा ने द्वितीय स्थान तथा ईशा और रितिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान राजनीतिक शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ शैलजा ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को बताया कि महात्मा गांधी ने भारत की आजादी के अलावा और समाज में अहिंसा, लोगों को सत्य की राह दिखाने, समाज में हाशिए पर कर दिए गए लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने का हक दिलाने में भी बड़ी भूमिका निभाई।



### बैजनाथ में भरे जाएंगे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 4 पद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** रंजीत सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी बैजनाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र खास मझैराना (पंचायत मझैराना) ,पन्तेहड व खतरेहड(नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला), बाग ( पंचायत संसाल ) में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद और आंगनबाड़ी केंद्र पपरोला, खतरेहड, घिरथौली ( नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला),लंघू ( पंचायत गदियाड़ा), खोपा व नगेहड़ ( पंचायत वंडियां ), निचली कोहड़ ( पंचायत कोठी कोहड़), चौगान खास ( पंचायत चौगान) में आंगनबाड़ी सहायिका के पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए पात्र उम्मीदवार सादे कागज पर अपने संपूर्ण दस्तावेजों सहित 28 अक्तूबर शाम 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी बैजनाथ के कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं। आवेदन के लिए 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला उम्मीदवार ही पात्र होंगी।

### सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने की शिकायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल कर छवि खराब करने का एक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक चंबा जिला के भट्टियात के निवासी हैं। पहले दोनों एक साथ काम कर चुके हैं। बहरहाल शिकायतकर्ता युवक धर्मशाला के एक होटल में काम करता है, जबकि आरोपित चंडीगढ़ में काम करता है। शिकायतकर्ता होबार निवासी युवक पवन ने बताया कि धमकी देने वाले युवक ने उसके नाम से ही कोई स्कीम ली थी। इसके बाद पैसे मांगने पर उसने एक एफिडेविट देकर कंपनी को उसका नाम बदलकर आरोपित का नाम करने को कहा था। उसने बताया कि उसके बाद के घटनाक्रम के बारे में उसे जानकारी नहीं थी। वहीं कुछ समय से आरोपित युवक जो चंडीगढ़ में काम करता है, उसके खिलाफ सोशल मीडिया पोस्टें डाल रहा है तथा उसे धमकी भरे मैसेज भेज रहा है। ऐसा न करने को कहने के बावजूद आरोपित अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। इसके चलते शुक्रवार को पुलिस थाना पहुंचे युवक ने अपनी शिकायत पुलिस को दी। उधर, मामले की देख रहे एसआई विजय सिंह ने शिकायत पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस इस मामले में कारवाई कर रही है।

### केंद्रीय विवि में एक राष्ट्र, एक चुनाव पर डिबेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की डिस्कशन एंड डिबेटिंग सोसाइटी ने संकाय सदस्यों और शोधार्थियों के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव पर एक वाद-विवाद का आयोजन किया। इस वाद-विवाद का उद्देश्य छात्रों को देश में चल रही राजनीतिक गतिविधियों में शामिल करना और देश की राजनीतिक प्रणाली और संस्कृति की उनकी समझ को समृद्ध करना रहा। संकाय सदस्य डॉ. विमल कुमार कश्यप ने लोकतंत्र में चुनावों के महत्व पर भी जोर दिया और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। राजनीति विज्ञान के चार छात्रों रुखसाना भट्ट, पुष्पा राज, रवि रोशन रॉय और अर्चिता छिब्बर ने इस वाद-विवाद में भाग लिया।

# कांगड़ा में पार्षद अशोक ने किया रामलीला का शुभारंभ

## पहले दिन इंद्र दरबार, नारद मुनि की तपस्या दृश्यों का किया गया मंचन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

नगर परिषद मैदान कांगड़ा में श्री रामलीला सभा कांगड़ा द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला का शुभारंभ नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद अशोक शर्मा ने किया। रामलीला सभा कांगड़ा के अध्यक्ष अजय वर्मा व सदस्यों ने उनका स्वागत किया। रामलीला की शुरुआत भगवान श्री गणेश की आरती से की गई।

पहली रात्रि को इंद्र दरबार, नारद मुनि की तपस्या व अन्य दृश्यों का मंचन किया गया। अशोक शर्मा ने प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण कर जीवन का लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से युवा पीढ़ी को हमारी सभ्यता और संस्कृति से रू-ब-रू होने का मौका मिलता है। सभा के अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि कई वर्षों से श्री राम लीला सभा द्वारा श्री रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला के दौरान प्रत्येक रात को रामलीला प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें हर रोज दस विजेता बच्चों को पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चों को साधारण कागज पर उत्तर जमा करवाना होगा। रामलीला की अंतिम रात्रि को 51 बंपर पुरस्कार निकाले जाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक शर्मा ने रामलीला सभा को 3100 रुपए दान दिए। सभा के सदस्यों द्वारा मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।



श्री रामलीला का शुभारंभ करते पार्षद अशोक शर्मा। साथ हैं अन्य लोग।

इस मौके पर श्री राम लीला सभा के अध्यक्ष अजय वर्मा,उपाध्यक्ष राकेश मेहरा, दवेंदर शर्मा, राजेश, सोनू मेहरा, संजय कोच, संजीव गुप्ता, कृष्ण कुमार, अतुल चौधरी, मुकेश, विपिन, (डैनी) मनोज सहित अन्य सभा के सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# रामलीला के पहले दिन विश्व मोहिनी के स्वयंवर का मंचन

**अजय पाल, पंचरुखी**

पंचरुखी के धार क्षेत्र के मझेड़ा में शरद नवरात्रों के पहले दिन बतौर मुख्यातिथि पहुंचे जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत ढडवाल ने झंडा रस्म के साथ रामलीला मंचन का शुभारंभ किया। क्लब के सदस्यों ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। झंडा रस्म के बाद गणेश बंदना के साथ रामलीला को शुरू किया गया। रामलीला मंचन के पहले दिन विश्व मोहिनी के स्वयंवर के दृश्य को सभी कलाकारों ने बखूबी पेश किया। युवा रामलीला क्लब के प्रधान अटल देव ने बताया कि मझेड़ा में पिछले अठतीस वर्षों से धार क्षेत्र में एकमात्र करवाई जाने वाली रामलीला में स्थानीय लोगों का बहुत सहयोग रहता है।

रामलीला में हर रात भंडारे का अयोजन भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि चौथे नवरात्र को सीता स्वयंवर करवाया जाएगा, जिसमें हिमाचल के लोकप्रिय गायक धीरज शर्मा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहेंगे व अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। अटल ने क्षेत्र के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने का आग्रह किया। मुख्यातिथि ने अपनी तरफ से रामलीला क्लब को 11000 रुपए की नकद राशि भेंट की। इस मौके पर संजीव राणा, रणजीत सिंह, सुनीता देवी, रमेश चंद, ध्रुव देव, प्रदीप कौंडल, वीरेंद्र कुमार, अश्वनी कुमार, विनय कुमार, इकवाल व कुशल कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



# चक्की खड्ड में डूबे 12 वर्षीय ओजस का शव भी बरामद

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

चक्की दरिया में पूजा सामग्री बहाते समय डूब गए बाप-बेटे के शवों को जिला प्रशासन और एनडीआरएफ टीम ने बरामद कर लिया है। शहर की बसंत कॉलोनी के रहने वाले मृतक विनय महाजन का वीरवार को शव पानी से बरामद किया और शुक्रवार को 12 वर्षीय बच्चा ओजस महाजन का शव भी निकाल लिया है। हालांकि जहां बाप-बेटा डूबे थे, वे हिमाचल प्रदेश का एरिया आता है। पिछले कल पठानकोट प्रशासन और हिमाचल प्रशासन की तरफ से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था। मृतक विनय महाजन पेशे से दुकानदार था। जिला प्रशासन अधिकारी ने मौके पर पहुंच शव को पानी से निकलवा सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के परिवार में अकेली मां-बेटी ही रह गए है। दोनों मृतकों के डूब जाने का परिवार सदस्यों को तब पता चला जब स्कूटी दरिया किनारे खड़ी देखी। (अनंत ज्ञान)



## खैरा में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान बिजली बंद

डरोह। विद्युत लाइनों व उपकरणों के आवश्यक रखरखाव हेतु 33 केवी सब-स्टेशन खैरा-भौरा के अंतर्गत कोठी, पाहड़ा, मनियाड़ा तप्पा, ठंडोल, दत्तल, टिक्कर, खैरा, बाहे दा पट्ट, शिवनगर, जैंद, लाहट, रिट, पपलाह, कुरू, केलण, जालग, लंघा, सुभाषनगर, द्रमण, लाहड़ू, लदी, मल्ली, आरठ, डल्ली, भोडी, चठ, मोटू, पट्ट, बेहड़ू, सपेड़ू व टटरोला इत्यादि गांवों की विद्युत आपूर्ति शनिवार को सुबह 9 बजे से काम समाप्ति तक बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता ई. मयंक शर्मा ने दी।

# विश्व स्तर की नौकरियां घर-द्वार तक लाने का प्रयास कर रहे संजय पराशर: अपांडेकर

## मर्चेंट नेवी में युवतियों के करियर पर चिंतपूर्णी और ढलियारा में कराए सेमिनार

**शालिनी शर्मा, रक्कड़**

मर्चेंट नेवी की पढ़ाई के लिए प्रतष्ठित संस्थान ट्रेनिंग शिप रहमान, मुंबई से प्राचार्य व करियर विशेषज्ञ कैप्टन आशुतोष अपांडेकर ने कहा कि जसवां-परागपुर सहित पूरे प्रदेश में कैप्टन संजय पराशर युवाओं को उनके घर-द्वार पर ही विश्व स्तरीय नौकरियां लाने का सफल प्रयास कर रहे हैं और हजारों युवाओं के सपनों को पंख लगाकर पराशर ने यह प्रमाणित किया है कि निस्वार्थ भाव से यदि लक्ष्य तय किया गया हो तो उसके परिणाम सदैव सकारात्मक रहते हैं। शुक्रवार को ठाकुर कॉलेज ढलियारा चौक और राजकीय महाविद्यालय, चिंतपूर्णी में मर्चेंट नेवी में युवितयों के करियर के अवसर विषय पर आयोजित गाइडेंस सेमिनारों में अपांडेकर ने कहा कि आज क्षेत्र में महिलाएं खुद को साबित कर रही हैं। बड़ी बात यह भी है कि टीएस रहमान जैसा प्रतिष्ठित संस्थान मर्चेंट नेवी में पढ़ाई और रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। अपांडेकर ने कहा कि संजय पराशर रोजगार और महिला सशक्तीकरण को लेकर विजन के तहत कार्य कर रहे हैं। अगले वर्ष में युवतियों को मर्चेंट नेवी में अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध हों, इसके लिए रोड मैप तैयार किया गया है। इस बारे में युवतियों को अपने क्षेत्र में ही मर्चेंट नेवी के बारे में पर्याप्त जानकारी मिले और इस नौकरी को पाने के लिए बाहर की दौड़ न लगानी पड़े, इसी कारण संजय पराशर के सानिध्य में ऐसे मार्गदर्शन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कैप्टन आषुतोष अपांडेकर ने सेमिनार में करियर के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और मर्चेंट नेवी के महत्व, मर्चेंट नेवी में करियर की संभावनाएं और प्रवेश प्रक्रिया सहित तमाम पहलुओं पर प्रकाश डाला। (अनंत ज्ञान)



# कृषि मंत्री ने की इलाके की खुशहाली की कामना

## जवाली के शिव मंदिर में हवन यज्ञ और वार्षिक भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जल शक्ति विभाग डिवीजन जवाली में स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार को नवरात्र के उपलक्ष्य में अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा व समस्त स्टाफ द्वारा हवन यज्ञ व वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, अधीक्षण अभियंता विकास बख्शी भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। कृषि मंत्री ने हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली और इलाके में खुशहाली व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग के एसडीओ पवन कौंडल, बिजली विभाग के एक्शन विशाल अग्रवाल एसडीओ जसवीर सिंह,अनुभव धीमान अंकुश गोस्वामी मनु शर्मा अश्विनी चौधरी, संसार सिंह,वाइस चेयरमैन एवी पठानिया, देशराज पार्षद जगपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






## स्पोर्ट्स

### उपमुख्य सचेतक पठानिया ने रैत में छात्राओं की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ, बोले

# प्रदेश सरकार की खेल नीति खिलाड़ियों को करेगी प्रोत्साहित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार की नई खेल नीति का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि सुख की सरकार ने पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है। पुरस्कार राशि में वृद्धि खेलों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ने के साथ खेलों में उत्कृष्टता हासिल होगी तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिल सकेंगे। शुक्रवार को रावमापा रैत में छात्राओं की 4 दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर-19 मेजर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलते हुए अपने अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे तथा आगे चलकर प्रदेश का नाम ऊंचा करेंगे।

इस अवसर पर उपमुख्य सचेतक ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए अपने सहपाठी खिलाड़ियों तथा अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया । प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल का केवल पठानिया ने अपने यहां आने पर स्वागत किया। स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य अजय समयाल ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए बताया कि 4 अक्तूबर से 7 अक्तूबर तक चलने वाली इस खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के 11 जिलों तथा दो स्पोर्टस होस्टल सरकाघाट तथा माजरा की कुल 638 छात्राएं हॉकी, फुटबॉल, बास्केटबॉल तथा हैंडबॉल में अपने-अपने जौहर दिखाएंगी। इस मौके पर बच्चों ने भव्य मार्च पास्ट तथा स्थानीय स्कूल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मार्च पास्ट में जिला सोलन अव्वल रहा। मुख्यातिथि ने उसे ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर एसडीएम शाहपुर करतार चंद, उपनिदेशक उच्च शिक्षा कंचन जोशी,उपनिदेशक कृषि डॉ राहुल कटोच, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डीडी शर्मा, प्रधानाचार्य आईटीआई चैन सिंह राणा, प्रधानाचार्य अनिल जरयाल मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सठवीं गांव की महिलाओं ने सीखी मशरूम की खेती



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की ओर से बड़सर उपमंडल के गांव सठवीं की महिलाओं के लिए आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। शिविर के समापन के बाद इन महिलाओं को मट्टन सिद्ध स्थित आरसेटी के परिसर में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में आईटीआई हमीरपुर के प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं को उद्यमिता के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं तथा अपना उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों की ऋण योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने संस्थान की ओर से आयोजित किए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में बताया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, शिविर के मूल्यांकन विशेषज्ञ रविंद्र शर्मा, देवी राम और आरसेटी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### महिलाओं को कानूनों, योजनाओं की दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) के सहयोग से हमीर भवन में विधिक जागरुकता कार्यक्रम 'विधान से समाधान' आयोजित किया। इसकी अध्यक्षता उपमंडलीय विधिक सेवाएं समिति हमीरपुर के अध्यक्ष एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सूर्य प्रकाश ने की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मुफ्त कानूनी सहायता योजना, नालसा के पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर तथा अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। तेजाब हमलों, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी और अन्य क्रूरताओं की शिकार महिलाओं के अधिकारों की रक्षा तथा उनके कल्याण के लिए बनाए गए विभिन्न अधिनियमों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर भी व्यापक चर्चा की गई। घरेलू हिंसा से महिलाओं की रक्षा अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, महिला कामगारों को पुरुष कामगारों के समान वेतन, नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं एनडीपीएस एक्ट तथा महिलाओं से संबंधित कई अन्य अधिनियमों एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सूर्य प्रकाश, प्रसिद्ध मनोविज्ञानी डॉ. अनुपम शर्मा, अधिवक्ता सुनीता कुमारी और अमित शर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान और अन्य अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

### गरीब परिवार की बेटी की शादी के लिए दी सहायता



**अनंत ज्ञान, नादौन।** प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था हिन्द संग्राम परिषद की इकाई कांगू और इकाई नादौन की संयुक्त बैठक जलाड़ी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अश्वनी कुमार व शिक्षा ठाकुर ने की, जबकि संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष एक्शन केएस धीमान, प्रदेश प्रभारी मोहन सिंह ठाकुर, प्रदेश के वरिष्ठ सलाहकार गुरदयाल सिंह, प्रदेश प्रवक्ता बैंक मैनेजर सुदर्शन जरियाल, समाजसेवी विजय ठाकुर, रशीला राम, रीता ठाकुर, सरबजीत सिंह, मनजीत सिंह, निशु परिहार, सीमा ठाकुर, पिंकी ठाकुर व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस मौके पर दोनों चेयरमैनों ने संस्था की गतिविधियों को बैठक में प्रस्तुत किया। संस्था में आए प्रार्थना पत्रों को भी बैठक में प्रस्तुत किया गया। विचार-विमर्श के बाद परिषद ने गरीब परिवार से संबंधित सुमना देवी पत्नी स्व. मलकीत सिंह गांव कुन्ना-बूणी की बेटी की शादी के लिए हिंद संग्राम परिषद ने सुमना देवी के परिवार की स्थिति को देखते हुए मौके पर एक धाम का राशन व बरी के पांच सूट दिए। संस्था के महासचिव ब्रह्म दास ने बताा कि सुमना देवी की तीन बेटियां व एक बेटा है। पंडित वासुदेव शर्मा ने कहा कि सकोई भी व्यक्ति जिस की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, वह आर्थिक सहायता के लिए नादौन इकाई व कांगू इकाई के चेयरमैन से संपर्क कर सकते हैं। संस्था के वरिष्ठ सलाहकार गुरदयाल सिंह ने संस्था में और लोगों को जोड़ने का अभियान चलाया जाएं ताकि कमजोर परिवारों की ज्यादा से ज्यादा मदद की जा सके।

### तुषार कुमार का राष्ट्रीय स्तर के कैंप में चयन



**डिडवीं टिक्कर।** राजकीय महाविद्यालय बड़सर के एनएसएस स्वयंसेवी तुषार कुमार का चयन राष्ट्रीय स्तर के नार्थ जोन एनएसएस प्री आरडी परेड कैंप के लिए हुआ है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य राकेश कुमार ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों में समाज सेवा की सच्ची लगन होनी चाहिए, तभी वे अपने समाज पर राष्ट्र का उत्थान कर सकते हैं। एनएसएस के प्रोग्राम आफिसर डॉ. विजय ठाकुर ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय से एनएसएस स्वयंसेवी का चयन पहले प्रदेश स्तर के लिए हुआ था, अब हमारे महाविद्यालय के ही एनएसएस स्वयंसेवी तुषार कुमार का चयन राष्ट्रीय स्तर के नार्थ जोन एनएसएस प्री आरडी परेड कैंप 2024 के लिए विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय, जयपुर के लिए हुआ है जो कि 14-23 अक्तूबर तक आयोजित होगा। इस अवसर पर डॉ. मनोज डोगरा ने भी स्वयंसेवियों को बधाई तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ. संजय ठाकुर, कार्यालय अधीक्षक ग्रेड 1 सुरेश कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चिट्टे और चरस के दोषी को सजा और जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला सत्र न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन रघु की अदालत में आरोपी शिव कुमार भाटिया पुत्र स्व. अशोक कुमार निवासी भोटा, तहसील बड़सर, को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20, 21 के तहत अपराध करने के लिए दोषी ठहराया है। पुलिस थाना हमीरपुर में दर्ज मामले के अनुसार 24 फरवरी 2021 को लगभग 3.05 बजे एएसआई कुलवंत हमीरपुर के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने बजुर नाला भोटा में यातायात जांच के लिए एक नाका लगाया था और आरोपी शिव कुमार भाटिया सलौनी की तरफ से स्कूटर पर आया और जांच के दौरान आरोपी शिव कुमार भाटिया से 9.54 ग्राम चरस और 5.25 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी और उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 20 और 21 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुकदमे का संचालन राहुल चोपड़ा, उपजिला अटॉर्नी द्वारा किया गया। अभियुक्त के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने 11 गवाहों की जांच की। अभियोजन और बचाव पक्ष को सुनने के बाद एलडी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हमीरपुर सचिन रघु ने अभियुक्त शिव कुमार भाटिया को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत अपराध करने के लिए दोषी ठहराया और उसे 2 साल की कैद और 25,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई और जुर्माना न चुकाने पर अभियुक्त को 3 महीने की अतिरिक्त कैद काटनी होगी। अभियुक्त शिव कुमार भाटिया को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत अपराध करने के लिए भी दोषी ठहराया गया है और उसे 3 महीने की कैद और 5000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई और जुर्माना न चुकाने पर अभियुक्त को एक महीने की अतिरिक्त कैद काटनी होगी।

# नगर परिषद ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को जारी किए नोटिस

## 25 सितंबर को पुलिस की कार्रवाई के बाद भी सड़क पर सजा रहे थे सामान

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

शहर में अतिक्रमण पर कार्रवाई करने के बाद भी कुछ दुकानदार सड़क पर सामान सजा रहे हैं। नगर परिषद के वार्ड नंबर 5 बृज नगर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर के सामने बूट व चप्पल बेचने वाले दुकानदार पुलिस की कार्रवाई के बाद भी सड़क पर अतिक्रमण कर रहे हैं।

पुलिस ने 25 सितंबर को गर्ल स्कूल के सामने सड़क पर सामान सजाने वाले तीन दुकानदारों को सामान सड़क से हटाया था और जुर्माना भी लगाया था, लेकिन इस कार्रवाई के बाद दुकानदार फिर से सड़क पर सामान सजा रहे हैं। नगर परिषद हमीरपुर को भी सड़क पर सामान सजाकर अतिक्रमण करने की शिकायतें मिल रही थीं, जिस पर नगर परिषद ने अतिक्रमण पर संज्ञान लेते हुए बूट व चप्पल बेचने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। नगर परिषद ने दुकानदारों को सड़क पर से सामान हटाने के लिए 3 दिन का समय दिया है। यदि फिर भी ये दुकानदार सड़क पर सामान सजाते हैं तो इन दुकानदारों को म्युनिसिपल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।


बूट व चप्पल बेचने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं।

**पुलिस की कार्रवाई के बाद भी नहीं मान रहे थे दुकानदार**

बता दें कि जहां पर बूट और चप्पल बेचने वाले दुकानदार अतिक्रमण कर रहे हैं, वहां पर पहले ही जगह बहुत तंग है और सड़क पर सामान सजाने से सड़क और तंग हो जाती है। ऐसे में सड़क पर जा रहे वाहनों की वजह से पैदल चलने वाले राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि कई बार सड़क पर सामान सजाने की वजह से जाम भी लग जाता था, लेकिन फिर भी यह दुकानदार सड़क से सामान नहीं हटाते थे। ऐसे में नगर परिषद अब इन दुकानदारों पर कार्रवाई करेगी, जिसके लिए पहले नोटिस जारी किया गया है। यदि नोटिस के बाद भी ये दुकानदार ऐसे ही दुकानदारी चलाते रहे तो जुर्माना भी किया जाएगा।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर ने बताया कि बूट व चप्पल बेचने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है जिसमें तीन दिन के भीतर सामान हटा लें, नहीं तो नगर परिषद म्युनिसिपल एक्ट के तहत कार्रवाई करेगी। (अनंत ज्ञान)

## भाजपा नेता झूठी और भ्रामक बयानबाजी कर रहे: नरेश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नरेश ठाकुर ने भाजपा नेताओं द्वारा की जा रही झूठी और भ्रामक बयानबाजी पर उसके नेताओं की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता किसी भी प्रकार का बयान देने से पहले अध्ययन जरूर कर लिया करें।



प्रदेश की जनता को बिना तथ्यों से गुमराह करने की कोशिश न करें। प्रदेश कांग्रेस की सरकार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सत्ता में आने से पहले जो जनता से वादे किए थे, उनमें से 2 साल के भीतर ही पांच गारंटियां बिना किसी केंद्र सरकार की मदद से पूर्ण कर ली गई हैं, इसलिए भाजपा के नेता बौखलाहट में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र में सीवरेज कनेक्शन के लिए 25 रुपए प्रति सीट कहीं भी नहीं लिए जा रहे। प्रदेश की सरकार ने पानी के कनेक्शन के ऊपर बिल लगाया है। उसमें भी विधवा, दिव्यांग, अनाथ जैसी विभिन्न श्रेणियों के लोगों को छूट दी गई है।

हिमाचल, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। प्रदेश के अंदर भाजपा भिन्न-भिन्न गुटों में बंटी है और एक-दूसरे को नीचा दिखाने के लिए प्रदेश सरकार के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## फुटबाल में परचम लहराने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** बिलासपुर में हुई अंडर -14 राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में हमीरपुर को फुटबॉल प्रतियोगिता में विजय परचम लहराते हुए प्रथम स्थान पर आने में मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी के छात्रों ने अहम भूमिका निभाई है। स्कूल के एमडी प्रदीप सिंह ने बताया कि इस फुटबाल प्रतियोगिता में स्कूल के 10 छात्रों देवन, संयम, जतिन, अभय, रिषभ, मुकुल,, सक्षम, अनिकेत, आदित्य, अभिनव ने हमीरपुर की चयनित टीम की तरफ से भाग लिया था जिसमें मदर प्राइड पब्लिक स्कूल के इन बच्चों ने इस प्रतियोगिता में अहम भूमिका निभाते हुए हमीरपुर को विजय का परचम लहराने में अहम भूमिका निभाई। आज मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी में पहुंचने ओर इन युवा खिलाड़ियों का स्कूल प्रशासन द्वारा भव्य स्वागत किया गया ओर उन्हें बधाई दी। स्कूल के एमडी प्रदीप सिंह ने कहा कि हमारे स्कूल के लिए यह बड़े गर्व की बात हैं एवं भविष्य में भी इन बच्चों को इस तरह से बढ़िया प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर में पूजा-अर्चना के बाद रामलीला का मंचन शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शहर में आयोजित होने वाली श्री राम नाटक कला मंच द्वारा प्राचीन रामलीला का शुभारंभ वीरवार को मुख्य अतिथि स्टेट बार काउंसिल के सदस्य एडवोकेट रोहित शर्मा ने किया। श्री राम नाटक कला मंच के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया, के बाद पूजा-अर्चना करने के बाद रामलीला का मंचन शुरू हुआ।

इस अवसर पर रामलीला में भाग ले रहे कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर मौजूद लोगों का खूब मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि एडवोकेट रोहित शर्मा ने कहा कि असत्य पर सत्य की जीत तथा धर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक रामलीला का मंचन हमीरपुर रामलीला नाटक मंच की तरफ से किया जा रहा है। उन्होंने इस आयोजन के लिए श्री राम नाटक कला मंच को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि 50 सालों से रामलीला का आयोजन हमीरपुर शहर में होता आ रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भगवान राम के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में आयोजित की जाने वाली इस रामलीला को एक बड़ा मंच प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। रामलीला का यह मंजन भगवान श्री राम के आदर्शों को दर्शाता है तथा लोगों को सदमार्ग दिखता है। उन्होंने कहा कि रामलीला को डिजिटल तरीके से भी दिखाने का प्रबंध किया गया है।


श्री राम नाटक कला मंच द्वारा प्राचीन रामलीला का शुभारंभ करते गणमान्य।

**युवाओं को भगवान राम के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए : रोहित शर्मा**

उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि शहर में आयोजित हो रही रामलीला में पहुंच कर इसकी शोभा बढ़ाएं। रामलीला नाटक मंच 5 दशकों से इसका आयोजन करता आ रहा है तथा लोगों की संख्या इनका मनोबल और बढ़ाएगी।

## पंचायत प्रधानों को आग से होने वाले नुकसान की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हसं फाउंडेशन के तहत ब्लॉक कॉर्डिनेटर सीमा वांगना व उनकी टीम ने नादौन ब्लॉक के पंचायत प्रधानों, उप प्रधानों व सचिवों के साथ बैठक आयोजित की। इस बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों को जंगलों में आग से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी व आग लगने पर उसकी रोकथाम के लिए टिप्स दिए।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष जंगलों की आग से करोड़ों रूपयों की वन संपदा नष्ट हो रही है। इसके बारे में पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी होनी चाहिए जिससे वे गांव के लोगों को भी जागरूक कर सकें। उन्होंने बताया हसं फाउंडेशन पिछले 15 वर्षों प्रदेश की विभिन्न तहसीलों में जनकल्याण के कार्य कर रही है।

## त्योहारी सीजन में मिठाइयों में न डालें रंग अन्यथा होगी कार्रवाई: फूड एंड सेफ्टी विभाग

**रवि ठाकुर ,हमीरपुर**

जिला हमीरपुर में फूड एंड सेफ्टी विभाग त्योहारी सीजन को लेकर अलर्ट हो चुका है। अक्सर देखा जाता है कि त्योहारों के चलते विभाग के नियमों को दरकिनार करके मुनाफा कमाने के लिए लोगों के सेहत से खिलवाड़ करते हैं। इसके चलते फूड एंड सेफ्टी विभाग मोबाइल वैन के माध्यम से दुकानदारों के खाद्य वस्तुओं के सैंपल भरेगा।



फूड एंड सेफ्टी विभाग के जिला अधिकारी अनिल शर्मा ने बताया कि त्योहारों के मौसम के दौरान दुकानदारों द्वारा मिठाइयों में रंग डाल दिया जाता है, ताकि मिठाइयां देखने में अट्रैक्टिव लगें, लेकिन इससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। इस कारण जगह-जगह अब दुकानों पर विभाग द्वारा छापेमारी की जाएगी और सैंपल एकत्रित किए जाएंगे। अनिल शर्मा ने बताया कि त्योहारों का मौसम शुरू हो गया है। इसके चलते उन्होंने सभी दुकानदारों से आह्वान किया है कि वे मिठाइयों मे रंग का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि अगर मिठाइयों में रंग का उपयोग करना है, तो फूड एंड सेफ्टी विभाग द्वारा दी गई गाइडलाइंस के अनुसार ही करें। उन्होंने कहा कि जो फूड एंड सेफ्टी विभाग के नियमों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि फूड एंड सेफ्टी विभाग द्वारा हमीरपुर जिले में दुकानदारों के मिठाइयों मे रंग डालने के चार लोगों पर केस दर्ज किए गए हैं। इन केसों की माननीय न्यायालय में सुनवाई चल रही है। (अनंत ज्ञान)

**चुनाव** करियर प्वाइंट विवि के लॉ विभाग में प्रत्येक पद के लिए दो-दो प्रतिभागियों ने लिया भाग

## स्टूडेंट बार काउंसिल के चुनावों में अरुण बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के लॉ विभाग में स्टूडेंट बार काउंसिल के चुनाव आयोजित किए गए। जानकारी देते हुए कार्यक्रम की समन्वयक दिव्या ने बताया कि लॉ विभाग में स्टूडेंट बार काउंसिल के चुनाव करवा गए, जिसमें विभिन्न सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। चुनावों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष के पदों पर विद्यार्थियों ने चुनाव लड़े। मतदान का समय सुबह 10 बजे से दोपहर के 2 बजे तक रहा।

इन चुनावों को करवाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की लीडरशिप क्वालिटी को दिखाना, इलेक्शन कमीशन के कार्यों के बारे में अवगत कराना, लोकतंत्र के बारे में बताना तथा विभाग में नए-नए कार्यक्रमों का आयोजन कराना होता है। इन चुनावों में प्रत्येक पद के लिए 2-2 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें अध्यक्ष के पद पर अक्षित और अरुण, उपाध्यक्ष के पद पर रिया और अरिन, सचिव के पद पर रितिका और आर्यन तथा कोषाध्यक्ष के पद पर आयुष्मान तथा तरुण थे।



चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते लॉ विभाग में स्टूडेंट्स।

इनमें विजेता अरुण प्रेसिडेंट, अरिन वाइस प्रेजिडेंट, सेक्रेटरी आर्यन तथा ट्रेजर आयुष्मान बने। इसके पश्चात चुनावों के विजेताओं को विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शशि भूषण ने चुने हुए प्रतिनिधियों को बधाई दी, साथ ही रिटायर्ड बार काउंसिल के सदस्यों ने नए सदस्यों को कार्यालय का कार्यभार सौंपा और चुने गए विद्यार्थियों को विभागाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाई गई।

अंत में विभागाध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और बताया कि यह इलेक्शन विभाग में प्रत्येक वर्ष करवाए जाते हैं तथा चुने गए विद्यार्थी विभाग में नए-नए आयोजन करवाते हैं। तथा विद्यार्थियों के हित के लिए भी कार्य करते हैं।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा का लखनपाल ने किया स्वागत


जेपी नड्डा का गुलाब भेंट कर इंद्रदत्त लखनपाल ने किया स्वागत।

**एसके ठाकुर, बड़सर**

शुक्रवार को बिलासपुर जिले में आयोजित 'विकास सबका, विश्वास सबका, प्रयास सबका' कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने एक भारी जनसभा को भी संबोधित किया तथा केंद्र सरकार की जनहित की नीतियों एवं प्रदेश के विकास के लिए दी जा रही धनराशि एवं जनता के हित में जारी केंद्र की योजनाओं से अवगत करवाया। उक्त कार्यक्रम में बड़सर के विधायक इंद्रदत लखनपाल भी उपस्थित हुए थे। उन्होंने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बीजेपी एवं केंद्र सरकार में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को गुलाब का फूल भेंट कर स्वागत किया। लखनपाल ने बड़सर विधानसभा के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से विकास आत्मिक कार्य के लिए धनराशि मुहैया करने की भी गुहार लगाई।

नड्डा ने लखनपाल को बड़सर से भाजपा विधायक चुने जाने पर बधाई दी, साथ में बड़सर जीतने पर लखनपाल की पीठ थपथपाई। (अनंत ज्ञान)

## सुपरवाइजर और सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार 8 को

**नादौन।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 8 अक्तूबर को सुबह 10 बजे उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या पास तथा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिसकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान किए जाएंगे।

## एचआरटीसी की वोल्वो बसों में आज से यात्री किराये में 10 फीसदी की छूट



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एचआरटीसी की वोल्वो बसों में आज से यात्री किराये में 10 फीसदी छूट का लाभ उठा सकते हैं। स्मार्ट कार्ड धारक यात्री निगम की वोल्वो और एसी बसों में भी आगामी 31 मार्च तक किराये में 10 फीसदी छूट का लाभ उठा सकते हैं। इससे पहले यह सुविधा निगम की सिर्फ ऑडनेरी बसों में ही यात्रियों को मुहैया करवाई जा रही थी। ऐसे में यात्री सर्दी के मौसम में निगम की वोल्वो बसों में आगामी पांच माह तक यह छूट उठा सकते हैं। निगम की बसों में यात्रियों की संख्यां बढ़ाने के मकसद से यात्रियों को 10 फीसदी किराये की छूट हर वर्ष मुहैया करवाई जाती है। हमीरपुर डिवीजन मंडलीय प्रबंधक राजकुमार पाठक ले बताया कि निगम ने यात्रियों से वोल्वो व एसी बसों में ज्यादा से ज्यादा सफर करने की अपील की है, ताकि निगम को भी इसका लाभ मिल सके। निगम यात्रियों को स्मार्ट कार्ड, ग्रीन कार्ड और सम्मान कार्ड के जरिए किराये में छूट मुहैया करवा रहा है।

## मोदी सरकार ने हिमाचल की सड़कों के लिए स्वीकृत किए 293.36 करोड़ : अर्चना चौहान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** भाजपा हमीरपुर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर बड़ा तोहफा हिमाचल को दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 5 सड़कों को केंद्र सरकार ने 293.36 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। केंद्र सरकार ने यह राशि सीआरआईएफ के तहत मंजूर की है। 52 किलोमीटर लंबी टिक्कर-जरोल-गाहन-ननखड़ी-खमाड़ी सड़क के लिए 54.87 करोड़, 20 किलोमीटर लंबी सुजानपुर टीहरा से संधोल तक सड़क के उन्नयन के लिए 41.10 करोड़, 37 किलोमीटर लंबी नवगांव बेरी सड़क के सुधार और उन्नयन के लिए 79.25 करोड़ रुपए जारी किए हैं। अर्चना चौहान ने कहा कि इसी तरह गज खड्ड पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण के लिए 86.34 करोड़ तथा 9.065 किलोमीटर लंबी बखरोट-करसोग-सनारली-सैंज सड़क के लिए 31.80 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जिसके लिए वह मोदी सरकार की आभारी हैं।



## ब्लॉक कांग्रेस नादौन की मासिक बैठक का 8 को नादौन में किया जाएगा आयोजन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ब्लॉक कांग्रेस नादौन की मासिक बैठक 8 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे त्रिमूर्ति मार्केट नादौन में होगी। इसमें पार्टी को और मजबूत करने पर बल दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस के कार्यालय सचिव नानक चंद ने बताया कि बैठक में क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में कांग्रेस के सभी संगठन, कांग्रेस समर्थक पंचायत प्रतिनिधि व समाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से आग्रह किया है कि वे निधारित समय व स्थान पर पहुंचकर बैठक में हिस्सा लें।

## प्रशिक्षकों को टूरिज्म और हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डाइट हमीरपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशाला का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य टूरिज्म और हॉस्पिटेलिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षकों को नवीनतम जानकारी देना था। कार्यशाला के समापन समारोह में जिला परियोजना अधिकारी मदन लाल बन्याल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंतिम दिन असिस्टेंट कंट्रोलर ऑफ फाइनेंस, राजेंद्र कटोच ने प्रतिभागियों को वित्तीय नियमों की जानकारी दी, वहीं जिला परियोजना अधिकारी मदन लाल बन्याल ने सर्विस रूल्स पर प्रकाश डाला। स्टेट समन्वयक कृष्ण कांत ने कार्यक्रम का सारांश प्रस्तुत किया। इस दौरान राज्य समन्वयक मूल्यांकन एवं प्रमाणन प्रभारी वर्षा सूद ने शिमला स्थित एसपीडी कार्यालय से ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया। जिला समन्वयक प्रताप चंद ने बताया कि इस प्रशिक्षण से टूरिज्म एवं हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र में प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए अत्याधुनिक जानकारी और तकनीकी कौशल प्रदान किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि लाहौल-स्पीति, किन्नौर, सोलन, कुल्लू और उना जिलों के कुल 69 वोकेशनल ट्रेनरों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। समापन समारोह में जिला परियोजना अधिकारी मदन लाल बन्याल ने प्रतिभागियों को उनके समर्पण और मेहनत का प्रमाण पत्र प्रदान किया, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## स्कूलों में चलाए निपुण भारत मिशन अभियान का जिला डाइट संस्थान करवाएगा सर्वे



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** स्कूलों में चलाए गए निपुण भारत मिशन अभियान की सफलता का जिला डाइट हमीरपुर स्थित गोना करोर विशेष रूप से सर्वे करवाएगा। जिला डाइट के मीडिया प्रभारी भवानी सिंह ने बताया कि जिला डाइट संस्थान द्वारा निपुण भारत मिशन के तहत जिला हमीरपुर के समस्त पहली और दूसरी कक्षा के छात्रों का असेसमेंट सर्वे करवाया जा रहा है, जिसमें 7 अक्तूबर को पहली कक्षा के छात्रों का तथा 8 अक्तूबर को दूसरी कक्षा की छात्रों की असेसमेंट करवाई जाएगी। इस संबंध में प्रत्येक स्कूल में पहली और दूसरी कक्षाओं के लिए असेस्मेंट धातु जो है, वह पहुंचाई जा चुकी है तथा प्रत्येक स्कूल को एक-एक इंस्ट्रक्शन मैन्युअल दिया गया है, जिससे अध्यापकों को उसको संचालन करने में सहायता करनी होगी तथा इस संबंध में उन्होंने बताया कि 7 और 8 अक्तूबर क़ो असेस्मेंट के बाद उन बच्चों का डाटा जो है, राज्य स्तर पर पहुंचाया जाएगा तथा बच्चों के अचीवमेंट का अनुमान लगाया जाएगा कि निपुण भारत मिशन कितना सफल हुआ है तथा इन रिजल्ट्स के बाद आगामी योजनाओं के बारे में निर्णय लिए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री 8 को करेंगे भवन का शिलान्यास



**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 8 अक्तूबर 2024 को प्रातः 11:00 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तेलका के भवन का शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि शिक्षा मंत्री 7 अक्टूबर को शाम 6:30 बजे डलहौजी पहुंचेंगे जहां उनका रात्रि ठहराव होगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 8 अक्टूबर को बाद दोपहर 3:00 बजे तेलका से कांगड़ा के लिए रवाना होंगे।

### लॉरेंस स्कूल सनावर का फाउंडर्स-डे संपन्न



**अनंत ज्ञान, सोलन।** लॉरेंस स्कूल सनावर का तीन दिवसीय 177वां फाउंडर्स डे समारोह शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। व्यापक ओल्ड सनावरियंस की मौजूदगी के बीच खेत्रपाल स्टेडियम में दिन के कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी परेड से हुई। इस अवसर पर किरण नाडर म्यूजियम एंड आर्ट्स तथा शिव नाडर फाउंडेशन की ट्रस्टी किरण टंडन नाडर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इसके पश्चात स्कूल बैंड ने हैडमास्टर हिम्मत सिंह ढ़िल्लों और आये अतिथियों सलामी देकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विशेष रुप शिरकत की। इसके बाद स्कूल हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी जिसके बाद पढ़ाई उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। चीफ आफ दी आर्मी स्टाफ ट्रॉफी अनया गोयल और जय मुकुंद भान को दी गई। यशपाल चौधरी गोल्ड मेडल के विजेता दिया अटला रही। नेली लविल ओएस गोल्ड मेडल जयंत शर्मा को दिया गया जबकि शादी राम गोल्ड मेडल की विजेता भी दिया अटल रही। मासूम चौहान को स्मृति भगवती देवी स्वर्ण पदक से नवाजा गया।

### विद्यार्थियों ने विभिन्न कराटे ग्रेड्स का लिया परीक्षण



**दाड़लाघाट।** गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल दाड़लामोड़ में राइजो तेकी गोजु रियू की ओर से कराटे ग्रेडिंग परीक्षण आयोजित किया गया। इस परीक्षण में महाकाल कराटे डोजो के 19 विद्यार्थी,ओम पब्लिक स्कूल मलोखर के 16, अल्ट्राटेक स्कूल के 3 व गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के 34 विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न कराटे ग्रेड्स के लिए परीक्षण दिया। परीक्षण में विद्यार्थियों की तकनीक,फिटनेस और मानसिक तैयारी का मूल्यांकन किया गया।

परीक्षण के बाद,विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर ग्रेड्स दिए गए। इस अवसर पर गुरुकुल स्कूल की प्रधानाचार्या ममता शर्मा,एमडी अमर शर्मा,ओम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या वंदना ठाकुर,महाकाल कराटे डोजो के कोच अरुण भारद्वाज ने कहा कराटे न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए उपयोगी है,बल्कि यह मानसिक अनुशासन और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देता है। हमें विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व है। राइजो तेकी गोजु रियू के कराटे प्रशिक्षक विजय कुमार व लक्की ने विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# नवरात्र पर दुल्हन की तरह सजा भद्रकाली भलेई माता मंदिर

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

शरद नवरात्र को लेकर ऐतिहासिक भद्रकाली भलेई माता मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। आज दूसरे नवरात्र में भक्तों का भारी भीड़ देखने को मिला, बता दें भलाई माता मंदिर कमेटी अध्यक्ष कमल ठाकुर के नेतृत्व में भव्य आयोजन करवाती आ रही है।

इस बार भी नवरात्र के आयोजन को लेकर विशेष तैयारी की गई हैं जिसमें आने जाने वाले भक्तों पर भी नजर रखने के लिए मंदिर परिसर में सीसीटीवी लगाए गए हैं । इसके साथ ही मंदिर में दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर इंतजाम किए गए हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर परिसर में रोजाना भंडारे का आयोजन भी होगा। पहले नवरात्र के दिन भलेई माता मंदिर में मुख्य पुजारी डाक्टर लोकीनंद शर्मा की देखरेख में दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया गया, तो वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायक आशा कुमारी ने भी भलेई माता मंदिर में शीश नवाकर जहां कन्या पूजन किया तो वहीं नवरात्र को लेकर समस्त क्षेत्र वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।





भद्रकाली भलेई माता मंदिर दर्शन करने के लिए खड़े भक्त।

भलेई माता मंदिर में नवरात्र का समापन अष्टमी के दिन पूर्णाहूति के साथ ही संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि भद्रकाली भलेई माता मंदिर हिमाचल के अलावा पड़ोसी राज्य पंजाब व जम्मू- कश्मीर के लोगों की आस्था का केंद्र हैं। नवरात्र के दौरान इन जगहों से हजारों की तादाद में श्रद्धालु माता के दरबार में हाजिरी भरते हैं।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए बेहतर प्रबंध

**उधर** भलेई माता मंदिर कमेटी के प्रधान कमल ठाकुर ने बताया कि नवरात्र के दौरान मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्र को लेकर मंदिर की भव्य सज्जा की गई है। बहरहाल, नवरात्र के दौरान मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

नवरात्र के दौरान जिला के विभिन्न हिस्सों में रामलीला का मंचन भी किया जा रहा है। वहीं इस दौरान चंबा के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की तादाद लगातार बढ़ रही है। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय स्टेट बैंक बनीखेत में करोड़ों के गबन मामले में शिकायत दर्ज

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

भारतीय स्टेट बैंक शाखा बनीखेत बीते कई दिनों से क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। बैंक के एक कर्मचारी द्वारा करोड़ों रुपए के मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था, किंतु इन चर्चाओं पर पुष्टि तब हुई जब करीब डेढ़ सप्ताह बाद गबन के हुए शिकार उपभोक्ताओं ने स्थानीय पुलिस थाना में जाकर एसबीआई शाखा के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।

शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी जगबीर सिंह की अगुवाई में पुलिस दल एसबीआई शाखा में पहुंचे और इस मामले को लेकर कड़ी पूछताछ को अंजाम दिया गया।

बता दें कि इस मामले को लेकर बीते करीब डेढ़ सप्ताह से शाखा बनीखेत एवं उपभोक्ता में गवन को लेकर एक सहमति बनी हुई थी। जिस पर दोनों पक्ष मीडिया के समक्ष छुपी साधे हुए थे हैरानी का विषय तो यह है कि करोड़ों का गवन के शिकार उपभोक्ताओं ने भी



भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का बाहरी दृश्य।

ना तो किसी तरह की पुलिस में शिकायत ही दर्ज करवाई और ना ही मीडिया के समक्ष कोई बात उजागर करने की ज़हमत ही उठाई। लेकिन सूत्रों की माने तो जिस विषय को लेकर दोनों पक्षों में सहमति बनी हुई थी उसे पर जब मोहर नहीं लगी तो उपभोक्ता पक्ष ने हुए गवन को लेकर पुलिस थाना डलहौजी में शिकायत दर्ज करवा दी।

इस विषय को लेकर जब शाखा प्रबंधक बनीखेत से बात की गई तो उन्होंने साफ तौर पर इस सारे मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि इस विषय पर जांच प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है तथा आरंभ धर्मशाला ही जानकारी दे सकते हैं तो जब दूरभाष के माध्यम से आरंभ धर्मशाला से बात करना चाहे तो उन्होंने फोन तक नहीं उठाया जो एक हैरानी का विषय है।

बता दें की करोड़ों के घोटाले में लिफ्ट कर्मचारियों को छुट्टी भेज दिया गया है जब कर्मचारी से बात की गई तो उन्होंने साफ तौर पर शाखा प्रबंधक से बात करने का हवाला दिया।

इस मामले से जुड़े एक उपभोक्ता जो डलहौजी से संबंध रखते हैं उनका कहना है कि संबंधित शाखा ने उन्हें बिना बताए उनके नाम से 60 लाख रुपए का लोन भी उनके खाते में डालकर निकाल लिया गया, जिसकी भनक तक उन्हें नहीं लगने दी गई जो अपने आप में ही बहुत बड़ा जुर्म है एक प्रतिष्ठित बैंक द्वारा अपने उपभोक्ताओं के खातों में सेंधमारी कर करोड़ों की हेरा फेरी करते हुए चूना लगाने का ऐसा मामला पहला ही है।

वहीं उपभोक्ताओं को चुप्पी साधने के लिए कई तरह के प्रलोभन दिए गए और उपभोक्ताओं में भी कुछ समय के लिए अपना मुंह बंद ही रखा। इस सारे मामले को लेकर कई उपभोक्ता उच्च स्तरीय जांच की भी मांग कर रहे हैं ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो सके और इस सारे मामले पर से पर्दा भी उठ सके और जो भी दोषी हैं उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिल सके, किंतु यह तो आने वाला समय ही बताया कि इस सारे मामले में कौन-कौन लिप्त है। (अनंत ज्ञान)

# डॉ . बिपन ने सत्यम हॉस्पिटल सुल्तानपुर का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते हुए डॉ. बिपन व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. बिपन ठाकुर नें निजी स्वास्थ्य संस्थान निरीक्षण के तहत सत्यम हॉस्पिटल सुल्तानपुर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अंतर्गत हॉस्पिटल का निरिक्षण किया।

इसके साथ ही अस्पताल प्रबंधन ओर चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को स्वास्थ्य संस्थान में समय एवं सफाई व्यवस्था, ड्रेसकोड और जैव-चिकित्सा अपशिष्ट पर बिशेष ध्यान देने को कहा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा ने सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा, सुरक्षित



मातृत्व अभियान, टीकाकरण राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में बताया किया।

इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज चंबा से डॉ. सलोनी सूद एचओडी एनेस्थीसिया, डॉ. अरविन्द भाटिया, डॉ. ललित मोहन नेगी उपस्थित रहे।

# कार्य पुस्तिकाओं का ड्राफ्ट किया जा रहा तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

समग्र शिक्षा प्रदेश के सरकारी स्कूलों की पहली और दूसरी कक्षाओं के लिए कार्य पुस्तिकाएं तैयार रह रहा है। समग्र शिक्षा परियोजना निदेशक राजेश शर्मा के निर्देशन में तैयार की जा रही इन कार्य पुस्तिकाओं के ड्राफ्ट को फाइनल करने को लेकर एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव स्टाफ ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, सांगटी शिमला में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा।



तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान मौजूद गणमान्य।

इस कार्यशाला में डॉ. मंजुला शर्मा, स्टेट नोडल अधिकारी सहित 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन में निर्धारित लर्निंग आउटकम्स के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य पुस्तिकाओं का ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। समग्र शिक्षा हिमाचल पहली व दूसरी कक्षाओं की कार्य पुस्तिकाओं को इस तरह से तैयार कर रहा है कि इनसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निर्धारित बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान कौशल के लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। हिमाचल में 8 फरवरी 2022 को इस मकसद के साथ शुरू किया गया था कि ग्रेड-2 की शिक्षा पूरी करने वाला हर बच्चा बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान हासिल करे।

हिमाचल के स्कूलों में पहली व दूसरी कक्षाओं के लिए नए पाठ्यक्रम के अनुरूप पुस्तिकाएं बनी हैं। इनके लिए ही अब विषयवार रोचक एवं आकर्षक कार्य पुस्तिकाएं तैयार करने का काम किया जा रहा है, जिससे कि बच्चे प्रैक्टिस कर सकें। इन कार्य पुस्तिकाओं को तैयार करने को लेकर शिक्षकों के साथ व्यापक विचार विमर्श किया गया है।

स्कूलों में पढ़ाई में अपनाए जा रहे नवाचारों को इन कार्य पुस्तिकाओं को शामिल किया जा रहा है।

# 100 फुट गहरी खाई में गिरा ट्रक, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पठानकोट-भरमौर एनएच154ए पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर 100 फुट गहरी खाई में जा गिरा। यह हादसा पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे पर हडौठा चनेड़ के पास हुआ। इस हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है और दुर्घटना के कारणों की छानबीन की जा रही है। जानकारी के मुताबिक ट्रक सीमेंट लेकर चंबा की ओर आ रहा था कि अचानक हडौठा के पास अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गहरी खाई में लुटक गया। दुर्घटना



में चालक छिन्दू पुत्र जर्म सिंह गांव सतनाला डाकघर मसरूड उप तहसील पुखरी जिला चंबा चला रहा था।

दुर्घटना शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे की हुई बताई जा रही है। पुलिस इस मामले को लेकर तफ्तीश में जुट गई है कि आखिरकार इस दुर्घटना का क्या कारण रहा।

# प्रारंभिक शिक्षा ऊना द्वारा जिला स्तर पर शास्त्री अध्यापकों के भरे जाएंगे 6 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रारम्भिक शिक्षा विभाग ऊना द्वारा जिला स्तर पर शास्त्री अध्यापकों के 6 पद भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों से बैच वाइज अनुबंध आधार पर भरे जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा ऊना सोमलाल धीमान ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय ऊना, अम्ब, बंगाणा व हरोली द्वारा प्रायोजित किए गए अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 14 अक्तूबर को प्रात: 10 बजे उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा ऊना के कार्यालय में होगी।

अभ्यर्थियों की सूची, बायोडाटा,



शैक्षणिक योग्यताओं, आयु सीमा, वेतनमान, वर्तमान में भर्ती के लिए विचाराधीन बैच सहित विभिन्न प्रमाण पत्रों की जानकारी कार्यालय की वेबसाइट पद उपलब्ध है।

सोम लाल धीमान ने बताया कि शास्त्री अध्यापक पदों में 4 पद भूतपूर्व सैनिक के सामान्य वार्ड, एक पद ओबीसी और एक पद एससी श्रेणी से भरा जाएगा।

उन्होंने बताया कि काउंसलिंग प्रक्रिया में वही अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं जो शास्त्री अध्यापकों के नए भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2023 के तहत निर्धारित योग्यता पूर्ण करते हों। इसके अलावा अन्य जिलों से संबंधित प्रार्थी और ऊना से संबंधित प्रार्थी जिनका नाम रोजगार कार्यालय द्वारा कार्यालय को प्रायोजित नहीं किया गया है परंतु उनका नाम संबंधित रोजगार कार्यालय में दर्ज है वे भी काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

### सूडोकु 0077 — ***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0076 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

5 अक्तूबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : आश्विन, **तिथि** तृतीया : (पूर्ण रात्रि): **नक्षत्र** स्वाति, **पक्ष** : शुक्ल **योग** : वैधृति(05:20) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:45-12:32), **राहुकाल** (09:12 -10:40)।

### विशेष दिन

- 4 अक्तूबर : शिक्षक दिवस आज।
- 5 अक्तूबर : रानी दुर्गावती जयंती आज।

**मेष:** कारोबार में नया अनुबंध होगा, जो लाभदायक रहेगा। भूमि भवन पर निवेश संभव है। अकारण हो रहे पारिवारिक विवादों का अंत होगा।

**वृषभ:** माता के स्वास्थ में सुधार होगा। बुरी संगत का साथ छोड़ दें, अन्यथा बाद में आपको बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

**मिथुन:** झूठ बोलने से बचें, नहीं तो बड़ी मुसीबत आ सकती है। अनाज तिलहन कपास और खनिज के व्यवसाय से जुड़े लोग लाभ अर्जित करेंगे।

**कर्क:** दूसरे की खुशी के लिए अपने सपनों के साथ समझौता करना पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। बहनों के साथ संबंध कमजोर रहेंगे।

**सिंह:** सोचें, समझें फिर करें। नौकरी में आ रही परेशानी दूर होगी। विवाह योग्य जातकों के लिए समय शुभ है। मामा परिवार से सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** जीवनसाथी का व्यवहार देख कर दुखी होंगे। व्यवसाय स्थल पर साज-सज्जा पर धन लगेगा। आलसी प्रवृत्ति के कारण बने काम बिगड़ सकते हैं।

**तुला:** परिवार के खिलाफ जा सकते हैं। जल्दबाजी में कुछ फैसले लेन पड़ेंगे। संचित धन का उपयोग सतर्कतापूर्वक करें।

**वृश्चिक:** अपने करियर के प्रति महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़ेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। परिवार के साथ लंबी यात्रा के योग है।

**धनु :** सामाजिक समारोह में शामिल होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दूसरे के मामलों में ना पड़ें, नुकसान आप का ही होगा।

**मकर:** धार्मिक कार्यों में सहभागिता होगी। समय रहते अपने कार्यों को पूर्ण करें। आपके आलसी रवैये से नुकसान हो सकता है। कारोबार विस्तार के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है।

**कुंभ:** मनचाहा जीवनसाथी मिलने से प्रस्सन होंगे। आपके व्यवहार से लोग आकर्षित होंगे। कार्यस्थल पर पूजा पाठ में शामिल होंगे।

**मीन:** आप बहुत जल्दी भावुकता में आ जाते हैं। दूसरों को अपने राज बताने से बचें। कम बोलें, अच्छा बोलें। आर्थिक लाभ संभव है। मांगलिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका रहेगी।

# रिवालसर महाविद्यालय में नहीं इकोनॉमिक्स शिक्षक

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में इकोनॉमिक्स विषय का प्रोफेसर ना होने से विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। इसके चलते इस विषय के विद्यार्थी महाविद्यालय से पलायन करने की तैयारी कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वर्तमान समय में द्वितीय वर्ष में जो विद्यार्थी इकोनॉमिक्स विषय में पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें कुछ विद्यार्थियों का यह मेजर विषय है जबकि अन्य विद्यार्थियों द्वारा माइनर विषय के रूप में अध्ययन किया जा रहा है। यह भी पता चला है कि गत लगभग डेढ़ वर्ष से इस विषय को पढ़ाने के लिए विशेषज्ञ शिक्षक नहीं है। उससे पहले भी तत्कालीन प्राचार्य द्वारा ही यह विषय पढ़ाया जाता रहा है।

उनका तबादला होने के पश्चात विद्यार्थियों की इकोनॉमिक्स विषय की पढ़ाई जैसे कैसे कॉमर्स शिक्षक द्वारा खींची जा रही है। चूंकि जिन विद्यार्थियों का यह मेजर विषय है इसलिए उन्हें विषय विशेषज्ञ तो चाहिए ही पर उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। माइनर विषय के विद्यार्थियों का कहना है कि वह जैसे तैसे या ट्यूशन इत्यादि से गुजारा कर लेंगे लेकिन मेजर विषय वाले विद्यार्थी असमंजस में हैं। इसके चलते कॉलेज से पलायन करने की तैयारी में है। शिक्षक अभिभावक संघ के प्रधान खेमचंद ने मांग की है कि संस्थान में स्टाफ की कमी को शीघ्र पूरा किया जाए। प्राचार्य केसी कश्यप ने बताया कि बच्चों ने लिखित रूप में प्रार्थना पत्र दिया था जो कि उचित माध्यम से सरकार को भेज दिया गया है। यह मामला सरकार के स्तर पर ही निपटाया जाना है। (अनंत ज्ञान)

# जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तहत सचिव पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

ज़िला रेडक्रॉस सोसायटी चंबा के तहत सचिव के पद को तय मानदेय के आधार पर भरा जाएगा। सहायक आयुक्त पीपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ज़िला में रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए सचिव पद को भरने के लिए जिला चंबा के निवासियों से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

आवेदन प्रपत्र जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट एचपी चंबा डॉटएनआईसी डॉट एन से डाउनलोड किया जा सकता हैं ।

आवेदनकर्ता की पात्रता में शैक्षणिक योग्यता स्नातक या उससे ऊपर, आवेदक चंबा जिले का निवासी होना चाहिए तथा उसे स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्रभी प्रस्तुत करना होगा । आवेदक को सार्वजनिक सेवा या सरकारी सेवा या सामाजिक सेवा क्षेत्र में कार्य अनुभव होना आवश्यक होगा।

# सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कर रही कार्य : चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

विधायक चन्द्रशेखर ने की कार्यक्रम की मंडी जिला में मिशन शक्ति के अंतर्गत 100 दिनों के विशेष अभियान का जिला स्तरीय समापन समारोह शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर की अध्यक्षता में हुआ।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मंडी अजय कुमार बदरेल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विधायक चंद्रशेखर ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित है। सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाएं और नीतियाँ





कार्यक्रम दौरान सामूहिक चित्र में कार्यक्रम अधिकारी और विधायक चंद्रशेखर सहित अन्य।

प्रदेश के आम जनमानस को ध्यान में रख कर बनाई गई हैं।

विधायक ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को पूरी तन्मयता से पर्यवेक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया ताकि कोई पात्र लाभार्थी योजना का लाभ लेने से वंचित न रह पाए।

इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय सरकाघाट में शुरू किए गए दो नए पाठ्यक्रमों बॉटनी और ज्योलॉजी में प्रवेश करने वाली छात्राओं की अच्छी संख्या के लिए खुशी व्यक्त की। इसके पश्चात विधायक ने नवरात्री के अवसर पर 9 कन्याओं का पूजन भी किया। इस मौके उन्होंने मुख्यमंत्री शगुन योजना के अन्तर्गत परियोजना गोपालपुर की अंजना देवी, हिना देवी व पूजा देवी सहित अन्य 5 लाभार्थी लड़कियों को जबकि परियोजना धर्मपुर की 7 लाभार्थी लड़कियों को 31000 रुपए की राशि शगुन के तौर पर वितरित की।

साथ ही उन्होंने परियोजना गोपालपुर के अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत हेमलता व अनामिका वर्मा जबकि परियोजना धर्मपुर की रीना देवी व सावित्री देवी को 51000 रुपए की राशि शगुन के तौर पर प्रदान की। साथ ही 15 लाभार्थियों को 21000 रुपए की एफडी भी भेंट की।

### किरकिरी के बाद मुख्यमंत्री बने पलटूराम : राकेश

**मंडी।** गारंटीयां पूरी करने के लिए लूट खसूट पर उतरी हिमाचल सरकार की राष्ट्रीय स्तर पर किरकिरी होने के बाद अपने एक और तुगलकी फरमान को से यू-टर्न ले लिया है।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता और सुन्दरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने प्रदेश के मुखिया सुक्खू को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों शौचालय निशुल्क बनवाए वहीं मुख्यमंत्री की अवसरवादी सोच ने इन शौचालय पर टैक्स लगा कर अपनी लूट खसूट शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अवसरवादी, झूठे और अनुभवहीन है, उनका झूठ सामने आता रहता है।

**हम** खुद के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के शांति, विकास और कल्याण में विश्वास रखते हैं। **–लाल बहादुर शास्त्री**

## संपादकीय

# जेल में जातिवाद

इस देश में आज भी जातिगत नियम चल रहे हैं। लिखित रूप से यह कानून बना है कि किस जाति का व्यक्ति मैला ढोएगा और टॉयलेट साफ करेगा तथा किस जाति का व्यक्ति खाना पकाएगा। यह हालत है देश की जेलों की, जहां चार लाख से ज्यादा कैदी हैं और उनमें से 60 प्रतिशत कैदी एससी/एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। यह आश्चर्य की बात है कि जेलों में आज भी जातिवाद के आधार पर कैदियों को काम का वितरण किया जाता है। बात सिर्फ जेलों की ही नहीं है, बल्कि और भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां जाति के आधार पर सारी व्यवस्था चलती है। किसी व्यक्ति को अगर अपनी औकात जाननी हो तो वह एक बार जेल चला जाए, वहां उसको उसकी जाति के आधार पर हैसियत बता दी जाएगी। जब जाति का मुद्दा उठता है तो सरकारें अक्सर मौन धारण कर लेती हैं। यह हकीकत है कि मनु के बनाए जाति के नियम आज भी जेलों में चल रहे हैं। जेलों में धर्म के अनुसार बनाए गए नियमों के आधार पर कैदियों को काम करने ही पड़ते हैं। चाहे बाहर वह कितने भी रसूखदार या रुतबे वाला व्यक्ति क्यों न हो। भले ही यह दावा किया जाता है कि जाति के आधार पर देश में भेदभाव और छुआछूत समाप्त हो चुका है, लेकिन जब जेल मैनुअल की बात आती है, तो वे दावे झूठे साबित होते हैं।

ऊंची जाति का कोई कैदी है, तो उसे उसी हिसाब से कम मिलता है और अगर नीची जाति वाला कोई व्यक्ति है, तो उसे उसी हिसाब से कम दिया जाता है। बड़ी बात यह कि जेल मैनुअल कुछ राज्यों को छोड़कर ऑनलाइन नहीं दिखते हैं। राजस्थान हाई कोर्ट के बाहर आज भी वर्ण व्यवस्था का फार्मूला देने वाले ऋषि मनु की मूर्ति लगी हुई है। डॉ. अंबेडकर ने जातिवाद के विरुद्ध मनु स्मृति को जला दिया था। उन्होंने जाति के आधार पर मनु के बनाए नियमों को मानने से मना कर दिया था। संविधान में भी जातिवाद को निषेध किया गया है। वह मूर्ति इस बात की सूचक है कि भले ही संविधान लागू हो गया, लेकिन जेलों में आज भी जाति के आधार पर कानून चलता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा कि देश की किसी भी जेल में जाति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने जेल नियमावली में मौजूद ऐसे सभी प्रावधानों को हटाने के लिए कहा है जो भेदभाव को बढ़ावा देते हैं। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कई मायनों में ऐतिहासिक है, क्योंकि जो वर्षों से कुप्रथा चली आ रही थी उस पर अब विराम लग जाएगा।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों से तीन महीने के भीतर अपने जेल नियमावली और कानूनों में संशोधन करने और उसके समक्ष अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। निश्चित रूप से इस फैसले से बड़ा बदवाल आने की उम्मीद बलवती होगी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश समेत दस राज्यों की जेल नियमावली को 'असंवैधानिक' करार दिया है। यह याचिका महाराष्ट्र के कल्याण की रहने वाली पत्रकार सुकन्या शांता ने दायर की थी, जिसमें उसने इस मामले पर काफी अध्ययन करने के बाद आरोप लगाया गया था कि कुछ राज्यों की जेल नियमावली जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देती है। जेलों में जाति के आधार पर काम का बंटवारा करने से रोक लगने के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का कई मायनों में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। सबसे पहले यह आदेश जेलों में समानता और न्याय की स्थापना में मदद करेगा। जाति के आधार पर काम का बंटवारा करना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि यह कैदियों के मानवाधिकारों का भी उल्लंघन है। इसके अलावा यह आदेश जेलों में भीड़भाड़ को कम करने में भी मदद कर सकता है।

जब कैदियों को उनकी योग्यता और क्षमता के आधार पर काम सौंपा जाएगा, तो इससे उनकी दक्षता में सुधार होगा और वे जेल में अपने समय का बेहतर उपयोग कर पाएंगे। यही नहीं, यह आदेश जेलों में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। जेलों में सुधार के लिए यह आवश्यक है कि कैदियों के साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाए और उनके अधिकारों का सम्मान किया जाए। हालांकि, यह आदेश लागू करने में कई चुनौतियां भी हो सकती हैं। जेलों में जाति के आधार पर काम का बंटवारा करने की प्रथा को बदलने के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, जेल प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि कैदियों के साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाए, क्योंकि सबको सम्मान से जीने का अधिकार है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### अभिनेता, संपादक, फिल्म निर्देशक व अधिवक्ता

**चो** रामस्वामी भारतीय अभिनेता, हास्य कलाकार, चरित्र अभिनेता, संपादक, राजनीतिक व्यंग्यकार, नाटककार, संवाद लेखक, फिल्म निर्देशक और अधिवक्ता थे। उनका पूरा नाम 'श्रीनिवास अय्यर रामस्वामी' था। बाबूराव पटेल की 'मदर इंडिया' की तर्ज पर चो रामस्वामी ने तमिल में राजनीतिक व्यंय की पहली पत्रिका शुरू की थी और इसका नाम 'तुगलक' रखा था। द्रविड़ आंदोलन और कांग्रेस का एक भी नेता उनके व्यंग्य के निशाने से नहीं बच पाया। असंख्य लोग व्यग्यों के जरिये सामाजिक बदलाव लाने के चो रामस्वामी के काम को प्रशंसा और सम्मान की दृष्टि से देखते थे। चो रामस्वामी का जन्म ब्रिटिशकालीन भारत में मद्रास में हुआ था। इसके बावजूद जो भी पार्टी सत्ता में रही हो, जब भी मीडिया की आज़ादी या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात उठी, वे मोर्चे पर सबसे आगे रहे। देश के कई नेताओं के साथ रामस्वामी के अच्छे व्यक्तिगत संबंध थे। तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता से भी उनकी काफी अच्छी दोस्ती थी। जब चो रामस्वामी गंभीर रूप से बीमार पड़े, तब जयललिता के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनसे मिलने के लिए पहुंचे थे। एक पारंपरिक कांग्रेसी परिवाद से आने के कारण चो रामस्वामी राजाजी और कामराज के प्रशंसक थे। वर्ष 1969 में कांग्रेस को विभाजित कर इंदिरा गांधी ने जब तमिलनाडु में द्रमुक के साथ गठजोड़ किया, तब चो रामस्वामी उन थोड़े लोगों में थे, जो राजाजी और कामराज का समर्थन कर रहे थे। ■



**चो रामस्वामी**
**जन्म :** 5 अक्तूबर, 1934
**मृत्यु :** 7 दिसंबर, 2016

## अपनी बात

**नवरात्र** के तीसरे दिन दुर्गा माता के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा देवी की पूजा का विधान है। देवी भागवत पुराण के अनुसार मां दुर्गा का यह रूप शांति और समृद्धि प्रदान करने वाला माना गया है। ऐसी मान्यता है कि चंद्रघंटा देवी की पूजा करने से आपके तेज और प्रताप में वृद्धि होती है और समाज में आपका प्रभाव बढ़ता है। देवी का यह रूप आत्मविश्वास में वृद्धि प्रदान करने वाला माना गया है। आइए नवरात्र के तीसरे दिन आपको बताते हैं चंद्रघंटा देवी की पूजाविधि, पूजा मंत्र और मां का नाम चंद्रघंटा क्यों पड़ा। ऐसे पड़ा चंद्रघंटा मां का नाम मां दुर्गा का यह स्वरूप अलौकिक तेज वाला और परमशक्तिदायक माना गया है। माता के रूप में उनके मस्तक पर अर्द्धचंद्र के आका का घंटा सुशोभित है, इसलिए देवी का नाम चंद्रघंटा पड़ा है। मां के इस रूप की पूजा नवरात्र के तीसरे दिन सूर्योदय से पहले उठकर करनी चाहिए। मां की पूजा में लाल और पीले फूल का प्रयोग किया जाता है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा में केसर की बनी खीर का भोग लगाना सबसे अच्छा माना जाता है। मां के भोग में दूध से बनी मिठाइयों का भोग लगाने की परंपरा है। आप दूध की बर्फी और पेड़े का भी भोग लगा सकते हैं। **विकास, चंडीगढ़**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# बलपूर्वक आरक्षित श्रेणी में डालना गलत

श्री कृष्ण द्वैपायन वेद व्यास जी महाभारत में एक स्थान पर लिखते हैं–

गुह्य ब्रह्म तदिदं ब्रवीमि।
नहि मानुषात्श्रेष्ठतरं हि किंचित।।

मैं तुमको यह रहस्य बतलाता हूं कि इस लोक में मनुष्य से बढ़कर श्रेष्ठ कुछ नहीं है।" यथार्थ में सामाजिक स्थिति भिन्न है। प्राचीन समय से ही कोलिय क्षत्रियों का इतिहास वीरता, परिश्रम, दानवीरता, स्वाभिमान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का रहा है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, वाल्मीकि, रामायण, महाभारत, बौद्ध ग्रंथ, पुराण, महावंश इतिहास, शोध पत्र, गजटियर, लोक साहित्य, किवदंतियां, कोलियों को क्षत्रिय सिद्ध करती है। आज के समय में क्षत्रिय का पर्याय राजपूत माना जाता है। कोलिया शब्द और समुदाय को वृहद भारत से मुगलों और अंग्रेजों ने मिटाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया, किंतु मिटा न सके। किंतु काले अंग्रेजों ने भारत में अलग-अलग रूप में बांट कर इस अति प्राचीन और कुलीन समुदाय का बंटाधार कर दिया।

हिमाचल के जिला मंडी के बल्ह और सुंदरनगर क्षेत्रों में बसने वाले कोलिया जिन्हें कोली, सुच्चे कोली, बसेडू, राजपूत, कोली राजपूत आदि नामों से भी अभिहित किया जाता है के संदर्भ में, संघर्ष गाथा है। एक ओर जहां कुछ लोग आरक्षित श्रेणी के लिए पलक पांवडे बिछाने के लिए हर समय तैयार रहते हैं, तो दूसरी ओर कुछ ऐसे भी लोग हैं जो अपने परिश्रम और स्वाभिमान के बल पर जिंदा रहना चाहते हैं। ये लोग आरक्षण को भिक्षा का कटोरा समझते हैं। ऐसे ही स्वाभिमानी लोगों का समुदाय सुंदरनगर और बल्ह के मैदानी भाग का बाशिंदा है। ये लोग चाहते हैं कि उनके गलत हुए इंद्राज की दुरुस्ती की जाए। उन्हें आरक्षण की कतई जरूरत नहीं। जो लोग आरक्षण कटोरा पकड़े रखना चाहते हैं उनसे उनका कोई लेना देना नहीं। दरअसल सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से डरे ब्रिटिश और उनके पिटठू, फूट डालो, प्रताड़ित करो, सामाजिक प्रतिष्ठा छीनों और राज करो की नीति अपनाए थे। मुगलों को लोहे के चने चबवाने वाले कोलियों का वे कुछ न बिगाड़ पाए, किंतु कई क्षेत्रों में गिराने में कामयाब रहे। इनके बाद अंग्रेजों ने तो कोई कसर ही नहीं छोड़ी। सन 1871 में क्रिमिनल ट्राइब एक्ट बना कर अनेक समुदाय जनमना अपराधी बना डाले गए। स्वतंत्रता प्रेमी समुदाय कुचलना प्रारंभ कर दिए। बृहद भारतीय समाज को बांटने के लिए सन् 1881 की जनगणना में चारों वर्णों को जातियों में बदल डाला।



**लेखक : कृष्ण चंद्र महादेविया**
महादेव, सुंदरनगर

यही नहीं भारतीय शिक्षा पद्धति, गुरुकुलों को नष्ट करके मैकाले की शिक्षा पद्धति शुरू की। यहां तक कि अपने भारतीय गद्दार एजेंट हर ओर नियुक्त करने लग गए। सन 1881 की जनगणना का क्रम सन 1911 तक आते सैकड़ों समुदायों में समाज बांट दिया गया। राष्ट्रीय एकता छिन्न-भिन्न कर दी गई। इसी जनगणना में सवर्ण कोलियों को डिप्रेस्ड क्लास में डाल दिया। इसका घोर विरोध हुआ। कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, सुकेत रियासत के सवर्ण कोलियों के तीव्र विरोध के कारण अंग्रेज और सुकेत रियासत के शासक सचेत होकर विरोध को रोकने का उपाय करने लगे। अंग्रेज भक्त राजा सुकेत के कोलियों को न्यायालय में न जाने को मनाने में कामयाब हो गया। सुकेत राजा ने आश्वासन दिया कि वह उनके समुदाय के स्वाभिमान और प्रतिष्ठा पर आंच नहीं आने देगा। जबकि कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर के सवर्ण कोलियों ने होशियारपुर न्यायालय में अंग्रेज और जनगणना में गलत लिखने को लेकर मुकद्दमा दर्ज कर दिया।

इसमें अपरोक्ष रूप में सुकेत रियासत के सवर्ण कोली भी शामिल थे। सन 1924-25 के सुकेत विद्रोह में रियासत के बजीर रेवेन्यू सेक्रेटरी का मकान जला दिया गया था, जिसके मुख्य आरोपी सुच्चे कोलियों को मान लिया गया था। सुकेत रियासत के राजा दुष्ट निकंदन सेन के समय राजा की रसोई में जल भरने के कार्य का भी कोलियों ने विरोध किया था। उन्हें जलैहरू शब्द से नफरत हो गई थी। इस कारण भी सुकेत दरबार प्रतिष्ठित कोलियों को पददलित करना चाहता था। पूरा दरबार ही अंग्रेजों का पिछलग्गू था। 1911 की जनगणना के खिलाफ जिला होशियारपुर न्यायालय में कोलियों ने मुकद्दमा दायर किया। 22 दिसंबर 1939 को होशियारपुर न्यायालय ने कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर के कोलियों का सवर्ण ही निर्णीत किया। परोक्ष रूप से सुकेतड़ कोली भी आश्वासत हो गए। किंतु अंग्रेजों ने लाहौर उच्च न्यायालय में अपील दायर कर दी। 22 अप्रैल सन 1941 को लाहौर उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कोलियों का सवर्ण करार दिया। यह कांगड़ा सहित सुकेतड़ सुच्चे कोलियों की बड़ी विजय थी। कोट कहलूर (बिलासपुर) रियासत के राजा आनंद चंद के समक्ष बिलासपुर के कोलियों ने स्वतंत्रता सेनानी गोकल सिंह ने उनके माल कागजात दुरुस्त करने के लिए मुकद्दमा किया।

राजा द्वारा स्वयं जांच-पड़ताल करने के उपरांत 27 अप्रैल 1948 आदेश दिया कि रियासत के कोली राजपूत है। उनके कागजात माल में राजपूत लिखा जाए और कोली बोलने पर प्रतिबंध लगा दिया। सुकेत रियासत में विजय दशमी सन 1946 को सुकेत दरबार में महादेव सहित कुछ गांवों के सुच्चे कोलियों के प्रतिनिधि और रियासत में कार्यरत उनके समुदाय के कर्मचारियों की सभा में उनके मालकागजात में कौम कॉलम में राजपूत इंद्राज करने का आदेश रेवेन्यू सेक्रेटरी को दिया। किंतु रेवेन्यू सेक्रेटरी ने बदले को भावना को नहीं छोड़ा, बल्कि इस अधिकारी द्वारा एक अन्य समुदाय को इनके समक्ष खड़ा करने का प्रयत्न किया। देश आजाद हुआ। संघर्षरत कोली समुदाय के सुंदरनगर में माल कागजात में सन 1950-51 में कौम राजपूत के बजाए कोली बसेडू लिख दिया गया।

हालांकि वे सवर्ण थे। सन 1961-62 तक कोलियों को दस्तावेजों में कोली राजपूत शब्द दिखता है। जिला मंडी की तहसील जोगिंद्रनगर और लड्डु इलाका के कोलियों ने न्यायालय में उनके इंद्राज ठीक करने का मुकद्दमा दर्ज किया। न्यायालय द्वारा 27 दिसंबर 1957 को पांच परिवार राजपूत निर्णीत हुए। 22 सितंबर 1967 को पुन: जोगिंद्रनगर के पिहड और चौंतड़ा पंचायत के लोगों ने मालकागजात में गलत इंद्राज को लेकर मुकद्दमा माननीय न्यायालय में किया। न्यायालय द्वारा 17 जून 1967 को 9 परिवार राजपूत घोषित हुए। अपील के उपरांत जिला न्यायालय ने 26 अप्रैल 1968 को फैसला दिया कि अपीलकर्ता तथा इनकी जाति (क्लास) के लोग राजपूत हैं कोली नहीं। सुंदरनगर व बल्ह में भी फैसले का व्यापक प्रभाव हुआ और खत्रवाड़ी नामक स्थान पर एवं राजपूत इतंकाल होने लगा। राजनीतिक षड्यंत्र के चलते सुंदरनगर व बल्ह का स्वाभिमानी और कर्मठ समुदाय खून के आंसू रुलाया गया, किंतु राजस्व अभिलेख में इंद्राज दुरुस्ती नहीं होने दी। आरक्षण से मुक्ति राष्ट्रभक्ति का चिन्ह है ही, साथ में क्रांतिकारी कदम भी है। जाति आधारित आरक्षण देश हित में नहीं है। सुंदरनगर और बल्ह के इस सुमदाय की ऐसी सोच जो परिगणित समुदाय से बाहर निकलना चाहते हैं प्रशंसनीय है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# माता चंद्रघंटा की पूजा करने से मिलती है शांति

नवरात्र के तीसरे दिन मां के तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की जाती है। माता चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र बना हुआ है, जिस वजह से भक्त मां को चंद्रघंटा कहते हैं। ऐसा माना जाता है मां ने अपने भक्तों के दुखों को दूर करने के लिए हाथों में त्रिशूल, तलवार और गदा धारण करती है। नवरात्र के तीसरे दिन विधि-विधान से मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप माता चंद्रघंटा की अराधना करनी चाहिए। मां की अराधना उं देवी चंद्रघंटायै नम: का जप करके की जाती है। माता चंद्रघंटा को सिंदूर, अक्षत, गंध, धूप, पुष्प अर्पित करें। आप मां को दूध से बनी हुई मिठाई का भोग भी लगा सकती हैं।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

नवरात्र के हर दिन नियम से दुर्गा चालीस और दुर्गा आरती करें। दुर्गा का पहला शैलपुत्री और दूसरा ब्रह्मचारिणी स्वरूप भगवान शंकर को प्राप्त करने के लिए है, जब माता भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त कर लेती हैं तब वह आदिशक्ति के रूप में प्रकट होती है और चंद्रघंटा बन जाती हैं। जब माता भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त कर लेती हैं। तब वह आदिशक्ति के रूप में प्रकट होती है और चंद्रघंटा बन जाती हैं। माता चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र बना हुआ है, जिस वजह से भक्त मां को चंद्रघंटा कहते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता चंद्रघंटा को राक्षसों की वध करने वाला कहा जाता है।

नवरात्र के हर दिन नियम से दुर्गा चालीस और दुर्गा आरती करें। मां चंद्रघंटा की कृपा से ऐश्वर्य और समृद्धि के साथ सुखी दांपत्य जीवन की प्राप्ति होती है। विवाह में आ रही समस्याएं दूर हो जाती हैं। मां चंद्रघंटा प्रिय रंग-मां चंद्रघंटा की पूजा करते समय सुनहरे या पीले रंग के वस्त्र धारण करना अत्यंत शुभ माना गया है। आप मां को दूध से बनी हुई मिठाई का भोग भी लगा सकती हैं। मां चंद्रघंटा का प्रिय पुष्प-मान्यता है कि मां चंद्रघंटा को सफेद कमल और पीले गुलाब की माला अर्पित करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मां दुर्गा का पहला शैलपुत्री और दूसरा ब्रह्मचारिणी स्वरूप भगवान शंकर को प्राप्त करने के लिए है, जब माता भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त कर लेती हैं तब वह आदिशक्ति के रूप में प्रकट होती है और चंद्रघंटा बन जाती हैं। देवी भागवत पुराण के अनुसार, मां दुर्गा का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण देवी का नाम चंद्रघंटा पड़ा है। मां दुर्गा की यह शक्ति तृतीय चक्र पर विराज कर ब्रह्मांड से दसों प्राणों व दिशाओं को संतुलित करती है और महाआकर्षण प्रदान करती है।

इनकी उपासना से भक्तगण समस्त सांसारिक कष्टों से छूटकर सहज ही परमपद के अधिकारी बन जाते हैं। इस देवी के दस हाथ माने गए हैं और ये कमल, धनुष, बाण, खड्ग, कमंडल, तलवार, त्रिशूल आदि जैसे अस्त्र और शस्त्र से सुसज्जित हैं। इनके वंदन से मन को परम सूक्ष्म ध्वनि सुनाई देती है, जो मन को बहुत शांति प्रदान करती है। चूंकि इनका वर्ण स्वर्ण जैसा चमकीला है और ये हमेशा आसुरिक शक्तियों के विनाश के लिए सदैव तत्पर रहती हैं, इसलिए इनकी आराधना करने वाले को भी अपूर्व शक्ति का अनुभव होता है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### मेरी जीत तेरी, तेरी हार मेरी

**डॉ. कौमार्या मनोज**

*तू है दोस्त मेरी या प्यार मेरी ।*
*कुछ तो बता दे यार मेरी ।।*
*मैं देखूं तुझको अपनों में ।*
*हर रोज दिखे तू सपनों में।।*
*कर आग्रह को स्वीकार मेरी।*
*कुछ तो बता दे यार मेरी ।।*
*क्या मानूं तुझको मैं अपना ।*
*क्या देखूं मैं तेरा सपना ।।*
*मेरी जीत तेरी, तेरी हार मेरी।*
*मुझे हर बातें स्वीकार तेरी।।*
*मेरी बातों का तू ज्ञान तू रख ।*
*हूं प्यार तेरा ये मान तो रख।।*
*मैं तेरा हूं, तू मेरी है ।*
*इन बातों का तू मान तो रख ।।*
*तेरा तू अपना सब रहने दे ।*
*तू मेरी है इसका ज्ञान तो रख।।*
*मेरी जीत तेरी, तेरी हार मेरी।*
*मुझे हर बातें स्वीकार तेरी।।*

# बिल तो थमा दिए जाएंगे पर पानी की बर्बादी आखिर रोके कौन ?

देवताओं की स्थली में कभी प्यासे को पानी पिलाना परमार्थ का कार्य लोग समझते थे। ठीक इसी कारण लोग गर्मियों के दिनों में कच्ची मिट्टी से बने कोरे घड़े में पानी भरकर परबे लगाते थे। मिनरल पानी के दौर में आजकल बहुत ही कम जगहों पर ऐसे परबे देखने को मिलते हैं। सुख की सरकार अब घरों में लगे नलों में आने वाले पानी का बिल भी 1 अक्तूबर से वसूलने का आगाज कर चुकी है। कांग्रेस ने चुनावी बेला पर प्रत्येक घर को 300 बिजली यूनिट मुफ्त दिए जाने की घोषणा की थी। 300 बिजली यूनिट मुफ्त दिए जाना, तो दूर की बात पूर्व सरकार द्वारा जिन लोगों को 125 बिजली यूनिट की सब्सिडी मिलती थी, उस पर भी कैंची फेर दी गई है। आज 300-500 बिजली यूनिट जलाने वालों को 6 रुपए 25 पैसे प्रति यूनिट भुगतान करने को तैयार रहना होगा। सरकार ने बड़े उद्योगों की बिजली सब्सिडी बंद करके प्रदेश को आर्थिक तंगी से निकालने का अथक प्रयास किया है। हिम केयर योजना में पारदर्शिता लाने को लेकर भी सरकार ने एक कमेटी का गठन किया है।

सुख की सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा चलाई गई सहारा योजना में फेरबदल करके अब उसे जटिल बनाने का प्रयास किया है। सरकार ने 100 प्रतिशत अपंग बच्चों को मिलने वाली तमाम सुविधाओं को फिलहाल बंद करवा दिया है। सरकार ने जब मानवता ही खत्म कर दी, तो आम जन मानस उससे क्या उम्मीद रख सकता है। हिमाचल प्रदेश में अब 50 हजार रुपए सालाना कमाने वालों को घरों में 100 रुपए तक पानी का बिल भी चुकता करना पड़ेगा।

राज्य सरकारें नगर परिषदों में मीटर लगाकर पानी का बिल वसूल करती रही हैं। सुख की सरकार अब ग्रामीण इलाकों के लोगों से पानी का बिल वसूलकर व्यवस्था परिवर्तन की एक मिसाल पेश करने की योजना बनाए हुए है। सुख की सरकार के तमाम फैसलों का राज्य की जनता सहित भाजपा नेता खूब विरोध कर रहे हैं। भाजपा नेताओं का तर्क है कि सुख की सरकार का बस चले, तो वह लोगों से अक्सीजन ग्रहण करने की वसूली करने का श्री गणेश कर दे। लोगों को जब बिना मेहनत किए ही सब कुछ मिलना शुरू हो जाए, तो उनमें अकर्मण्यता की भावना जागृत होना स्वाभिक बन जाता है। पूर्व भाजपा सरकार ने जनता का पानी बिल माफ कर दिया था। पानी बिल, 125 बिजली यूनिट में सब्सिडी मिलने पर प्रदेश की जनता गदगद थी। सुख की सरकार द्वारा अब पानी बिल भी वसूल किए जाने का फरमान जारी किया, तो जनता उसका कड़ा विरोध कर रही है। सरकारी विभागों की इतनी इनकम तो अवश्य ही होनी जरूरी की तमाम कर्मचारियों का वेतन सरकारें अवश्य निकाल सकें। सुख की सरकार का मानना है कि राज्य में कोई आर्थिक संकट नहीं है। सरकारी कर्मचारियों, पेंशनरों का भुगतान लंबित होना फिर क्या समझा जाए?। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने प्रदेश की बागडोर संभालते ही आर्थिक संकट का राग अलापना शुरू कर दिया है।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

पूर्व भाजपा सरकार भी कर्ज सहारे ही काम चलाती रही है। मीडिया रिपोर्ट अनुसार प्रत्येक हिमाचली पर अब लाखों रुपए कर्जा है। ऐसे में माननीय आर्थिक संकट की बात अस्वीकार करें, तो हास्यस्पद लगता है। राज्य सरकारों ने अपने आय के स्रोत बढ़ाने और नजायज फिजूल खर्ची पर अंकुश लगाने की कभी कोशिश नहीं की है। माननीय आज भी 15 हजार रुपए टेलीफोन भत्ता डकार रहे हैं। स्मार्ट मोबाइल फोन पर 300 रुपए का रिचार्ज करके एक महीना जनता से बात की जा सकती है। सुख की सरकार ने सीपीएस, कैबिनेट रेंक रेवड़ियों की तरह बांटे, अपने चहेतों का वेतनमान कई गुणा बढ़ाकर एक बहस का आगाज किया है। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में कई नल जनता की सुख सुविधा के लिए लगाएं गए हैं। कुछेक नल सिर्फ खूंटे की तरह खड़े जिनमें पानी की सप्लाई पर्याप्त और नियमित नहीं आती है। जल शक्ति विभाग द्वारा अब पानी का बिल जनता को थमाए जाने सहित अपनी कार्यप्रणाली में बहुत सुधार करने की जरूरत है। स्वच्छता अभियान के चलते अधिकतर घरों में अब शौचालयों का निर्माण किया है। केंद्र सरकारों ने गरीब लोगों को इसके लिए आर्थिक अनुदान रूप में मदद की है। एक बार शौचालय की गंदगी साफ करने के लिए पांच लीटर पानी की आवश्यकता पड़ती है। आज प्रत्येक घर में पानी टंकियों में एकत्रित करके रखना लोगों की मजबूरी बन चुकी है।

जल शक्ति विभाग की कितनी योजनाओं का पानी पीने लायक इसकी गुणवत्ता जांच करने की अधिक जरूरत है? कुछेक सिंचाई योजनाओं का पानी इतना गंदा होने कारण जनता में कई बीमारियां फैलने का अंदेशा बना रहता है। पानी भंडारण की व्यवस्था न बराबर लगती है। कहने को वाटर टैंकों का निर्माण किया गया, मगर जनता की आपसी खींचातानी के चलते वह भी सर्फ सफेद हाथी बनकर रह गए हैं। पानी टैंकों में शुद्दता पर ध्यान देने की अधिक आवश्यकता है। गंदा पानी पीने से लोगों में कई तरह की गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। पानी देखने में बिलकुल साफ दिखाई देता, मगर उसकी गुणवत्ता स्वास्थ्य विभाग ही बता सकता है। पानी की बर्बादी रोकने बारे कौन योजना बनाए यह बड़ा सवाल बना हुआ है। जनता से सरकार पानी का बिल वसूल करना चाहती है।

कोरोना वायरस काल दौरान भी जिन उद्योगपतियों का धंधा बेरोक टोक चलता रहा, उसने कौन पानी का बिल वसूल करेगा। नलकूपों का पानी कुछेक इंट भट्टा मालिक ही आज दिन तक डकारते रहे हैं। किसानों को अपनी फसलें, सब्जियां सिंचित करने के लिए पर्याप्त पानी की दरकार रहती है। इंट भट्ठा मालिकों को निरंतर पानी की सप्लाई जारी रहती आई है। कोरोना वायरस काल दौरान अधिकतर उद्योगों पर ताला जड़ दिया गया था। नेताओं की आपसी सांठगांठ के चलते उक्त उद्योग दिन रात काम में व्यस्त रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पृथ्वी को हरा-भरा रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी

पर्यावरण शब्द 'परि +आवरण' के संयोग से बना है। 'परि' का आशय चारों ओर तथा 'आवरण' का आशय परिवेश है। दूसरे शब्दों में कहें, तो पर्यावरण अर्थात वनस्पतियों, प्राणियों, और मानव जाति सहित सभी सजीवों और उनके साथ संबंधित भौतिक परिसर को पर्यावरण कहते हैं। वास्तव में पर्यावरण में वायु, जल, भूमि, पेड़-पौधे, जीव-जंतु, मानव और उसकी विविध गतिविधियों के परिणाम आदि सभी का समावेश होता है। विज्ञान के क्षेत्र में असीमित प्रगति तथा नए आविष्कारों की स्पर्धा के कारण आज का मानव प्रकृति पर पूर्णतया विजय प्राप्त करना चाहता है।

इस कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है। वैज्ञानिक उपलब्धियों से मानव प्राकृतिक संतुलन को उपेक्षा की दृष्टि से देख रहा है। दूसरी ओर धरती पर जनसंख्या की निरंतर वृद्धि, औद्योगीकीकरण एवं शहरीकरण की तीव्र गति से जहां प्रकृति के हरे भरे क्षेत्रों को समाप्त किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रकृति के अत्यधिक दोहन के कारण न केवल मानव जाति को बल्कि पृथ्वी पर निवास करने वाले सभी प्राणियों को ऐसे वातावरण में धकेल दिया है, जहां स्वस्थ जीवन की मात्र कल्पना कर सकते हैं। विभिन्न प्रकार के नए रोग, जो प्रकृति का अत्यधिक दोहन करने से समाज में उपजे हैं, मानव को अत्याधुनिकीकरण का दिखावा करने के परिणामस्वरूप प्रकृति की ओर से भेंट है। पर्यावरण प्रदूषण के कुछ दूरगामी दुष्प्रभाव हैं, जो बहुत घातक हैं, जैसे आण्विक विस्फोटों से रेडियो धर्मिता का आनुवांशिक प्रभाव, वायुमंडल का तापमान बढ़ना, ओजोन परत की हानि, भूक्षरण आदि ऐसे घातक दुष्प्रभाव हैं।



**लेखक : रविंद्र परमार**
चुवाड़ी, चंबा

प्रत्यक्ष दुष्प्रभाव के रूप में जल, वायु तथा परिवेश का दूषित होना एवं वनस्पतियों का विनष्ट होना, मानव का अनेक नए रोगों से आक्रांत होना आदि देखे जा रहे हैं। बड़े कारखानों से विषैला अपशिष्ट बाहर निकलने से तथा प्लास्टिक आदि के कचरे से प्रदूषण की मात्रा उत्तरोत्तर बढ़ रही है। आज के वर्तमान समय में हम देखते है। जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण इस तरह के हम प्रदूषण के स्वरूप देखने को मिलता है।

आज विश्व में भारत के कई शहर प्रदूषित शहरों के स्थान में 10 तक की रैंक में आपको 4 से 5 शहर देखने को मिल जाएंगे। आज के इस समय ने हमें अगर शुद्ध हवा या शुद्ध जल चाहिए, तो हमें पर्यावरण संरक्षण पर काम करना होगा। जिससे ये हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारे प्राकृतिक संसाधन बचे रहेंगे। आज के इस समय में हम देखते हैं। लोगों के बुनियादी ढांचे या अपने सुविधा के लिए पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया है। आज हम देखते हैं कि फोरलेन के निर्माण कार्य में सैकड़ों पेड़ पौधे काटे गए हैं जो कि हमें हवा देने का काम कर रहे थे। साथ ही आज के समय में जल संकट भी अपना विकराल रूप ले रहा है, कई स्थानों पर 4 से 5 दिन जल प्राप्त हो रहा है हमें पेड़ पौधे पर काम करना चाहिए, जिस से हमें हवा के साथ जल भी मिलता रहे।

हिमाचल प्रदेश में बात करें, तो पिछले दो सालों से भारी बारिश हो रही है। जिस के कारण कई तरह के जान माल का नुक्सान हुआ है। इसके पीछे हम कह सकते हैं कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ हो सकती है। हिमाचल प्रदेश के हर कोने में आपको कोई न कोई बड़ा हाइड्रो प्रोजेक्ट देखने को मिलेगा जिस स्थान पर ये हाइड्रो प्रोजेक्ट लगे हैं, वहां के लोगों को उन से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा है। साथ ही अप्रैल से लेकर जून तक हर जंगल में हमें आग लगी देखने को मिलती है, जो हमारे जंगलों को नष्ट कर रहे हैं और साथ ही उस जंगल में रह रहे जानवरों को भी मार रहे हैं। हम सब को अपने आस पास या अपने आने वाली पीढ़ियों को सब कुछ संभाल कर रखना होगा, क्योंकि आने वाले समय में हमारे अगर प्राकृतिक संसाधन नहीं बचेंगे, तो हमारा देश या समाज में कोई इन संसाधनों के बिना कैसे जीवित रहेगा, इसलिए हमें प्राकृतिक संसाधनों को बचाने में अपना सहयोग देना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# गांव महादेव के रामलीला मैदान में राम जन्म से लेकर ताड़का वध तक के प्रसंगों का किया मंचन

**भीम बसेड़ु, महादेव**

तहसील सुंदरनगर के अंतर्गत ऐतिहासिक एवं धार्मिक गांव महादेव के रामलीला मैदान (सामने प्राचीन गुग्गा जाहर पीर मंदिर) में 3 अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू हो गया है।

रात्रिकाल 8 बजे से लेकर 10 बजे तक किए जा रहे मंचन के दौरान पहले दिन राम जन्म से लेकर ताड़का वध आदि के प्रसंग दर्शाए गए जबकि पूर्व के वर्षों में किए गए रामलीला मंचन में पहले दृश्य में रावण, कुम्भकरण और विभीषण द्वारा की जाने वाली भगवान की तपस्या, मांगे-दिए जाने वाले वरदान और मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार द्वारा अपने अंधे माता-पिता को तीर्थ यात्रा करवाना, यात्रा के दौरान माता पिता को प्यास लगना श्रवण कुमार का जल स्त्रोत में जल भरते समय शब्दभेदी बाण लगना, कराह रहे इस भक्त के पास धनुषधारी राजा दशरथ का आना कुछ जरूरी वार्तालाप के बाद श्रवण का दम तोड़ देना और दशरथ का अपने किए पर पछताना।

राजा दशरथ द्वारा श्रवण कुमार के माता-पिता की प्यास बुझाने के लिए पानी लेकर जाना मगर उन्हें श्रवण के मारे जाने का पता चलने पर अंधा और अंधली द्वारा अयोध्या के राजा दशरथ को श्राप (शाप) दिया जाना आदि दिखाया जाता था, मगर अब साउंड की सीमित समयावधि किए जाने से अब इन दृश्यों को भी बाहर कर दिया गया है।(अनंत ज्ञान)

## 50 कलाकार करते हैं मंचन

महादेव से संबंधित रामलीला कमेटी यानि शिव आर्ट रामलीला कमेटी के पूर्व प्रमुख मनोज, ललित और वर्तमान में भी संस्थापक सदस्य एवं कलाकार राजेश ने बताया कि क्षेत्र भर में गांव महादेव एकमात्र ऐसा स्थल है, जहां वर्ष 1987 के आसपास से यानि 37 वर्षों से रामलीला का मंचन किया जा रहा है और अब 38वें वर्ष में प्रवेश कर गया है।

रामलीला कमेटी के सदस्य एवं कलाकार राजेश ने तो बड़ी ही तन्मयता से रामायण के आरम्भिक प्रसंग सहित कथा सार भी सुनाते हुए यह भी बताया कि रामलीला को सुंदर ढंग से किए जा रहे मंचन में 50 की संख्या में कलाकार अपनी-अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं, जिन्हें देखने के लिए दर्शकों की तादाद बढ़ती जा रही है।

# कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मिलेगा अवसर

**अनंत ज्ञान, कोटली**

सोच फाउंडेशन के अध्यक्ष राजा सिंह मल्होत्रा ने कहा कि वे भविष्य में एक स्टूडियो स्थापित करेंगे, जिसमें कोटली के उभरते हुए कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने रामलीला कमेटी के शारदीय नवरात्रों के पर रामलीला उत्सव का शुभारंभ पर जनसमूह को संबोधन में कलाकारों की हौसला अफजाई की।

उन्होंने रामलीला कमेटी



कोटली में रामलीला का मंचन करते हुए कलाकार।

**रामलीला कमेटी को दिया 31000 का सहयोग**

को रुपए 31000 का नकद राशि सहयोग के तौर पर भेंट की। रामलीला कमेटी के प्रधान प्रशांत मोहन, महासचिव अश्विनी कुमार, कोषाध्यक्ष कमल किशोर, देव ज्वैलर्स के मालिक देव राज तथा पंचायत समिति सदस्य अरुण कुमार ने मुख्यातिथि को शाल, टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पहली संध्या संस्थापक ठाकुर लाभ सिंह को समर्पित की गई।

# जोगिंद्रनगर में रामलीला मंचन की शानदार शुरूआत, दर्शकों में उत्साह

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में वीरवार शाम को श्रीराम कला मंच प्रबंधन समिति ने रामलीला का भव्य आयोजन किया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। पहले दृश्य में अयोध्या में राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जन्म का प्रसंग दिखाया गया, जिससे पूरे नगर में उत्सव का माहौल बन गया। राजा दशरथ की संतान प्राप्ति की इच्छा और यज्ञ का दृश्य विशेष रूप से सराहनीय रहा, जिसमें राजा को चार पुत्रों का वरदान मिलता है। इसके अलावा प्रेस क्लब जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष कैलाश कुमार, राजीव बहल और व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता, और अन्य सदस्यों ने शिरकत की। रामलीला के प्रारंभ से पूर्व मंच पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जहां रामलीला समिति के सदस्यों ने पूजा-अर्चना की और कलाकारों ने गणपति की आरती उतारी। श्रीराम कला मंच के प्रधान पंकज ठाकुर, सचिव सचिन सूद और निदेशक चंदन चौहान ने बताया कि राम जन्म के बाद दशरथ दरबार में ऋषि विश्वामित्र के आगमन और राम-लक्ष्मण को राक्षसों से मुनियों की रक्षा के लिए वन भेजने का दृश्य प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। स्थानीय कलाकारों ने अपने उम्दा अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया, जिससे पूरे कार्यक्रम में रोमांच बना रहा। आयोजन समिति ने कहा कि आने वाले दिनों में रामायण के अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वच्छता और दृढ़ संकल्प सुदृढ़ भारत की नींव : प्रो. ललित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छ भारत अभियान पहल के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। विश्वविद्यालय का यह अभियान प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित राष्ट्रीय मिशन के अनुरूप है। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति डॉ. ललित कुमार अवस्थी ने किया। प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने स्वस्थ और टिकाऊ वातावरण प्राप्त करने में स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। प्रो. अवस्थी ने अपने भाषण में स्वच्छ और सशक्त भारत की दिशा में हमारे युवा योगदान कर्ताओं की भूमिका पर जोर दिया। युवा स्वर्णिम भारत की नींव हैं और हमें उनमें स्वच्छता वृक्षारोपण और अच्छे नैतिक मूल्यों जैसी अच्छी आदतें विकसित करने के लिए सभी कदम उठाने चाहिए। इस दौरान प्रो अनुपमा सिंह प्रो. वीसी, प्रो. राजेश डीएसडब्ल्यूए इंजी, सुनील वर्मा रजिस्ट्रारए डॉ. सुनिल ठाकुर डीन योजना एवं विकास और अन्य सभी संकाय सदस्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### पलाहोटा स्कूल में खिलाड़ियों का किया स्वागत



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुई अंडर 14 वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिताओं में राज्य व जिला स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर लौटे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पलाहोटा के खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। पाठशाला के कार्यवाहक प्रधानाचार्य कर्म सिंह, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देश राज सहित समस्त स्टाफ द्वारा बच्चों को बधाई दी गई।

### रेबीज अवेयरनेस पर लोगों को दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वल्लभ महाविद्यालय में जीव विज्ञान विभाग द्वारा वन्य जीव सप्ताह के उपलक्ष्य पर रेबीज अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीव विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका पंचानी साप्ताहिक वन्य जीव



कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। रेबीज अवेयरनेस कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन डॉ. पल्लवी शर्मा वेटरनरी सर्जन तथा डॉक्टर राधिका वैद्य वेटरिनरी मेडिसिन जोनल हॉस्पिटल मंडी रहे। डॉक्टर पल्लवी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से रेबीज अवेयरनेस पर विस्तार प्रस्तुति दी। इस मौके पर डॉक्टर मोनिका पंचानी, डॉक्टर संजय नारंग डॉ. राधिका जमवाल, डॉ. माधवी जोशी आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने सीखे आपदाओं से बचाव के तरीके



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ को प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, भूस्खलन आदि की स्थिति में बचाव के तरीकों की जानकारी देना था। यह कार्यक्रम आपदा प्रबंधन की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें सुरक्षा और तत्परता पर विशेष जोर दिया गया। ड्रिल की अगुवाई प्रधानाचार्य गोपाल चंद शर्मा ने की, जिन्होंने इस अवसर पर कहा, आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता और तैयारी अत्यंत आवश्यक है। इस मॉक ड्रिल में आपदा प्रबंधन प्रभारी निधि शर्मा ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### तरोट में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के तरोट में एक हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। जानकारी अनुसार उपमंडल बल्ह के स्यांह निवासी बाइक सवार डडौर से सुंदरनगर की ओर जा रहा था। जैसे ही बाइक चालक तरोट के समीप पहुंचा तो उसके आगे सुंदरनगर की ही ओर जा रही बस के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाई गई। इसी दौरान बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण चालक बाइक पर से नियंत्रण खो बैठा और बाइक स्कीट होकर बस के पिछले टायर से टकरा गई। इससे बाइक सवार की सड़क पर गिरने के कारण मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पुलिस द्वारा मौके से हादसे के समय गुजर रहे एक ट्रक को भी शक के आधार पर कब्जे में लिया गया है। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर नियमानुसार पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। मृतक की पहचान 31 वर्षीय गोपाल कृष्ण पुत्र नेत्र सिंह निवासी स्यांह तहसील बल्ह जिला मंडी के रूप में हुई है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि मामले की जांच हो रही है।

### जीवन को सुखी बनाने के लिए योग जरूरी



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नवरात्रि के उपलक्ष्य पर ब्रह्माकुमारीज सुंदरनगर शाखा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर में नव दुर्गा चैतन्य झांकी निकाली गई। इसके उपरांत चौगान स्थित ब्रह्माकुमारीज शाखा में लगभग 500 लोगों की उपस्थिति में भव्य नवरात्रि एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न सर्कल की दीदीयों ने नवरात्रि की महता पर प्रकाश डाला। पंजाब जोन प्रभारी ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी ने कहा कि हिमाचल में विभिन्न ब्रह्माकुमारी संस्थान की दीदियां चैतन्य देवी स्वरूपा बनकर प्रदेश के दुर्गम पहाड़ों में भी लोगों के जीवन को सुखी बनाने के लिए ज्ञान योग की अलख जगा रही है। वहीं कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज मंडी सर्कल संयोजक ब्रह्माकुमार नरेंद्र उपस्थित रहे।

### डाइट में व्यावसायिक प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंडी मे राज्य स्तरीय सेवाकालीन प्रशिक्षण संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण लगभग तक चार चरणों में चला। व्यावसायिक प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों की रुचि उत्पन्न करना रहा। चार चरणों के इस प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण आर्थियों को जानकारियां दी गईं। बता दे कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक चरण के अध्यापकों को आईआईटी कमांद का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया।

# नलसर झील पर खर्च होगा 16 लाख

## 15वें वित्त आयोग से पंचायत को मिली धनराशि

**आदर्श यादव, नेरचौक**

मंडी जिला की नलसर झील के सौंदर्यीकरण पर 16 लाख रुपए खर्च होंगे। स्थानीय पंचायत को 15वे वित्त आयोग से जिला परिषद के माध्यम से यह धनराशि स्वीकृत हुई है।

इस धनराशि से स्थानीय पंचायत अलग-अलग मदों पर कार्य करने जा रही है। स्थानीय पंचायत ने मनरेगा के तहत वर्षा शालिका बनाने के लिए भी इस ऐतिहासिक झील के लिए धनराशि का प्रावधान किया है।

15वें वित्त आयोग व मनरेगा के तहत झील के सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण हो जाने पर इस झील की सुंदरता में और निखार आएगा।



ऐतिहासिक नलसर झील।

### कूड़े का ढेर बनी नलसर झील

**नलसर** झील वर्तमान में कूड़े का ढेर बनी हुई है। नलसर पंचायत घर के आसपास के दुकानदार व स्थानीय लोग अपनी अपनी दुकानों व घरों का कूड़ा जल शक्ति विभाग की कुहल में फेंकते हैं जो पानी में बह कर झील में इक्ट्ठा हो जाता है। लोगों की इस लापरवाही के चलते वर्तमान में झील में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। हालांकि जल शक्ति विभाग ने दुकानदारों और लोगों को कुहल में कूड़ा न फेंकने के लिए नोटिस भी जारी किए हैं मगर विभाग की इस कार्रवाई को भी स्थानीय लोगों ने नजरअंदाज कर दिया।

### धार्मिक आस्था का प्रतीक है नलसर झील

**ऐतिहासिक** नलसर झील धार्मिक आस्था का प्रतीक है। यह झील देव बाला कामेश्वर की हार में आती है। दंत कथाओं के मुताबिक मंडी जिला के आराध्य देव कमरुनाग इस झील के किनारे बैठना चाहते थे मगर किसी अशुभ माने जाने वाले पशु के दहाड़ने से उन्होंने यहां से प्रस्थान कर दिया और वे कमरू घाटी चले गए। एक अन्य दंत कथा के मुताबिक इस झील को रिवालसर व कमरुनाग झील से भी जोड़ा जाता है। यही कारण है कि नलसर झील का आकार धार्मिक आस्था की प्रतीक कमरू नाग झील व रिवालसर झील से मेल खाता है।

### पहले भी हो चुके हैं लाखों खर्च

**यदि** स्थानीय लोग पंचायत व प्रशासन का सहयोग करें तो नलसर झील पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित हो सकती है। यह झील बीबीएमबी नहर से मात्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। इस झील को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए प्रशासन की ओर से पूर्व में भी कई बार प्रयास हुए हैं तथा इसके सौंदर्यीकरण पर प्रशासन व पंचायत लाखों रुपए खर्च भी कर चुकी है।

### कूड़ा फेंकने पर होगा जुर्माना : प्रधान

**नलसर** पंचायत के प्रधान जिंदर कुमार व उप प्रधान विनोद ठाकुर ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन की मुहिम को पंचायत के कुछ लोग नजरअंदाज कर कूड़ा इधर-उधर फेंक रहे हैं या फिर कुहल में फेंक रहे हैं जो झील के सौंदर्यीकरण को खराब कर रहा है। ग्राम सभा की बैठक में इसके लिए जुर्माना लगाने का निर्णय लिया है जिसे शक्ति से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झील के सौंदर्यीकरण के लिए पंचायत लोगों को विश्वास में लेकर पुरी ईमानदारी से कार्य करेगी ताकि यह झील पर्यटन की दृष्टि से विकसित हो सके।

# शानन पावर हाउस और सड़कों की बदहाली पर लोगों का आक्रोश



विजय भाटिया लोगों को संबोधित करते हुए ।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर शुक्रवार को नेरघवासडा पंचायत के जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया ने शानन पावर हाउस के अधीक्षण अभियंता के माध्यम से पंजाब सरकार को ज्ञापन सौंपा। जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया ने बताया कि शानन पावर हाउस, जो हिमाचल का सबसे पुराना और ऐतिहासिक हाइडल प्रोजेक्ट है।

लोगों का कहना है कि इस पावर हाउस की इमारतें और संबंधित सड़कों की स्थिति दिनोंदिन खराब होती जा रही है, जिससे यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से उन्होंने इस मुद्दे कोसरकार और प्रशासन के समक्ष उठाया है, लेकिन ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

लोगों ने बताया कि दो महीने पहले इस संबंध में अधिकारियों से मुलाकात की थी, जिसमें आश्वासन दिया गया था कि सितंबर माह में सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा। हालांकि, अब अक्तूबर का महीना भी शुरू हो चुका है और अब तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है।

### अधूरी मरम्मत से नाराजगी

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें यह भी जानकारी मिली है कि सड़कों की मरम्मत का कार्य सिर्फ आधे हिस्से में ही प्रस्तावित है, जो कि इस क्षेत्र के लोगों की ज़रूरतों को पूरा नहीं करता है। हमारी सड़कों की हालत बहुत खराब हो चुकी है, और आधी मरम्मत से हमारी समस्याओं का समाधान नहीं होगा।

### सरकार से हस्तक्षेप की मांग

लोगों ने अपील की है कि इस प्रोजेक्ट और सड़क की मरम्मत का काम तुरंत शुरू करवाया जाए। वहीं शानन पावर हाउस और सड़कों की मरम्मत को लेकर स्थानीय निवासियों द्वारा उठाई गई यह मांग सरकार के लिए एक चुनौती बनती जा रही है ।

# अवैध निर्माण पर नगर निगम कोर्ट की सुनवाई शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण पर 225 नोटिस जारी किए थे जिनकी प्रथम सुनवाई शुक्रवार को आयुक्त कोर्ट में की गई। यह प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हुई जिसमें पहले दिन पुरानी मंडी के 10 मामलों की सुनवाई की गई।

वहीं नगर निगम आयुक्त एचएस राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि सप्ताह के दो दिन यह कोर्ट चलेगी और महीने में आठ दिन। इस दौरान एक महीने में 80 मामलों की सुनवाई की जाएगी और करीब 2 से अढ़ाई माह में इन मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मामले की सुनवाई से पहले लोगों को बताया भी जाता है कि उनसे कौन सी गलती हुई है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के कानूनों को अभी लोग समझ नहीं पाए है जिसमें टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की रूल्स के हिसाब से ही शहरों में किसी भी निर्माण को किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोग अभी इन नोटिस को हल्के में ले रहे है लेकिन यह कानून भी उसी प्रकार के है जिस प्रकार आपराधिक कानून और आईपीसी के कानून है जो किसी राजनीतिक व्यक्ति के फोन के माध्यम से रुक नहीं सकते।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि यह कानून लोगों की भलाई के लिए बनाए गए है और इसमें किसी व्यक्ति विशेष या सरकार का लाभ नहीं है इस कानून का पालन करें।

### अवैध निर्माणों पर निगम करेगा सुनवाई

**बता** दें कि पहले करीब 306 लोगों को नगर निगम द्वारा नोटिस भेजा गया था लेकिन बाद में 2022 के बाद नगर निगम के समय जो अवैध निर्माण हुए है उनको फस्ट फेज में बुलाया जाएगा जोकि 225 मामले है और जो नगर परिषद के समय के जो अवैध निर्माण है उन्हें दूसरे चरण में सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा।

# चरस तस्कर को 20 वर्ष का कारावास

**अनंत ज्ञान, मंडी**

माननीय विशेष न्यायाधीश-मंडी की अदालत ने एक अहम मामले में आरोपी ग्यानु तमांग को 3.393 किलोग्राम चरस रखने का अपराध सिद्ध होने पर 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 1,20,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने की इस सूरत में अदालत ने दोषी को एक वर्ष दो महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने बताया कि इस मामले में 30 अक्तूबर 2022 को ग्यानु तमांग के खिलाफ पुलिस थाना सुंदरनगर में मामला दर्ज हुआ था। 30 अक्तूबर 2022 को गाड़ियों को चेक किया जा रहा था। इस दौरान एक निजी गाड़ी को चैक करने के लिए रोका गया। गाड़ी चालक ग्यानु तमांग पुत्र हरक तमांग, निवासी समशी कुल्लू की गाड़ी से 3.393 किलोग्राम चरस पाई गई थी।

अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत द्वारा आरोपी ग्यानु तमांग द्वारा 3.393 किलोग्राम चरस रखने का अपराध, संदेह की छाया से परे सिद्ध पाया गया और दोषी को एनडीपीएस अधिनियम के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 1,20,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई।

# सरकाघाट कॉलेज में 6 को होगा पीटीए का गठन

**सरकाघाट।** रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में 6 अक्टूबर रविवार के दिन पीटीए की आम सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नई अभिभावक -अध्यापक संघ (पीटीए) की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 के पीटीए से संबंधित वित्तीय स्थिति का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। इस संदर्भ में सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों को विभिन्न माध्यमों द्वारा सूचना दी जा चुकी है। यह जानकारी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आरआर कौंडल द्वारा दी गई।

# उपायुक्त ने की कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में बैठक में कल्याण विभाग के तहत आने वाली विभिन्न समितियों के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान विभागीय अधिकारियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने पर बल देते हुए आने वाले समय में जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि योजनाओं का लाभ आम नागरिक तक पहुंचाया जा सके।

मंडी में 13,993 पुराने दिव्यांगता प्रमाण पत्रों में से 12,195 के यूडीआईडी कार्ड जनरेट किए जा चुके हैं। जबकि 10573 नए आवेदनों में से 5226 के यूडीआईडी कार्ड जनरेट हुए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड जनरेट करने के कार्य को समयबद्ध पूरा करने निर्देश दिए ताकि दिव्यांग सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दिव्यांगों की दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए पुन: दिव्यांगता अवलोकन कैंप आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए दर्ज मामलों की गहनता से छानबीन की जा रही है।

# राष्ट्रपिता गांधी के जीवन पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा द्वारा कुल्लू कॉलेज के सहयोग से राष्ट्रपिता गांधी जी पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस दौरान आमंत्रित वक्ता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. स्वर्ण सिंह ऑनलाइन जुड़े।

व्याख्यान में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रो. और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के शोधार्थी शामिल रहे। प्रो. नेगी के अनुसार छात्रों को गांधी जी की 21वीं सदी में प्रासंगिकता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

# जड़ोल की समस्याओं का विधायक जम्वाल को सौंपा ज्ञापन

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर की जड़ोल ग्राम पंचायत की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को विधायक राकेश जम्वाल से जिला परिषद सदस्य कर्म चंद चोपड़ा की अध्यक्षता में मिला।



प्रतिनिधिमंडल विधायक को मांग-पत्र सौंपता हुआ।

प्रतिनिधिमंडल ने जड़ोल क्षेत्र की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए एक मांग पत्र भी राकेश जंवाल को सौंपा। इसमें ग्रामीणों ने मुख्य रूप से विधायक को बताया है कि बीते कई वर्षों से जड़ोल में चल रहे पटवारी कार्यालय को बदल कर हराबाग लेकर जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की है कि जड़ोल बाजार मे फुट ओवर ब्रिज होना बहुत आवश्यक है जिससे लोगों को सड़क पार करने में परेशानी नहीं होगी। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि जड़ोल बाजार मे बने फोरलेन पर स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था भी जल्द से जल्द की जाए। वहीं विधायक राकेश जंवाल ने मौके पर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निपटारा करने के लिए निर्देश जारी किए गए।

इस प्रतिनिधिमंडल में उपप्रधान यशपाल शर्मा, भाजपा एससी मोर्चा के मंडल महामंत्री कैलाश चंद, महिला मोर्चा की सपना ठाकुर, वार्ड सदस्य रमेश कुमार, बूथ अध्यक्ष नंद लाल, हेम सिंह, किशोर कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

**सफलता** | सीरा-बड़ियां जैसे पारंपरिक कार्यों को व्यवसाय बना लिखी सफलता की कहानियां

# स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर उद्यमी बन रहीं बल्ह की महिलाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सिलाई-कढ़ाई के कार्य हों या सीरा-बड़ियां बनाने की विधि, महिलाएं इनमें पारंगत मानी जाती हैं। महिलाओं ने जब अपनी इस कला में और निखार लाया तो, आज वे एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित हो चुकी हैं।

हम बात कर रहे हैं बल्ह क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों की। सूर्या स्वयं सहायता समूह भडयाल की प्रधान पूजा वालिया बताती हैं कि गेहूं से तैयार होने वाला स्वादिष्ट सीरा और कचालू की बड़ियां यूं तो अरसे से वे बना रहीं थीं। समूह से जुड़ने के बाद अब इसे व्यावसायिक तौर पर उत्पादित करना शुरू किया है। घरेलू जिम्मेदारियों के साथ-साथ सिलाई का कार्य भी वे कर रही हैं। इसके लिए स्वयं सहायता समूह के माध्यम से 50 हजार रुपए का ऋण प्राप्त किया, जिससे दो सिलाई मशीनें खरीदी हैं। सूर्या समूह की सचिव सुनीता ने बताया कि उनके समूह की चार सदस्य सीरा-बड़ियां बनाने तथा दो सिलाई-बुनाई का कार्य कर रही हैं।



पैकिंग में बेचने हेतु रखा हुआ ।

बाला कामेश्वर स्वयं सहायता समूह भडयाल की सचिव मीना ने बताया कि वे स्वेटर बुनने का कार्य करती हैं। हाथ से बुनी जेंट्स हाफ स्वैटर 700 रुपए तक आसानी से बिक जाती है जबकि मशीन से बुनी स्वेटर के 500 रुपए तक दाम मिल जाते हैं। छह वर्ष आयु तक के बच्चों के स्वेटर 200 रुपए तक तथा डेढ़ साल तक के बच्चों के स्वेटर 450 रुपए तक बिक जाते हैं। 2500 रुपए की स्टार्ट अप राशि भी मिली है। इससे उन्हें अपने हुनर में निखार लाने का अवसर प्राप्त हुआ और आज स्वेटर बुनने से ही वे 15 से 20 हजार रुपए की कमाई एक सीजन में आसानी कर लेती हैं। प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्यम के तहत भी सदस्यों को 40 हजार रुपए का ऋण प्राप्त हुआ है।

# जिले के 13 थानों में 7009 प्रवासियों ने करवाया पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल प्रदेश में अवैध मस्जिद विवाद के बाद बढ़ते प्रवासियों की संख्या को देखते हुए प्रवासियों के पंजीकरण करवाए जा रहे है।

जिले के 13 थानों में करीब 7009 प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण कर लिए गए है और अभी भी किए जा चुके है। बता दें की हिंदू संगठनों द्वारा मांग की गई की हर बाहरी प्रवासियों का पंजीकरण होना चाहिए। वहीं मंडी जिला के थाना वार संख्या की बात करें तो औट थाना में 122, बल्ह थाना में 1255, बीएसएल थाना सुंदरनगर में 225, धर्मपूर थाना में 770, धनोटू 496, गोहर में 38, हाटली थाना में 627, जोगिंद्रनगर थाना में 583, जंजैहली में 86, करसोग में 98, पधर थाना में 161, सदर थाना मंडी में 848, सुंदरनगर थाना में 954, सरकाघाट थाना में 786 प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण अभी तक हो चुका है।

प्रवासी मजदूरों का सबसे अधिक आंकड़ा 1255 बल्ह थाना में दर्ज हुआ है। जबकि सबसे कब गोहर थाना कुल 38 प्रवासी मजदूरों ने पंजीकरण करवाया है। वहीं एसपी मंडी ने बताया कि पंजीकरण अभी जारी है लेकिन एक अगले एक हफ्ते में कितने पंजीकरण होते है इसके आधार पर आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# ऊना में पहली दिसंबर को लगेगा 'ईट राइट मेला' : उपायुक्त जतिन

## लोगों को बीमारियों से निजात मिले और वे स्वास्थ्यवर्धक भोजन करें है मेले का मकसद : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना में पहली दिसंबर को 'ईट राइट मेला' आयोजित किया जाएगा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के परिसर में लगने वाले इस एक दिवसीय मेले का उद्देश्य लोगों को उत्तम आहार को लेकर जागरूक करना है। यह जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने मेले की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता के बाद दी।

मेले का शुभारंभ पहली दिसंबर को प्रात: 10 बजे तथा समापन सायं 5 बजे होगा। उन्होंने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा प्रदेश में 3 जिलों ऊना, सिरमौर और किन्नौर में जिला मुख्यालयों पर ईट राइट मेले का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में ऊना में पहली दिसंबर को मेले का आयोजन होगा।

उन्होंने कहा के इस मेले का मुख्य मकसद यह है कि लोगों को बीमारियों से निजात मिले तथा वे स्वास्थ्यवर्धक भोजन करें तथा स्वाद के साथ सेहत और आहार की पौष्टिकता पर ध्यान दें। उपायुक्त ने मेले की सफलता के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में एएसपी संजीव भाटिया, चिकित्सा अधीक्षक संजय मनोकोटिया, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा जगदीश धीमान, उपनिदेशक कृषि कुलभूषण धीमान, उपनिदेशक बागवानी केके भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



उपायुक्त जतिन लाल ईट राइट मेले को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए ।

### मेले में रहेंगी ये गतिविधियां

मेले में खेल गतिविधियों के आयोजन के साथ विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, साइकलिंग, प्रशन्नोत्तर प्रतियोगिता, चित्रकला, नृत्य, नारा लेखन, गीत-संगीत सहित लगभग 15 प्रकार की गतिविधियां और प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी।

### मिनी मैराथन का होगा आयोजन

पहली दिसंबर को प्रात: 6 बजे महिला, पुरुष व वरिष्ठ नागरिकों की तीन श्रेणियों में मिनी मैराथन आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### मेले में लगेंगे 30 स्टॉल

स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित करने तथा प्राकृतिक खेती को लेकर जागरूकता के लिए स्कूल मैदान में लगभग 30 स्टॉल व प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इनके जरिए लोगों को अच्छे भोजन के बारे में जागरूक और पौष्टिक भोजन की आदत को लेकर प्रेरित किया जाएगा। इसमें कृषि, बागवानी, पशुपालन, उद्योग, आयुर्वेद समेत अन्य सभी संबंधित विभागों का सहयोग लिया जाएगा। प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल्स के साथ-साथ स्थानीय खाद्य पदार्थ, जैविक उत्पाद आदि के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

# ट्रिपल आईटी में 'यलगार 2024' खेल महोत्सव का आगाज

**अनंत ज्ञान, ऊना**

▶ पद्मश्री डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने किया महोत्व का शुभारंभ

आईआईआईटी ऊना में वार्षिक खेल महोत्सव यलगार 2024 का शुभारंभ पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार सम्मानित डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने किया। खेल महोत्सव की शुरुआत एक अनोखे रैंप वॉक से हुई, जिसमें छात्र प्रतिनिधियों ने सभी खेलों का प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों द्वारा भव्य मार्चपास्ट भी किया गया।

मुख्य अतिथि अजय ठाकुर ने छात्र समन्वयकों से यलगार 2024 की मशाल प्राप्त करके खेल महोत्सव का आधिकारिक उद्घाटन किया। अजय ठाकुर और प्रो. मनीष गौड़, निदेशक ट्रिपल आईटी ऊना ने कबड्डी मैच का शुभारंभ करते हुए पहली रेड डाली और छात्रों को सभी खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

इस दौरान अजय ठाकुर ने छात्रों को अपने खेल जीवन की यात्रा से प्रेरित किया। उन्होंने अपने करियर में आई चुनौतियों और सफलताओं को साझा किया और अनुशासन, धैर्य और टीमवर्क के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने छात्रों को खेल और जीवन में सफलता के लिए उपयोगी सुझाव दिए और अपने जुनून को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. मनीष गौड़ निदेशक ने छात्रों से यलगार 2024 में पूरे मनोयोग से भाग लेने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि खेल मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों में भागीदारी से टीमवर्क, नेतृत्व और धैर्य जैसे गुण विकसित होते हैं, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ समग्र विकास को पोषित करते तथा छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। महीने भर चलने वाले इस खेल महोत्सव में विभिन्न इनडोर, आउटडोर एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इनडोर खेलों में बैडमिंटन, शतरंज, कैरम और टेबल टेनिस शामिल हैं, जबकि आउटडोर प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबाल, फुटबाल, क्रिकेट और बास्केटबाल जैसे खेल शामिल हैं। इस वर्ष महोत्सव में वेटलिफ्टिंग और आर्म रेसलिंग जैसे दो नए खेलों को भी जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 25 अक्तूबर को होने वाले समापन कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# नौनिहाल के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत हिमाचल ने गोवा को हराया

**अनंत ज्ञान, ऊना**

▶ गंगा सिंह और सुशांत ठाकुर ने भी किया शानदार प्रदर्शन

बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर-19 वनडे प्रतियोगिता के तहत हिमाचल का मुकाबला गोवा के साथ मोहाली के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया, जिसमें हिमाचल की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हिमाचल की टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाए। एक समय में हिमाचल के 85 रन पर 7 विकेट आउट हो गए थे, लेकिन कप्तान गंगा सिंह के अर्धशतक 54 , सुशांत ठाकुर के अर्धशतक 50, नौनिहाल के नाबाद 33 रन से हिमाचल की टीम ने 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 212 रन बनाए।



गंगा सिंह, सुशांत सिंह ठाकुर और नौनिहाल की शानदार बल्लेबाजी से हिमाचल ने सम्मानजनक स्कोर बनाया। गोवा के गेंदबाज समर्थ और पीयूष देवीदास ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। दिशाक ने 56 रन बनाए, यश ने 49 रन बनाए। हिमाचल के गेंदबाज लक्ष्य ठाकुर ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया, सुशांत ठाकुर ने 3 खिलाड़ियों को आउट किया। अमन जमवाल ने एक खिलाड़ी को आउट किया, नौनिहाल ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया। गोवा की टीम 41.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 143 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस तरह हिमाचल ने गोवा को 69 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज करवाई। खेल प्रेमियों रमन सैनी, अनुराग दयाल, पंकज पीटर, नवीन शर्मा, सुनील शर्मा, विनय कुमार मंदली और क्रिकेट प्रेमियों ने खिलाड़ियों और कोच को जीत के लिए बधाई दी है।

### बिजली बोर्ड ने केवाईसी प्रक्रिया शुरू की

**विवेक शर्मा, अंब।** विद्युत उपमंडल नैहरियां के अंतर्गत आने वाले बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि बिजली बोर्ड की ओर से बिजली मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने केवाईसी की प्रक्रिया एक अक्तूबर से घर-घर जाकर शुरू कर दी है, जिसकी अंतिम तारीख 31 अक्तूबर है। यह जानकारी विद्युत उपमंडल नैहरियां के सहायक अभियंता ई. बृज मोहन ने दी। उन्होंने कहा कि जब बिजली कर्मचारी बिजली का बिल जारी करने के लिए उपभोक्ता के घर जाएगा तो उस समय केवाईसी के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड और मोबाइल नंबर को पहले से ही उपलब्ध रखें ताकि काम समय पर किया जा सके। अगर कोई उपभोक्ता सहयोग नहीं करता है तो भविष्य में बिजली बिल में आने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है, इसके के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की है। (अनंत ज्ञान)

# जाइका कृषि परियोजना में सिंचाई योजनाओं का निर्माण शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-2 के परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि हिमाचल की 296 सिंचाई योजनाओं में से 150 पर निर्माण कार्य आरंभ कर दिया है। इस तरह से परियोजना में आधे से अधिक सिंचाईं योजनाओं का निर्माण कार्य होने लगा है, जो कि किसी भी परियोजना के लिए एक मील का पत्थर है।

डॉ. चौहानचार दिन चलने वाली प्रदेश के चारों जिला परियोजना प्रबंधक इकाइयों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने परियोजना के मीडिया सलाहकार राजेश्वर ठाकुर और वरिष्ठ सलाहकार बलजीत सिंह संधू की मौजूदगी में बताया कि परियोजना में अब तक 280 सिंचाई योजनाए का सर्वे और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनकर तैयार हो गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसी बीच 22 सिंचाई योजनाए बनकर तैयार हो गई हैं उनमें से 9 को कृषक विकास संघों को सौंपा जा चुका है। जिला परियोजना इकाइयों के अधिकारियों का आह्वान किया कि वे किसानों को फसल विविधीकरण के लिए सब्जी उत्पादन पर आवश्यक प्रशिक्षण दें और परियोजना स्तर पर बीज मुहैया करवाएं। उन्होंने परियोजना के अंतर्गत कार्यों के परिणामों का जायजा लेते हुए जायका गार्डन और जिला स्तर पर एक किसान उत्पादक कंपनी बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर पहले के परियोजना कार्यों की समीक्षा की।



परियोजना निदेशक जानकारी देते हुए।

## चयन कैंप का आयोजन



**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी उत्कृष्ट राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में महाविद्यालय स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के ओर से हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु एकदिवसीय चयन प्रक्रिया कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के इंचार्ज प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि आज आगामी होने वाले हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय चैंपियनशिप के लिए कबड्डी (पुरुष वर्ग) वॉलीबाल (पुरुष वर्ग) और वॉलीबाल (महिला वर्ग) के लिए चयन प्रक्रिया कैंप का आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में गेम एक्सपर्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली के डीपीई यशवंत परमार थे। इन्होंने इस दौरान चयन प्रक्रिया के हर पैरामीटर को ध्यान में रखकर प्लेयर्स का सेलेक्शन किया। उन्होंने प्लेयर्स को बेहतर टिप्स दिए ताकि वे आगामी होने वाले हिमाचल प्रदेश चैंपियनशिप में अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर स्पोर्ट्स कमेटी व चयन प्रक्रिया के सदस्य प्रोफेसर कृष्ण चंद, डॉ. कुलदीप सिंह, प्रोफेसर अरविंद रतन और प्रोफेसर कमलेश आदि मौजूद रहे।

# श्वेता ठाकुर बनी अंबोटा स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोटा की स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्वेता ठाकुर होंगी। शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव में सर्वसम्मति न बनने पर मुख्य मुकाबला श्वेता ठाकुर और ममता ठाकुर के बीच हुआ। इसमें 32 मतों से अंतर से श्वेता ठाकुर स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष निर्वाचित घोषित होने में सफल रहीं।

इससे पहले भी राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की प्रबंधन समिति का चुनाव कोरम पूरा न होने के चलते टाल दिया गया था। शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए दोबारा चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। इस चुनाव प्रक्रिया में 199 अभिभावकों ने भाग लिया। अध्यक्ष पद के लिए श्वेता ठाकुर व ममता ठाकुर ने नामांकन-पत्र दाखिल किया। इस पर कुल 199 अभिभावकों ने अपने मत का प्रयोग किया। इसमें से तीन मत निरस्त हुए। श्वेता ठाकुर को 99 तो ममता ठाकुर को 67 मत प्राप्त हुए।

श्वेता ठाकुर ने अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अभिभावकों सहित स्कूल स्टाफ ने उन्हें बधाई दी। श्वेता ठाकुर ने कहा कि उनका मुख्य ध्येय स्कूल के एकेडमिक क्रियाक्लापों पर केंद्रित रहेगा। अंबोटा स्कूल के विद्यार्थी भी स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान पाएं, इस पर शिक्षकों को विशेष बल देने को कहा जाएगा। स्कूल के प्रिंसीपल प्रेम दास ने कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति को साथ लेकर स्कूल के विकास पर बल दिया जाएगा।



राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोटा में एसएमसी के चुनाव करवाए गए।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने बहाल किए मजदूरों के हक : जगत राम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्वर्गीय वीरभद्र सिंह युग में भवन एवं सनिर्माण मनरेगा कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत कामगारों को दी जाने वाली सुविधाएं सुक्खू सरकार ने बहाल कर दीं, जो कि मोदी, जयराम भाजपा की सरकार ने ठप कर दी थीं। स्व. वीरभद्र सिंह युग में भवन एवं सन्निर्माण मनरेगा कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत कामगारों को दी जाने वाली सुविधाएं सुक्खू सरकार ने बहाल कर दीं, जो कि मोदी, जयराम भाजपा की सरकार ने ठप कर दी थीं।



यह बात हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य कामगर मनरेगा मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव तथा इसी बोर्ड के पूर्व सदस्य कामरेड जगत राम शर्मा ने बताया कि स्वर्गीय वीरभद्र युग में बोर्ड से जुड़े कामगारों को 13 प्रकार के लाभ दिए गए। मुकेश अग्निहोत्री का भी बोर्ड को चलाने का सुचारु रूप से योगदान रहा और बोर्ड के अध्यक्ष बाबा हरदीप सिंह ने भी सराहनीय कार्य किया।

मोदी और जयराम सरकार ने जाते जाते गलत आदेश देकर बोर्ड के साथ जुड़े मजदूरों की सुविधाएं लगभग बंद कर दीं और मजदूरों के हालात बद से बदतर बना दिए। मजदूरों की सहूलियतें वापस लेने के लिए और भाजपा का दिया हुआ गलत आदेश रद करने के लिए इंटक और मेरे नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में 5-6 स्थानों पर भारी प्रदर्शन किए गए। इस कारण इस मुद्दे पर भाजपा सरकार की करारी हार हुई।

# प्रवासी की संदिग्ध मौत मामले में पूछताछ जारी

**जाहू।** भोरंज थाना के जाहू कलां गांव में उत्तर प्रदेश के गांव चंदवाडा जिला हथरस के 37 वर्षीय व्यक्ति योगेश कुमार को 26 सितंबर की रात को मार कर उसके किराये के मकान की कुछ दूरी पर फेंक दिया था, बाद में उससे अस्पताल ले जाया गया परंतु वहां पर डॉक्टरों के द्वारा उसे मृत घाषित कर दिया था।

मृतक की पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि मेरे पति की हत्या की गई है। मृतक की पत्नी मुन्नी देवी ने जिस व्यक्ति पर शक जताया था, वह एक क्रशर पर कुक का कार्य करता है। पोस्टमार्टम में भी मृतक के शरीर व गले पर निशान आने के बाद पुलिस लगातार तीन-चार दिन से व्यक्ति से पूछताछ की जा रही थी। पुलिस ने बुधवार को योगेश की हत्या करने वाले आरोपी व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है या नहीं खबर लिखे जाने तक पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी।

# रोजगार के नाम पर धोखा देने वाले दोषी को कोर्ट ने सुनाई सजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

▶ दोषी व्यक्ति को 3 वर्ष का कठोर कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माना

आईडी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शाविक घई न्यायालय संख्या 3 ने दोषी व्यक्ति कृष्ण चंद पुत्र स्वामी राम निवासी मसियाणा, जिला हमीरपुर को धारा 420 आईपीसी के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया है।

मामले के अनुसार कृष्ण चंद हिमाचल लघु उद्योग कल्याण संघ का महासचिव था। उसने शिकायतकर्ता को इस कल्याण संघ के माध्यम से बेहतर रोजगार के लुभावने सपने दिखाकर बहकाया और उसकी मेहनत की कमाई हड़प ली। शिकायतकर्ता ने आरोपी व्यक्ति के बहकावे में आकर उसे एक लाख रुपए से अधिक का भुगतान किया था। आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कई अन्य मामले भी दर्ज हैं, जिनमें आरोप है कि इस कल्याण संघ की आड़ में कृष्ण चंद ने कई लोगों को बेहतर रोजगार के लुभावने सपने दिखाकर ठगा है। कृष्ण को पहले भी इसी अपराध के लिए दोषी ठहराया जा चुका है। मामले की सुनवाई एलडी सहायक लोक न्यायवादी रितिका तेजता हमीरपुर द्वारा की गई तथा सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध आरोप सिद्ध करने के लिए 20 गवाहों की जांच की गई।

मामले की जांच पीएसआई ललित महंत द्वारा की गई। साक्ष्य के निष्कर्ष पर तथा अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की सुनवाई के पश्चात एलडी. ट्रायल कोर्ट ने दोषी को धारा 420 के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया और 3 वर्ष का कठोर कारावास तथा 10,000 रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना न चुकाने पर एक माह का साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण और समर्थ के तहत आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण और समर्थ कार्यक्रम 2024 के तहत जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में समर्थ 2024 कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को नुक्कड़ नाटकों के जरिए आपदा जोखिमों और तैयारियों के उपायों बारे जागरूक किया जाएगा। यह कार्यक्रम 15 अक्तूबर तक चलेंगे, जिसमें कलाकारों द्वारा लोगों को आपदा जोखिम को कम करने और आपदा के दौरान की जाने वाली तैयारियों व उपायों बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा।

**यहां होंगे कार्यक्रम :** एडीसी ने बताया कि समर्थ 2024 कार्यक्रम के तहत 7 अक्तूबर को अंतरराज्यीय बस अड्डा ऊना और मैहतपुर बसदेहड़ में, 8 अक्तूबर को बस स्टैंड हरोली और ग्राम पंचायत बाथू में पूर्वी कला मंच, 9 अक्तूबर को पंचायत घर कैलाश नगर और बस अड्डा गगरेट में सुरभि कला मंच, 10 अक्तूबर को ग्राम पंचायत धुंधला और ग्राम पंचायत रायपुर मैदान तथा 11 अक्तूबर को बस अड्डा चिंतपूर्णी और पंचायत पंजोआ में आरके कला मंच द्वारा नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बैरी
विकास खंड सुजानपुर टीहरा , जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बैरी विकास खंड सुजानपुर टीहरा हमीरपुर हिमाचल प्रदेश में निम्नलिखित विवरण अनुसार कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

1. सरिया किलो ग्राम, बाइडिंग तार, मेख

अतः इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन दस दिन के भीतर ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक या स्वयं जमा करवा सकती है।
नोटः- नियम व शर्तें लागू होंगी। अधिक जानकारी हेतु नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।
मो. 9805004811, 986580635, 9418000804

प्रधान ग्राम पंचायत बैरी
विकास खंड सुजानपुर टीहरा , जिला हमीरपुर (हि.प्र.)





**आयोजन** हटली में लगातार 66वीं श्री रामलीला का आगाज, स्थानीय प्रधान स्वर्ण सिंह रहे चीफ गेस्ट

# महाराजा दशरथ के शब्द भेदी बाण ने लिए श्रवण कुमार के प्राण

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली में लगातार 66वीं शुद्ध रामायण का मंचन शुरू हो गया है। वीरवार को प्रथम नवरात्र पर स्थानीय प्रधान स्वर्ण सिंह ने मुख्य अतिथि शिरकत करके श्री रामलीला का शुभारंभ किया। वहीं, क्लब में पहुंचने पर स्थानीय प्रधान स्वर्ण सिंह का क्लब के प्रधान मदन सोनी एवं सदस्यों ने सम्मानित किया।

प्रधान स्वर्ण सिंह ने क्लब के कार्य की सराहना की और पौराणिक संस्कृति को जिंदा रखकर भगवान श्री राम की मर्यादाओं को दर्शाने पर क्लब का आभार प्रकट किया। वहीं, प्रथम नवरात्र पर हटली क्लब के मंच पर नारद की तपस्या से राजा इंद्र का सिंहासन डोलना, इंद्र द्वारा कामदेव को परियों सहित नारद की समाधि भंग करने के लिए भेजना, नारद का बैकुंठ लोक में जाकर भगवान विष्णु से मिलना और नारद के अहंकार को तोड़ने के लिए भगवान विष्णु द्वारा माया का एक नगर बसाना और शीलनिधि राजा बनाकर उनकी पुत्री विश्वमोहनी का स्वयंचर करवाना, नारद के हरी रूप मांगने पर भगवान विष्णु द्वारा बानर का रूप देना, स्वयंवर में बानर रूप देखकर नारद का भगवान विष्णु को श्राप देना, महसराज दशरथ के शब्द भेदी बाण से श्रवण कुमार का वध होना, महाराजा दशरथ द्वारा पुरेष्ठि यज्ञ करवाना और श्री अयोध्या में प्रभु श्री राम अवतार होना आदि दृश्य दिखाए गए।



श्री रामलीला में मंचन का एक दृश्य।

इसके बाद श्री रामायण से संबंधित पांच प्रश्न पूछने के बाद इनाम विस्तृत किए गए। भगवान विष्णु की भूमिका में अवनीश सोनी इंद्र दिनेश खत्री, लक्ष्मी तरुण कौशल, दशरथ संजय सोनी, नारद कुलदीप शर्मा, शीलनिधी अजमेर सिंह, श्रवण कुमार, सुशील बाबा, मंत्री अमन शर्मा, कामदेव अंकुश सोनी, अंधला पूर्ण राणा, अंधली राज कुमार आदि कलाकारों ने बेहतर अभियान प्रस्तुत करके पंडाल से खूब वाहवाही लूटी। वहीं, स्थानीय प्रधान स्वर्ण सिंह ने 3100 रुपए की नकद राशि क्लब को प्रदान की और सीता स्वयंवर के दिन पंडाल में जनता के लिए फास्ट फूड और अष्टमी के दिन अशोक वाटिका के लिए फल देने की घोषणा की।

इस मौके पर विपन साजन, कामलदेव शास्त्री, सुरेश शर्मा, विवेक सोनू, राहुल शर्मा, हंसराज वर्जाता, ज्योति वर्जाता , अंकुश वरजाता, आदित्य सोनी, शुभम शर्मा, साहिल राणा, संसार चंद राणा, बबीता साई, संदीप मोनू, ओम प्रकाश सोनी, रोशन धीमान, सुरेंद्र हटली, डॉ. केशवानंद शर्मा, अजय धीमान, किशनदेव शर्मा, शेर सिंह सूद, अमन शर्मा, दिलबाग सिंह टिड्डी, राकेश गामा आदि क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।


अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### सूचना

**मैं उधम सिंह** (68 वर्ष) पुत्र श्री मनसा राम निवासी गांव बटाहरली झिकली, डाकघर बटाहरली, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरा लड़का विजय कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अत: मैं अपने लड़के विजय कुमार को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### किसमें कितना है दम में रियांश ने जीता फिनाले



कुल्लू। कुल्लू के सात वर्षीय मास्टर रियांश मिन्हास ने प्रसिद्ध टीवी रियलिटी शो 'किसमें कितना है दम' के ग्रैंड फिनाले को जीतकर कुल्लू जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। रियांश का चयन ब्रिलियंट ग्लोबल स्कूल गांधी नगर में आयोजित पहले ऑडिशन राउंड के दौरान हुआ था, जिसमें 18 साल तक के बच्चों ने कुल्लू जिले के विभिन्न क्षेत्रों से भाग लिया था। इसके बाद मंडी में आयोजित दूसरे राउंड में हिमाचल के विभिन्न जिलों के बच्चों ने हिस्सा लिया, जिसमें रियांश ने सिंगिंग और मॉडलिंग दोनों में स्वर्ण पदक जीते। वहीं, तीसरे राउंड में भी उन्होंने विभिन्न प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया और फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में रियांश ने अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाते हुए स्वर्ण पदक के साथ ग्रैंड फिनाले में अपनी जगह बनाई। ग्रैंड फिनाले में रियांश का मुकाबला 14 से 16 साल की उम्र के प्रतिभागियों से था और उन्होंने सबसे छोटी उम्र में प्रथम स्थान हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की है।

### स्टूडेंट्स को टीबी व कुष्ठ रोग बारे दी जानकारी

केलांग। कुकुमसेरी कॉलेज लाहौल-स्पीति में जिला स्वास्थ्य विभाग केलांग, कॉलेज के 'रेड रिबन क्लब' और 'एनएसएस' 'के संयुक्त तत्वाधान में एचआईवी एड्स व टीबी विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जगदीश मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने एचआईवी एड्स, टीबी व कुष्ठ रोग के विषय पर विस्तार से जानकारी साझा की। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान शिक्षक व उपस्थित स्टूडेंटस के एचआईवी, हेपटाइटिस बी और हीमोग्लोबिन की भी जांच की गई।

### किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को बताया



केलांग। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के गोंदला पंचायत में विश्व पशु दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों, पशुपालकों और पशु चिकित्सा अधिकारियों की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अमिताभ उपनिदेशक, पशुपालन विभाग केलांग, डॉ. भूपेंद्र सिंह प्रोजेक्ट निदेशक, आत्मा, डॉ. सुधर्शन पशु चिकित्सा अधिकारी, गोंधला और अनिल कुमार उप-प्रधान गोंधला ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशुओं की देखभाल, उनके स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। डॉ. अमिताभ ने अपने संबोधन में पशुपालन के महत्व और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में पशुधन के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पशु पालन से जुड़े किसानों को नई तकनीकों और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाना चाहिए, ताकि पशुओं की उत्पादकता में सुधार हो सके। इस मौके पर डॉ. भूपेंद्र सिंह ने आत्मा प्रोजेक्ट के अंतर्गत किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### सौर छत क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने की कवायद तेज



केलांग। जिला लाहौल-स्पीति में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर छत क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय घरों को अपनी बिजली खुद पैदा करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से योजना को धरातल पर प्रभावी तौर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कवायद तेज कर दी गई है। डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता मे केलांग में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्य सचिव परियोजना अधिकारी हिम ऊर्जा विभाग देवेंद्र ठाकुर, परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास विभाग लाहौल मनोज ठाकुर, अधिशाषी अभियंता बिजली विभाग विजय ठाकुर बतौर सदस्य मौजूद रहे। समिति के सदस्य इस योजना के तहत जिले में डीसी राजस्व गांव को चिन्हित कर परियोजना के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को जुटाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट जल्द तैयार करें। डीसी ने कहा कि गांव के लिए डीपीआर तैयार करने के दौरान स्थानीय पंचायत और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित कर परामर्श भी जरूर करें।

### दो कमरों के निर्माण के लिए किया एमओयू

कुल्लू। एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-दो ने सीएसआर एंडएसडी पहल के उपनिदेशक उच्च एवं प्रारंभिक शिक्षा कुल्लू के साथ एमओयू किया। उपनिदेशक, उच्च एवं प्रारंभिक शिक्षा कुल्लू के साथ बजौरा स्कूल की बॉक्सिंग रिंग की छत के निर्माण के लिए रुपए 6.89 लाख तथा मणिकर्ण स्कूल में दो कमरों के निर्माण के लिए 17.88 लाख रुपए का एमओयू किया।

# डॉ. श्रुति संत ईश्वर अवॉर्ड से सम्मानित

कमलेश वर्मा, कुल्लू

दिव्यांगजनों के विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतर कार्य कर रही कुल्लू की सांफिया फाउंडेशन को संत ईश्वर सम्मान मिला है। सांफिया फाउंडेशन की निदेशक डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को नई दिल्ली में प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित देश के सबसे बड़े सेवा सम्मान संत ईश्वर सम्मान से सम्मानित किया गया है।

गांधी जयंती के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सेवा भाव से कार्य करने वाले 17 साधकों को सम्मानित किया गया, जिनमें कला, साहित्य, पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों का चयन किया गया था। इस वर्ष कवि और समाजसेवी कुमार विश्वास को संत ईश्वर विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी के साथ कुल्लू से संबंध रखने वाली दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए बेहतर कार्य कर रही सांफिया फाउंडेशन की निदेशक डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को भी इस प्रतिष्ठत संत ईश्वर सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान हिमाचल प्रदेश में प्रारंभिक हस्तक्षेप, विकलांगता क्षेत्र और देश की पहली मोबाइल थेरेपी वैन के लिए (संत ईश्वर फाउंडेशन) राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा दिया गया।

कुल्लू के अखाड़ा बाजार में सांफिया फाउंडेशन की ओर से पिछले करीब छह सालें से दिव्यांग बच्चों के लिए बाल विकास केंद्र चलाया जा रहा है। संस्था की ओर से वर्ष-2021 से थैरेपी ऑन व्हील्स प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, जिसके तहत कुल्लू के उन दिव्यांग बच्चों



को उनके घरद्वार पर थैरेपी सेवाएं मुहैया करवाई जा रही हैं, जो आश बाल विकास केंद्र नहीं आ सकते। संस्था की ओर से दिव्यांगता व अभिगम्यता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सांफिया फाउंडेशन की निदेशक श्रुति मोरे भारद्वाज को करीब दो वर्ष पहले भी यूनाइटेड नेशन कार्यालय आस्ट्रिया (विएना) में जीरो प्रोजेक्ट से सम्मानित किया जा चुका है। सांफिया की निदेशक रेखा, कार्यक्रम प्रबंधक बीजू सहित पूरी टीम ने संत ईश्वर सम्मान मिलने के लिए खुशी जाहिर की है। (अनंत ज्ञान)

#### थैरेपी ऑन व्हील्स में क्या है सुविधा

थेरेपी आन व्हील्स इरेडा वाहन (इंडियन रिन्यूएबल डेवलपमेंट एजेंसी नई दिल्ली) की ओर से प्रदान की गई है। इसके अंदर ट्रेड मील, थैरेपी बाल, पोजिशनिंग ब्लाक्स, थैरेपी टायज, बुक्स, फ्लैश काडर्स, फिजिओथेरेपी, स्पीच थैरेपी व आक्यूपेशनल थैरेपी संबंधी इक्विपमेंट व फर्स्ट एड जैसी सुविधाएं शामिल हैं। सांफिया देश की एकमात्र ऐसी संस्था है, जो बस के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को घरद्वार पर थैरेपी सेवाएं दे रही है।

#### कुल्लू अस्पताल में चलाया जा रहा डीईआईसी

फाउंडेशन की ओर से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) संचालित किया जा रहा है, जो कि दिव्यांग बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस केंद्र में दिव्यांग बच्चों को सभी तरह की थेरेपी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जा रही हैं। केंद्र का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को हर तरह की थेरेपी सुविधाएं एवं चिकित्सा सेवाएं एक ही छत के नीचे दी जाती हैं।

> सांफिया टीम के लिए यह गर्व का विषय है कि थैरेपी ऑन व्हील्स व प्रदेश में दिव्यांगजनों के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र में बेहतर सेवाएं देने के लिए उन्हें पुरस्कार मिला है। संस्था दिव्यांगता के क्षेत्र में भविष्य में भी इसी तरह बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रयासरत है।
>
> **डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज, निदेशक सांफिया फाउंडेशन कुल्लू।**

# अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव में 21 देश लेंगे भाग



अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा को लेकर आयोजित एंबेसडर्ज मीट के दौरान गणमान्य लोग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने नई दिल्ली में आयोजित राजदूतों की बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव में 21 देश भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 18 अक्तूबर को कुल्लू में विभिन्न देशों के राजदूत, एक्सीलेंसी और मिशन प्रमुखों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर वार्ता करेंगे। इससे व्यापार और कारोबार को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय लोक नृत्य महोत्सव में इन देशों के कारीगर स्टॉल लगाएंगे और सांस्कृतिक दल लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने विभिन्न दूतावासों के राजनयिकों और प्रतिनिधियों को आयोजन की तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने दशहरे में भाग लेने के लिए दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं और यात्रा संबंधी सहायता के बारे में भी बताया। प्रधान आवासीय आयुक्त एसके सिंगला ने आयोजन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक सबंध परिषद के डीडीजी अमित माथुर ने भी बहुमूल्य जानकारी दी। दूतावासों के प्रतिनिधियों ने पिछले वर्षों में हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। बैठक में वन संरक्षक नीरज चड्ढा, राजनयिक और विभिन्न दूतावासों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## एनएचपीसी पार्बती परियोजना चरण-दो में शिशु गृह एवं बाल उद्यान का उद्घाटन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो के कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने एनएचपीसी चरण-दो के आवासीय परिसर नगवाई में शिशु गृह एवं बाल उद्यान का उद्घाटन किया।

कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने शिशु गृह का उद्घाटन करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाना है, ताकि वे अपने बच्चों के प्रति निश्चिंत रह सके तथा अपना महत्वपूर्ण योगदान एनएचपीसी के कार्यों में दे सके। इस शिशु गृह में छोटे बच्चों के लिए खेलने व सोने की सुविधा भी है। इसके साथ-साथ बाल उद्यान में बच्चों के लिए अच्छे-अच्छे जंगल रंबल प्ले जोन, ट्रैंपोलिन, सीसॉ, स्प्रिंग राइड तथा मेरी गो राउंड लगवाएं गए हैं, जिसमें कार्मिकों के बच्चे खेल सकते हैं। इस कार्यक्रम में परियोजना के रंजीत सिंह, महाप्रबंधक(यांत्रिक), डॉ. ज्योतिर्मेय जैन, महाप्रबंधक(चिकित्सा), अंगद कुमार, महाप्रबंधक(सिविल), राजेंद्र सिंह रावत, उपमहाप्रबंधक(वित), श्वेता ओझा, उपमहाप्रबंधक (मा.सं.), अरविंद कौशिक, उपमहाप्रबंधक (मा.सं.) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 6 को काजा में होगी मिनी मैराथन

काजा। अतिरिक्त उपायुक्त स्पीति राहुल जैन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश वन विभाग द्वारा 2 से 8 तक 73वां वन्य जीव सप्ताह मनाया रहा है। वन्य जीव सप्ताह का विषय मानव वन्यजीव सह-अस्तित्व है। इसी में उप वन संरक्षक, स्पीति वन्यजीव प्रभाग काजा द्वारा स्पीति में विभिन्न हितधारकों के बीच वन्यजीव संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 6 को न्यू सर्किट हाउस काजा से शेगो तक सुबह 6 बजे एक मिनी मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस मिनी मैराथन में 15 से 50 वर्ष तक के आयु वर्ग के नागरिक भाग ले सकते हैं। इस मिनी मैराथन में भाग लेने के लिए वन्य विभाग के लिंक https://docs.google.com पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# नशा मुक्त समाज के लिए युवाओं की भूमिका अहम : राहुल कुमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग



लाहौल-स्पीति में नशा निवारण को लेकर शुरू हुए जागरूकता अभियान के शुभारंभ मौके पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे डीसी राहुल कुमार को सम्मानित करते हुए आयोजक।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राज योगा मेडिटेशन सेंटर मनाली की संस्था द्वारा लाहौल-स्पीति में नशा निवारण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

केलांग में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि जिला में नशे के बढ़ते प्रचलन के प्रभावी रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर विशेष कर युवा वर्ग को इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। डीसी ने मीडिया से भी आह्वान करते हुए कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए अपनी अहम भूमिका का भी योगदान दें। मनाली केंद्र की कार्यक्रम प्रभारी राज योगनी संध्या बहन ने डीसी का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान डीसी ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संध्या बहन ने नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर बताया कि लाहौल-स्पीति की विभिन्न पंचायतों में जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# अब फेरी वालों पर प्रशासन कसेगा शिकंजा

## स्थानीय युवक मंडल और महिला मंडल की भी ली जाएगी मदद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू के ग्रामीण क्षेत्रों में बिना जीएसटी के सामान बेच रहे फेरी वालों पर अब प्रशासन शिकंजा कसने जा रहा है।

जीएसटी चोरी करने पर अब जिला प्रशासन की ओर से फेरी वालों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में महिला मंडल व युवक मंडलों का भी सहयोग लिया जाएगा और प्रशासन के द्वारा एक व्हाट्सऐप ग्रुप तैयार किया जाएगा, ताकि अवैध रूप से सामान बेच रहे बाहरी राज्य के इन लोगों पर कार्रवाई की जा सके। इसी मुद्दे को लेकर जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर में देवभूमि जागरण मंच और प्रशासन की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला के द्वारा की गई। सनद रहे कि देवभूमि जागरण मंच के द्वारा फेरी वालों के द्वारा बिना जीएसटी के सामान बेचने की शिकायत की गई थी।



एसडीएम जागरण मंच के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए।

ऐसे में प्रशासन ने निर्णय लिया कि अगर कोई भी व्यक्ति बिना जीएसटी के समान बेचता हुआ पाया गया, तो उस पर आबकारी एवं कराधान विभाग के द्वारा भी कार्रवाई की जाएगी।

## लाहौल में कल से आत्मरक्षा प्रशिक्षण

केलांग। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय और लाहौल-स्पीति पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केलांग में 5, 7, 8 तारीख को और त्रिलोकनाथ स्कूल और उदयपुर में 9,10 व 11 को 3 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्देश्य लड़कियों और महिलाओं को आत्मरक्षा कौशल से लैस करना व उनकी सुरक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशबिंदर ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अपराध के खिलाफ जागरूकता फैलाना है।

# रेबीज की रोकथाम, कारण व उपचार के बारे में बताया

अनंत ज्ञान आनी



निरमंड कॉलेज में पशु चिकित्सालय निरमंड एवं रेड रिबन क्लब द्वारा रेबीज पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान वन हेल्थ मिशन और पशुपालन विभाग (हिमाचल प्रदेश) के विश्व रेबीज सप्ताह कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। व्याख्यान पशु चिकित्सा अधिकारी, निरमंड, डॉ. कुबेर शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा दिया गया। डॉ. शर्मा ने रेबीज की रोकथाम, कारण और उपचार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने हिमाचल में रेबीज के मामलों से संबंधित आंकड़े भी प्रस्तुत किए। व्याख्यान के एक महत्वपूर्ण हिस्से में रेबीज के प्रसार को रोकने में पशुओं के टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया गया। वक्ता ने फर्स्ट एड की महत्तवता के बारे में बताया और इस बात पर भी जोर दिया कि सभी को जानवरों के काटने और रेबीज संचरण के बाद समय पर टीकाकरण लगाना अनिवार्य है।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## महिलाओं को पैदा होने से लेकर अंतिम पड़ाव तक बदलाव से गुजरना पड़ता है



किरण कटोच, निवासी जिला कुल्लू।

मैं ऐसा मानती हूं कि महिलाओं के बिना इस संसार में किसी भी चीज की कल्पना नहीं की जा सकती। वैसे तो महिलाओं को पैदा होने से लेकर जीवन के अंतिम पड़ाव तक हर समय बदलाव से गुजरना पड़ता है, लेकिन एक महिला जब अपना घर बार छोड़ कर, अपनी पहचान छोड़कर, किसी पराए घर को अपनाने के लिए जाती है, तो यही वो क्षण होता है, जब एक महिला पूरी तरह से बदलाव से गुजरती है। इसके बाद जब वह मां बनती है, तो ऐसे में एक बार फिर से वह बदलाव से होकर गुजरती है, जहां पर एक महिला शारीरिक कष्ट को सहते हुए भी एक बच्चे को जन्म देती है और जननी कहलाती है। यूं तो महिलाओं का हर किरदार न जाने कितनी ही चुनौतियों की परतों में लिपटा हुआ है, लेकिन एक मां के रूप में महिला अपने जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण समय से गुजरती है। महिलाओं को पुरुषों से केवल सुरक्षा, समानता और सम्मान की अपेक्षा रहती है इसके अलावा वो पुरुषों से कुछ ज्यादा उम्मीद नहीं रखती।

## महिलाओं ने हमेशा अपनी काबिलियत को डंके की चोट पर किया है साबित

महिलाओं के जीवन को अगर गौर से देखा जाए, तो संघर्ष और त्याग हमेशा से ही महिलाओं के साथ-साथ चलते रहे हैं। महिलाओं को हर जगह खुद को साबित करने के लिए और कुछ पाने के लिए हमेशा से ही संघर्ष करना पड़ा है। इसके साथ ही जब भी महिलाओं ने अपनी मन मुताबिक कुछ भी करने की ठानी है, तो ऐसे में भी उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा है। अक्सर देखा गया है कि महिलाओं को कभी अपने परिवार से, कभी अपने दोस्तों से, कभी समाज से, कभी अपने सहयोगी कर्मचारी या अन्य आस पड़ोस के लोगों से भी सहयोग मिलने में बहुत परेशानी होती है क्योंकि बहुत से लोग आज भी उनकी काबिलियत को नजर अंदाज करते हैं। महिलाओं को कभी बेटी के रूप में, कभी पत्नी के रूप में, कभी मां के रूप में तो कभी कर्मचारी के रूप में हमेशा खुद को साबित करना पड़ता है और महिलाओं ने हर समय अपनी काबिलियत को डंके की चोट पर साबित किया है। महिलाएं एक ही समय में मां, बेटी, पत्नी सहित दर्जनों भूमिकाओं को पूरी ईमानदारी के साथ निभाने की अद्भुत काबिलियत रखती हैं। महिलाओं के बिना समाज में परिवार की कल्पना करना भी बहुत मुश्किल है। एक महिला के तौर पर महिलाओं की अपनी व्यक्तिगत राय क्या है इस बारे के उनके अपने विचारों से परिचित होते हैं।

**महिलाओं को पुरुषों से केवल सुरक्षा, समानता और सम्मान की रहती है अपेक्षा**

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।

## अक्सर हमारे समाज में महिलाओं को कमतर आंका जाता है



पूजा ठाकुर, खराहल किंजा, जिला कुल्लू।

जहां तक मेरा मानना है मुझे लगता है एक स्त्री के जीवन में बहुत से बदलाव आते हैं, लेकिन जब एक स्त्री मां बनती है, तो उसकी जिंदगी पूरी तरह से बदल जाती है। पहले बेटी बनकर परिवार की शान बनना, उसके बाद विवाह कर एक पत्नी के रूप में जिम्मेदारी को निभाना और उसके साथ ही मां बनकर पूरे परिवार की जिम्मेदारी को अपने कंधों पर उठाकर चलना, जो कि बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, जिस कारण एक महिला का जीवन पूरी तरह से बदल जाता है। अक्सर हमारे समाज में महिलाओं को कमतर आंका जाता है और महिलाओं के द्वारा घर, परिवार के लिए जाने वाले कार्य को मात्र उसकी एक जिम्मेदारी कह कर पल्ला झाड़ लिया जाता है, जो कि एक महिला के साथ न्यायसंगत नहीं है। आज के समय में हर महिला पुरुषों से सिर्फ सहयोग के रूप में सम्मान चाहती है और एक महिला जो भी कार्य परिवार के हित में करती है, उसके बदले सभी से थोड़े से सम्मान की उम्मीद रखती है, जो कि पूरी तरह से जायज भी है। आज के समय में महिलाएं यूं तो किसी भी चीज के लिए पुरुषों के मोहताज नहीं हैं, ऐसे में अगर पुरुष समाज में महिलाओं को तनाव रहित सुरक्षित माहौल देने में सहयोग करें, तो समाज के लिए ये संजीवनी का काम करेगा।

## जीवन साथी बिछड़ जाना एक महिला को देता है बदल



माधवी कौशल (अध्यापिका) निवासी जिला कुल्लू।

मैंने जीवन के उतार चढ़ाव के आधार पर जाना कि एक महिला तब पूरी तरह से बदल जाती है, जब एक महिला के जीवन से उसका जीवनसाथी हमेशा-हमेशा के लिए बिछड़ जाए। तब उस समाज के बीच में रहकर विभिन्न परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने बच्चों की जिम्मदारी को निभाती और अपने भीतर एक आदमी औरत की भूमिका को निभाती है। मैं अपने जीवन के अनुभव के अनुसार कह सकती हूं कि महिला का एक मां के रूप में जिम्मेदारी को निभाना सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। मुझे लगता है कि एक महिला समाज में पुरुषों से बस इतना ही सहयोग चाहती है कि पुरुष महिलाओं की भावनाओं को समझते हुए उन्हे एक जिम्मेदारी की तरह माने और इस समाज में, अपने परिवार में और जहां पर भी महिला कार्यरत हैं, वहां पर उनका ध्यान रखे, उन्हें सुरक्षित माहौल प्रदान करे। साथ ही बेटों को भी ऐसा संस्कार दें, जहां पर महिलाओं का सम्मान किस तरह से करना है इस बारे में बचपन से ही उन्हें समझाया जाए।

## महिलाओं की सहनशीलता का कोई मुकाबला नहीं



संगीता, निवासी पांगी जिला चंबा।

मुझे लगता है कि महिलाओं के लिए चुनौती उनके जीवन हमेशा से ही रहे हैं और महिला जब भी अपने किसी रूप में होती है, तो ऐसे में महिला उस भूमिका को पूरी ईमानदारी के साथ निभाती है। हालांकि इसमें सभी महिलाओं की परिस्थितियों और उस समय में घटने वाली घटनाओं के आधार पर अपने व्यक्तिगत अनुभव हो सकते हैं। महिलाएं तब असहज हो कर बदल जाती हैं, जब महिला की सहनशीलता जवाब दे जाए अन्यथा महिलाओं की सहनशीलता का कोई मुकाबला नहीं है। आज के समय में एक महिला का खामोश रहना या उनकी आवाज को दबाने की कोशिश करना ही महिलाओं के साथ अन्याय करने जैसा है। परिवार में एक मां ही होती है, जो सबका बराबर ध्यान रखती है, ऐसे में चूक की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए इसलिए मां बनना और सभी को एक साथ लेकर चलना ही एक मां की सबसे बड़ी ताकत है। आज के समय में महिलाएं यूं तो किसी भी चीज के लिए पुरुषों के मोहताज नहीं हैं, ऐसे में अगर पुरुष समाज में महिलाओं को तनाव रहित सुरक्षित माहौल देने में सहयोग करें, तो समाज के लिए ये संजीवनी का काम करेगा।

# भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की



नवरात्र के दूसरे दिन शूलिनी मंदिर पहुंचे श्रद्धालु (दाएं) मां दुर्गा की पूजा करती समायरा नेगी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी देवी के मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसे लेकर मंदिरों में काफी भीड़ भी दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने मंदिर के मुख्य द्वार पर दीप जलाकर मनोकामना पूरी करने के लिए प्रार्थना की। साथ ही मंदिर परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन किया गया। मालरोड स्थित मां दुर्गा माता मंदिर में भी भक्तों की भीड़ देखने को मिली। इसी के साथ धर्मपुर में मां मनसा देवी मंदिर में भी भक्तों ने माथा टेका। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालु शूलिनी मंदिर पहुंचे और मां की उपासना कर उन्हें प्रसाद अर्पित किया गया तत्पश्चात मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ। मंदिर के पुजारी का कहना है कि देवी पूजन से जीवन की हर समस्या को पलभर में हल करने की शक्ति प्राप्त होती है। शत्रुओं का नाश करने वाली मां कालरात्रि अपने भक्तों को हर परिस्थिति में विजय दिलाती है। श्रद्धालु यहां आकर माता के भिन्न-भिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना करते हैं। गर्भगृह के जीर्णोद्धार के बाद तो मंदिर और भी ज्यादा आकर्षक और मनमोहक बन चुका है, श्रद्धालु दूर-दूर से माता के दर्शन के लिए शूलिनी दर पहुंच रहे हैं।

## बालासुंदरी माता त्रिलोकपुर मेला शुरू



त्रिलोकपुर मेले का विधिवत शुभारंभ करते डीसी सिरमौर सुमित खिमटा।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने सपरिवार सहित विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर अश्विन नवरात्र श्री महामाया बालासुंदरी माता त्रिलोकपुर मेले का शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि 3 से 17 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले इस अश्विन नवरात्र त्रिलोकपुर मेले में हिमाचल से ही नहीं, बल्कि हरियाणा राज्य से भी बहुत अधिक संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए आते हैं। मेले के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी संख्या रहती है इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए मेला स्थल व आस पास के क्षेत्र में उचित कानून व्यवस्था की गई है और पुलिस तथा होमगार्ड के जवानों को मेले के दौरान कड़ी नजर बनाए रखने के आदेश दिए गए हैं। इसके उपरांत उन्होंने मेला स्थल व परिसर में साफ-सफाई, पेयजल तथा बिजली की सप्लाई की उचित व्यवस्था आदि प्रबंधों का जायजा लिया तथा मेला अधिकारियों को मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा उनकी सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने को भी कहा।

उन्होंने जिला ग्रामीण विकास विभाग के सौजन्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों के विक्रय के लिए हिम ईरा मॉडल शॉप का भी उद्घाटन किया, जिसमें विभिन्न महिला मंडलों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की ओर से तैयार की गई उत्पादों को बिक्री के लिए रखा गया है।

## भगवान श्रीराम के जन्म का मंचन

**सोलन।** रामलीला क्लब और हिंदू जागरण धर्मपुर की ओर से आयोजित करवाई जा रही रामलीला में दूसरे दिन भगवान श्रीराम जन्म का मंचन किया गया। इससे पहले रावण की तपस्या से ब्रह्मा ने उन्हें आशीर्वाद दिया। इसी के साथ कुंभकरण और विभीषण को भी वरदान प्रदान किया। इसके बाद मंच कलाकारों ने तप कर रहे ऋषियों को तंग करना और अत्याचार करने का दृश्य दिखाया। दृश्य में दिखाया गया कि जब ऋषि तप कर रहे थे, तो अचानक मेघनाथ और उसकी सेना ने ऋषियों के तप और ध्यान भंग कर दिया। इससे गुस्से में आकर श्रृंगी ऋषि ने मेघनाथ को श्राप दिया कि रावण कुल का नाश हो जाएगा। तत्पश्चात महाराज दशरथ को चार पुत्र संतान की सूचना मिलने से अयोध्या में खुशी का मंचन किया गया। भगवान राम के जन्म पर धर्मपुर वासियों ने एक-दूसरे को बधाई दी। साथ ही राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन का नामकरण को लेकर ऋषि वशिष्ठ जी का अयोध्या में आने का दृश्य दिखाया गया। इसके बाद भगवान शिव भगवान का श्रीराम के बाल्य रूप देखने के लिए अयोध्या में आने के बारे में दिखाया गया। इस मौके पर चमन शर्मा, सोहन, रोशन, अक्षय सूद, विनोद राणा, सैम, गणेश ने विभिन्न किरदार निभाए।



# न्यूज ब्रीफ

## ध्रुव शर्मा राज्य स्तर पर खेलेंगे खो-खो

**नाहन।** संगड़ाह के सीनियर सेकेंडरी स्कूल रजाना के 12वीं कक्षा के छात्र ध्रुव शर्मा का खो-खो में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। ध्रुव गांव माइना का निवासी है, जो कि शारीरिक रूप से अक्षम है। ध्रुव शर्मा संगड़ाह जॉन से इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाला एकमात्र विद्यार्थी है। ध्रुव की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम और अदम्य साहस को दर्शाती है। ध्रुव ने शारीरिक अक्षमता होने के बावजूद भी कभी हार नहीं मानी और हमेशा आगे बढ़ते रहे। राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन जिला सिरमौर के तारूवाला में होगा। स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजिंद्र कुमार ने ध्रुव को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए है, बल्कि क्षेत्र की अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। स्कूल उनकी हर संभव सहायता करेगा।

## साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाने पर दिया बल

**सोलन।** सराहां कॉलेज की साइबर जागरूकता सेल एवं एनएसएस इकाई ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत कॉलेज लेक्चर हॉल नं. 23 में साइबर जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. दिनेश कुमार (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) ने छात्रों को विभिन्न साइबर खतरों और साइबर सुरक्षा के बारे में संबोधित किया। इसके अलावा प्रो. सुदेश ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर दिनेश ने औपचारिक रूप से उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. अनीता ठाकुर (प्रिंसिपल, राजकीय महाविद्यालय, सराहां), प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. राजन कौशल, डॉ. सुध्यान नेगी, डॉ. मोहल्ला डोलमा, प्रो. कृष्ण दत्त, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. प्रियंका सराओ, शंभू नाथ आदि मौजूद रहे।

## लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में दें सहयोग



**राजगढ़।** पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने राजगढ़ क्षेत्र के प्रसिद्ध लोक कलाकार धर्मपाल ठाकुर की वीडियो नाटी तुलसीरामो री गाड़ी का विमोचन एक सादे समारोह में किया। इस अवसर पर काफी संख्या में स्थानीय लोक कलाकार उपस्थित रहे। पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने इस अवसर पर धर्मपाल ठाकुर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर चुके लोगों पर नाटी बनाने की जो यह सराहनीय पहल की है यह लोक संस्कृति, लोक गीतों व संगीतज्ञों का संवर्धन एवं संरक्षण करना हमारे आज के समय की जरूरत है। उन्होंने लोक कलाकारों से आह्वान किया कि वे लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में सहयोग दें।

## ईश्वर भक्ति ही मोक्ष की कुंजी : आचार्य



**राजगढ़।** कलयुग मे ईश्वर के स्मरण मात्र से हमारे सभी पाप दोष कट जाते है और ईश्वर भक्ति ही मोक्ष की कुंजी है यह प्रवचन आचार्य विनोद कैशव ने राजगढ़ के आंनद का बाग में श्री भागवत कथा के प्रथम दिवस भक्तों को दिए। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ क्लश यात्रा व पुराण स्वागत व पुराण स्थापना के साथ हुआ। कैशव ने कहा कि जिस घर में नियमित तौर पर पूजा-पाठ होता है। वह घर मंदिर के समान बन जाता है। संतों के सानिध्य व कथा श्रवण से हमारा जीवन सुधर जाता है और परमात्मा की प्राप्ति होती है। माता-पिता की सेवा से भी ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। आज मगर कष्ट के साथ पाली गई औलाद भी अपने माता-पिता को दुत्कार कर वृद्धआश्रम भेजने में पीछे नहीं रहती।

## 100 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सोलन।** स्वच्छ, हरित दुनिया के लिए महात्मा गांधी के दृष्टिकोण का सम्मान करने के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय परिसर में दो दिवसीय पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का नेतृत्व निदेशक सस्टेनेबिलिटी एंड कंयुनिटी एंगेजमेंट, पूनम नंदा ने किया और इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 1,400 से अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने और संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में परिसर में सैकड़ों पौधे लगाए गए। इंजीनियरिंग विभाग, बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंजीनियरिंग, प्रबंधन, कानून और अन्य संकायों के छात्रों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसे सभी विभागों का समर्थन प्राप्त था। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंत तक, पूरे परिसर में 1,000 से अधिक पौधे लगाए गए, जिससे एक स्थायी प्रभाव पैदा हुआ।

## एसपी बद्दी ने नशे के खिलाफ किया जागरूक

**बीबीएन।** नालागढ़ कॉलेज में पुलिस अधीक्षक बद्दी इल्मा अफरोज ने दौरा किया। इस दौरान छात्रों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा एक खतरनाक पदार्थ है, जो कि धीरे-धीरे अपने आगोश में जकड़ता है और पूरे जीवन को अंधकार में डाल देता है। उन्होंने छात्रों को अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया और छात्रों से उन करियर विकल्पों के बारे में बात की, जो वे चुन सकते हैं।

## जिला स्तरीय प्रदर्शनी में स्टूडेंट्स ने दिखाया हुनर

**नाहन।** विभिन्न प्रकार की आपदाओं पर आधारित राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान 1 से 15 अक्तू बर के तहत सुरक्षित निर्माण अभ्यास के लिए जिला स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नाहन में किया गया। इस जिला स्तरीय प्रदर्शनी में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने इस दौरान विशेष रूप से हिमालय क्षेत्र में सुरक्षित भवन निर्माण के महत्व पर चर्चा की और सभी बच्चों के मॉडल्स की सराहना भी की। इस अवसर पर वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल श्रेणी में सराहां स्कूल के कृतिश अग्रवाल ने जिलेभर में पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह उच्च स्कूल वर्ग में राजकीय उच्च विद्यालय मलगन के मानव शर्मा ने प्रथम स्थान पर बाजी मारी।

## केसर ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को किया रवाना



**रिकांगपिओ।** पंचायत के कानम से कानम डोगरी एंबुलेंस योग्य संपर्क सड़क का उद्घाटन जनजातीय सलाहकार परिषद सदय केसर नेगी ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना कर किया। केसर नेगी ने वीसीसी अध्यक्ष तीतर जीत नेगी, प्रधान कानम चंद्र कीर्ति नेगी, उपप्रधान जसवंत सिंह व विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में एंबुलेंस को रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय राजस्व बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी के आशीर्वाद से कानम में करोड़ों के विकासात्मक कार्य हो रहे हैं। वहीं, कानम डोगरी संपर्क सड़क का विभागीय पासिंग संपन्न हुआ है। कानम से कानम डोगरी सड़क पर वाहनों की आवाजाही पिछले 10 सालों से चली है, लेकिन आज दिन तक इस सड़क की पासिंग नहीं हुई थी।

## वेयर हाउस में ईवीएम की गई स्थानांतरित

**सोलन।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को तहसील कार्यालय सोलन स्थित स्ट्रांग रूम से जिले के कथेड स्थित वेयर हाउस में तहसीलदार सोलन (निर्वाचन) ऊषा चौहान की देखरेख तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बीयू-242, सीयू-242 तथा वीवीपेट-974 मशीनें स्थानांतरित की गईं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार दीवान चंद ठाकुर, कांग्रेस पार्टी के शिवदत्त ठाकुर, आप के भरत ठाकुर, भाजपा के चंद्रकांत शर्मा, बहुजन समाज पार्टी की सुनीता सहित निर्वाचन विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## चोरी के मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**बीबीएन।** बद्दी स्थित भोलेश्वर इंडस्ट्री में चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। बद्दी पुलिस की एआई सेल यूनिट ने मामले की तफ्तीश करते हुए चोरी के मामले को सुलझाया है। जानकारी के अनुसार 26 सितंबर की रात भोलेश्वर उद्योग में अज्ञात लोग चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे, जिसके बाद से पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए काम कर रही थी। पुलिस ने कामयाबी हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान प्रवीण नेगी बरोटीवाला व हैदर अली लक्कड़ डिपो बद्दी से हुई। हैदर अली के खिलाफ पहले से ही 7 मामले दर्ज हैं, जिनमें से एक हत्या और चोरी का शामिल है। अब पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल कर रही है, ताकि चोरी की रिकवरी भी की जा सके। एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने बताया कि पुलिस एरिया को अपराध मुक्त करने के उद्देश्य से काम कर रही है और काफी सफलता भी मिली है।

# दाड़ला में रहना होगा जय श्रीराम कहना होगा, हिंदू एकता जिंदाबाद के लगाए नारे

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



दाड़लाघाट में हिंदू जागरण मंच ने प्रवासियों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। हिंदू समाज के बैनर तले लोग सड़क पर उतरे और दाड़लाघाट क्षेत्र के भीतर बिना पंजीकरण रह रहे बाहरी राज्यों के लोगों की जांच की मांग की। इस दौरान चौधरी कांप्लेक्स दाड़ला में प्रदर्शन में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के साथ गहमागहमी भी हुई।

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने भगवा रंग के झंडे उठाए हुए थे। प्रदर्शनकारी ग्रामीण बैंक से होकर बस स्टैंड दाड़ला पहुंचे। बस स्टैंड पर जमकर नारेबाजी हुई। बाद में प्रदर्शनकारी चौधरी कांप्लेक्स पहुंचे। मंच ने बाहरी लोगों और बिना पंजीकरण के रह रहे लोगों के खिलाफ आवाज उठाई, जिनका सत्यापन नहीं हुआ है। इन गतिविधियों से स्थानीय व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। मंच के मुख्य वक्ता कमल गौतम ने कहा कि हिंदू समाज के लोग हर गांव तक अपनी बात पहुंचाएंगे और गांव में समितियां बनाएंगे, जो अवैध गतिविधियों पर नजर रखेंगी और उनकी जांच करेंगी। साथ ही उन्होंने एनआरसी लाने की बात कही, जिसका काम चुने हुए प्रतिनिधि करेंगे। प्रवासी लोगों को रोकना और उनकी गतिविधियों पर नजर रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि चंबा में हुए मनोहर हत्याकांड जैसी घटनाएं न हो। उन्होंने सभी हिंदुओं से एकता बनाए रखने का आह्वान किया, जिससे एक सुरक्षित आंतरिक समाज की परिकल्पना तैयार हो सके। प्रदर्शन के दौरान हिंदू समाज के लोगों ने कई तरह के नारे लगाए। लोगों ने दाड़ला में रहना होगा जय श्रीराम कहना होगा, हिंदू एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। हिंदू समाज के लोगों ने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन ने बाहरी लोगों का सत्यापन सही से नहीं किया, तो पुलिस थाना दाड़ला के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# ऋषि विश्वामित्र के पराक्रम का किया मंचन

**अनंत ज्ञान, अर्की**



अर्की नगर पंचायत के ऐतिहासिक चौगान मैदान में चल रही रामलीला के दूसरे दिन रामलीला के मंचन का शुभारंभ राम-लक्ष्मण वंदना से हुआ। जानकारी देते क्लब के निदेशक हेमेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सुबाहू व मारीच की ओर से ऋषि विश्वामित्र को तंग करना, विश्वामित्र का राजा दशरथ के पास जाना व राम-लक्ष्मण को अपने साथ लेकर आना, ताड़का वध, सुबाहू वध, अहिल्या उद्धार सहित कई मनमोहक दृश्यों का मंचन हुआ, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। उन्होंने बताया कि पुरानी परंपरा के अनुसार रामलीला के मंचन के दौरान हर दिन एक मुख्यतिथि को बुलाया जाता है।

रामलीला के पहले दिन सलाहघाटी के एक मंदिर में विराजमान बाबा शिवगिरी जी महाराज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर पात्रों को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर रामलीला क्लब द्वारा मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया। हर दिन होने वाली रामलीला के पश्चात उससे संबंधित प्रश्न उपस्थित दर्शकों से पूछा जाते हैं तथा पर्ची के माध्यम से प्रश्न का सही उत्तर देने वाले को उस दिन के मुख्यातिथि द्वारा पर्ची निकालकर उसे इनाम दिया जाता है। दशहरे के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरे से पूर्व संध्या पर तीन देवताओं के रथ अर्की पहुंचेंगे तथा दशहरे वाले दिने देव नृत्य होगा, जिसमें तीन देवताओं के रथों के अलावा भगवान लक्ष्मी-नारायण की पालकी को भी लाया जाएगा। इस दौरान राम-लक्ष्मण की शोभायात्रा अर्की नगर पंचायत के सभी वार्डों में निकाली जाएगी व विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सायं के समय रावण व कुंभकरण वध के साथ पुतलों का दहन होगा तथा बाजार में भरत मिलाप कार्यक्रम आयोजित होगा।

## 13 वर्षीय बालक की रुण नदी में डूबने से मौत

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के कालाअंब थाना के तहत मीरपुर गांव में एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। 13 वर्षीय तनुज पाल की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना तब हुई जब बालक अपने दिव्यांग पिता केसर सिंह के साथ भैंसों को चराने के लिए रुण नदी के किनारे गया था। केसर सिंह एक टांग से अपंग हैं। भैंसें चरते-चरते गहरे पानी में उतर गई। भैंसों को बाहर निकालने की कोशिश में बालक खुद भी पानी में चला गया। उसे तैरना नहीं आता था, पानी में उतरते ही उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे कुंड में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उसे पानी से बाहर निकालकर तुरंत इलाज के लिए नाहन के मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे की पुष्टि करते पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह हादसा एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना प्रतीत होती है और इसमें किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई है। मौके से पानी के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं।

## रंगोली प्रतियोगिता में जीनिया शर्मा रही प्रथम

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में विद्यार्थियों के लिए सह-पाठयक्रम गतिविधियों के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में पोस्टर बनाना, रंगोली बनाना, कोलाज बनाना एवं कार्टून बनाना आदि शामिल रहे। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का युवा महोत्सव ग्रुप -1 के लिए भी चयन किया जाएगा। इस दौरान करवाई गई गतिविधियों में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीनिया शर्मा, द्वितीय स्थान अनीशा तथा तृतीय स्थान प्रिया ने प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पलक, द्वितीय स्थान पर कार्तिक तथा तृतीय स्थान पर संचिता रही। कोलाज मेकिंग में प्रथम स्थान महक शर्मा, द्वितीय स्थान प्रियंका तथा तृतीय स्थान प्रीतिका ने प्राप्त किया। कार्टून मेकिंग में पलक ने प्रथम स्थान झटका।

## देश व प्रदेश में सनातन बोर्ड का भी गठन जरूरी

**राजगढ़।** यदि देश में वक्फ बोर्ड का गठन हो सकता है, तो देश व प्रदेश में सनातन बोर्ड का गठन क्यों नही हो सकता ये बात सराहां में आयोजित हिंदू समुदाय की एक रैली को संबोधित करते हुए रूमित ठाकुर ने कही उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों से प्रदेश में आने वाले जो बिना वेरिफिकेशन के गांव में समान या अन्य कारोबार में लगे हैं। उनकी वेरिफिकेशन होना जरूरी है, जिससे उनके क्रिमिनल रिकॉर्ड को भी जांचना जरूरी है। इस मौके पर बाहरी क्षेत्रों से पच्छाद में अवैध रूप से रह रहे बाहरी व्यक्तियों की जांच करने व उन पर कार्रवाई करने के उद्देश्य में आज सराहां में हिंदू समुदाय द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया व विशाल रैली निकाली गई, जिसमे सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इसी को लेकर एसडीएम पच्छाद को ज्ञापन भी सौंपा गया।

## इंस्पायर मानक के लिए 600 ने करवाया पंजीकरण

**सोलन।** एससीईआरटी सोलन की ओर से इंस्पायर मानक योजना के लिए आवेदन करने में राहत प्रदान की है, जिसमें आवेदन करने की तिथि को 15 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। शिक्षा विभाग ने हर जिले के सभी स्कूलों से पांच-पांच विद्यार्थियों को शामिल करने का लक्ष्य रखा है। विज्ञान में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को मॉडल तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस योजना में पंजीकरण करवाया जाता है। जिलास्तर पर इसके लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं, जबकि प्रदेश स्तर पर एससीईआरटी की ओर से इसका संचालन किया जाता है। जानकारी के अनुसार इंस्पायर मानक योजना के तहत सत्र 2024-25 के लिए एक अगस्त से आवदेन शुरू हो गए हैं। अभी तक जिला सोलन में करीब 600 विद्यार्थियों ने ई-एमआईएएस पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर दिया है। योजना में प्रदेश भर के सभी मान्यता प्राप्त सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थी आवेदन करेंगे। उधर, उपनिदेशक उच्च शिक्षा जिला सोलन डॉ. जगदीश नेगी ने सभी स्कूलों को नामांकन भरने के निर्देश जारी किए हैं।

# संगड़ाह डिग्री कॉलेज में युवाओं ने भाजपा की सदस्यता की ग्रहण

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर जिला भाजपा युवा मोर्चा की ओर से गिरीपार क्षेत्र के संगड़ाह में डिग्री कॉलेज की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई के तत्वावधान में कॉलेज के युवाओं को भाजपा सदस्यता अभियान से जोड़ने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस सदस्यता अभियान के दौरान डिग्री कॉलेज में सैकड़ों युवाओं ने नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याण नीतियों और विशेष कर देशभर में युवाओं के कल्याण के लिए चलाए जा रहे युवा कल्याण कार्यक्रमों के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ने बताया कि जब से पूरे देश में भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया है, तबसे देश के युवाओं में सदस्यता ग्रहण करने के लिए एक विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# डिपो और फलों की दुकानों का किया निरीक्षण

**आर मोहन चौहान, सोलन**



एसडीएम सोलन डॉ पूनम बंसल ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों के साथ मॉल रोड स्थित सार्वजनिक वितरण प्रणाली डिपो सहित फलों की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान डिपो में उपभोक्ताओं को दी जा रही खाद्य वस्तुओं की जांच की गई। साथ ही साफ-सफाई, रेट लिस्ट और बायो मीट्रिक मशीन की भी जांच की गई। एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल ने डिपो संचालक को ग्राहकों को बढ़िया गुणवत्ता का सामान ही बेचने की सलाह दी। हालांकि डिपो में सबकुछ ठीक पाया गया। वहीं, मॉल रोड पर दुकान के सामने बेचे जा रहे फल विक्रेता के पास बिल और अन्य जरूरी कागजात नहीं होने पर एसडीएम ने फल विक्रेता को कार्रवाई की चेतावनी दे डाली। खाद्य निरीक्षक के मुताबिक इस दुकान में बदल-बदल कर विक्रेता बैठते हैं। जबकि फल बेचने वाले का एफएसएसएआई से फूड लाइसेंस बना होना जरूरी होता है। विभागीय टीम ने फल विक्रेता को अपने आप आवश्यक कागजात रखने के आदेश दिए हैं। इसी तरह मॉल रोड पर चल रहे ढाबों और जूस विक्रेताओं को भी विभागीय टीम ने साफ-सफाई और एफएसएसएआई मानदंडों को पूरा करने को कहा, ऐसा न करने पर नियम के तहत कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। वहीं, डीसी मनमोहन शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उपलब्ध करवाई जा रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता का निरीक्षण सुनिश्चित किया गया है, ताकि लोगों को उचित गुणवत्ता की खाद्य सामग्री समय पर उपलब्ध होती रहे। एसडीएम ने इस दौरान मनमाने रेट से फल बेच रहे विक्रेताओं के चालान भी काटे।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग के अधिकारी समय-समय पर जिले की सभी दुकानों में वस्तुओं की मुल्य सूची प्रदर्शित करने के संबंध में निरीक्षण करते रहें। (अनंत ज्ञान)

# कबड्डी में विक्रमबाग ने मोरनी को हराया

**अनंत ज्ञान, नाहन**



5वीं मुनीष पंवार मेमोरियल कबड्डी प्रतियोगिता में विक्रमबाग की टीम ने फाइनल में मोरनी को पराजित कर कबड्डी कप अपने नाम किया।

इस प्रतियोगिता में उत्तर भारत की 48 टीमों ने भाग लिया और विक्रमबाग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एकतरफा मैच में मोरनी को 23-7 के भारी अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और कबड्डी को हमारे ग्रामीण अंचलों का प्राचीन खेल बताया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि नशे से दूर रहकर खेलों में अपना हुनर दिखाएं। स्पेशल गेस्ट के तौर पर पहुंचे प्रेम थापा और प्रदीप ने कबड्डी की विजेता टीम को 11 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी प्रदान की। इस दौरान बाहर से आने वाली सभी टीमों व उपस्थित दर्शकों के लिए भंडारे का प्रबंध भी किया गया था।

# नहीं थम रहा दो गुटों का आपसी विवाद पुलिस स्टेशन में आमने-सामने हुई बहसबाजी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



नालागढ़ में दो गुटों के युवकों के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

पुलिस स्टेशन नालागढ़ में दूसरे दिन भी माहौल पूरा तरह से गर्माया रहा, यहां तक की पुलिस स्टेशन में दोनों गुट आमने-सामने हो गए, लेकिन हाथापाई से पहले पुलिस ने तुरंत दोनों गुटों को अलग-अलग कर दिया। बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा व एसडीएम नालागढ़ भी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान दोनों गुटों के बीच समझौता करवाने का भी प्रयास किया गया, लेकिन गुटों के बीच का विवाद शांत नहीं हो पाया। बीते दिनों सोशल मीडिया पर विशेष समुदाय के एक युवक के द्वारा पोस्ट डाली गई, जिसके बाद हिंदू संगठन से जुड़े युवा व लोग पुलिस थाना पहुंचे थे, जिसमें शिकायत दर्ज करवाई कि उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं, जिसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, लेकिन शुक्रवार को विशेष समुदाय से जुड़े लोग भी पुलिस स्टेशन में युवक के समर्थन में पहुंचे। पुलिस ने अनिल कुमार पुत्र कर्मचंद निवासी सल्लेवाल नालागढ़ की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। अशोक वर्मा ने बताया कि मामले की नियमानुसार तफ्तीश की जा रही है और बयान लिए जा रहे हैं।

**आयोजन** डीसी ने विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की आयोजित

# लंबित कार्य पूर्ण करवाना करें सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में गत दिवस सोलन के सभी खंड विकास अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विधायक व सांसद निधि, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। डीसी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायक व सांसद निधि, मनरेगा के अंतर्गत लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को पंचायतों के लंबित कार्यों का निरीक्षण कर उनकी सूची तैयार करके उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाना सुनिश्चित करें। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों से पंचायत में स्वीकृत धनराशि से विकास कार्यों को पूर्ण कर उपयोगिता प्रमाणपत्र कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि नवीन योजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत की जा सके। डीसी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले के समस्त गांवों को ओडीएफ मॉडल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक कूड़ा पृथ्थकरण के लिए शैड का निर्माण, सोखता गड्ढों का निर्माण, केंचुआ खाद के पिट तथा प्लास्टिक कचरे के लिए खंड स्तर पर एक प्लास्टिक कचरा संयंत्र लगवाना सुनिश्चित करें।

# पेंशनर्स ने 9 को पेंशन देने के निर्णय पर किया खेद व्यक्त

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ यूनिट दाड़लाघाट की मासिक बैठक प्रधान मनोज शर्मा की अध्यक्षता में शिव मंदिर दाड़लाघाट में हुई। इसमें सरकार की ओर से पेंशनरों को 9 अक्तूबर को पेंशन देने के निर्णय पर खेद व्यक्त किया।

बैठक में चर्चा हुई कि प्रदेश जिन ऊंचाइयों पर पहुंचा है, उसमें सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पेंशनरों ने भी बैंकों से ऋण ले रखा है और उनकी किस्त भी पहली तारीख को देय होती है अन्यथा उस पर अतिरिक्त ब्याज बहन करना पड़ता है। बैठक में एडीए की बकाया किस्तों, मेडिकल बिलो तथा बकाया एरियर की राशि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। राजेश्वर कवंर, मनसाराम, पद्म देव शुक्ला ने यूनिट की सदस्यता ग्रहण कर इनका स्वागत किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### हेरोइन के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कहा कि उसने एक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ उनके पास से डेढ़ किलोग्राम हेराइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि प्राप्त हेरोइन जैकेट में छिपाकर रखी गई थी। आरोपियों की पहचान सुखदीप सिंह और कृष्ण के रूप में हुई है। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एसएएस नगर पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करके सुखदीप सिंह और कृष्ण को गिरफ्तार किया है। डेढ़ किलोग्राम हेराइन की जब्ती और अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह से जुड़े दिल्ली स्थित अफगानी संचालकों का पर्दाफाश हुआ है।'' डीजीपी ने कहा कि गिरफ्तार सुखदीप सिंह इससे पहले वर्ष 2020 के एक अपहरण के मामले में शामिल था और मई 2024 से जमानत पर बाहर था।



### पूर्व मंत्री सुच्चा सिंह लंगाह की शिअद में वापसी

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने पूर्व मंत्री सुच्चा सिंह लंगाह को पुनः पार्टी में शामिल करने का निर्णय लिया है। शिअद के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भुंडर ने लंगाह के अनुरोध पर यह फैसला किया। एक महिला से बलात्कार का आरोप लगने के बाद लंगाह ने साल 2017 में शिअद से नाता तोड़ लिया था। शिअद के कार्यकारी अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लंगाह ने उन्हें पत्र लिखकर यह बताया कि अदालत ने उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया है, इसलिए उन्होंने पार्टी की सेवा करने का एक और मौका मांगा है। भुंडर ने पोस्ट में कहा, ''उनके द्वारा पेश तथ्यों के आधार पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया कि सुच्चा सिंह लंगाह को शिरोमणि अकाली दल के साधारण कार्यकर्ता के रूप में पुनः सेवा करने का अवसर दिया जाए।''



### उत्तराखंड के राज्यपाल ने पूर्व-सैनिकों से किया संवाद

**चंडीगढ़।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन में पूर्व सैनिकों से मुलाकात की और कल्याण संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। राज्यपाल सिंह ने उनकी चिंताओं पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया और उनके सुझावों को सक्षम प्राधिकारियों तक पहुंचाने का भी वचन दिया। बयान में कहा गया, ''सिंह ने ईसीएचएस (भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना) और सीएसडी (कैंटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट) सुविधाओं, पेंशन समस्याओं सहित विभिन्न कल्याण संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने पूर्व सैनिकों के अनुभवों का लाभ उठाने के लिए उनके सुझाव भी लिए।''

### पंचायत चुनाव : नामांकन भरने के अंतिम दिन हंगामा

**चंडीगढ़।** पंजाब में पंचायत चुनाव के नामांकन का शुक्रवार को अंतिम दिन था। पिछले दो दिन सरकारी छुट्टी होने के कारण आज सुबह से ही नामांकन करने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। प्रशासन ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए, लेकिन शुक्रवार सुबह 11 बजे मोगा के कोट ई सेखा में नामांकन भरने आए लोग आपस में भिड़ गए। एक-दूसरे के ऊपर नामांकन भरने के रोकने के आरोप लगाए गए। मौके पर पुलिस ने स्थिति को संभाला। जानकारी के अनुसार, करीब 12 बजे मोगा के लेंडेके नामांकन सेंटर के बाहर कुछ अज्ञात लोगों ने आकर लाइन में खड़े लोगों की नामांकन फाइल छीनकर फाड़ दी और सड़क पर फेंक दी। इसके बाद कुछ लोगों के बीच ईंट पत्थर भी चले। इसमें दो लोग जख्मी भी हुए हैं। इस दौरान कुछ लोगों के पास तेजधार हथियार भी देखे गए। मौके पर भारी पुलिस फोर्स ने पहुंचकर स्थिति को संभाला। पुलिस को भीड़ को खदेड़ने के लिए हल्का लाठी चार्ज भी करना पड़ा। लोगों ने आरोप लगाया कि सरकार गुंडागर्दी कर रही है और नामांकन भरने में विरोधी पार्टी के उम्मीदवार को रोका जा रहा है।




### अयोध्या में 4 महीने में बनेगा राम मंदिर का शिखर

**अयोध्या।** राम मंदिर के शिखर का निर्माण शुरू हो गया। यह 120 दिन (4 महीने) में बनकर तैयार होगा। इसके बाद मंदिर की कुल ऊंचाई 161 फीट हो जाएगी। शिखर में सबसे ऊपर धर्म ध्वजा होगी। इसकी ऊंचाई 44 फीट होगी। शिखर निर्माण का काम शुरू करने से पहले स्थल पर पूजा-अर्चना की गई। शिखर पर लगने वाले मुख्य पत्थर की पूजा की गई। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि कंस्ट्रक्शन अपनी रफ्तार से चल रहा है, जो डेडलाइन तय की है, उसमें काम पूरा होगा। नागर शैली में बन रहे मंदिर का शिखर भी उसी शैली का होगा।



### तेलंगाना में महिला को लगाई आग, मौत

**तेलंगाना।** तेलंगाना के मेडक जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिले में कुछ लोगों ने एक महिला को आग लगाकर जला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इन लोगों को महिला पर काला जादू करने का शक था। इस घटना की जानकारी देते हुए स्थानीय पुलिस ने बताया कि वीरवार देर रात रामायमपेट मंडल के कटरियाल गांव में महिला के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर उसे आग लगा दी। महिला पर हमला करने वाले लोगों ने महिला को पहले पीटा फिर पेट्रोल छिड़क कर उसको आग लगा दी।

### जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास धमाका, दो जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास बारूदी सुरंग में धमाका होने से सेना के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा, ''उत्तरी कश्मीर जिले के त्रेहगाम इलाके में नियंत्रण रेखा के पास गश्त के दौरान तड़के बारूदी सुरंग में धमाका होने से सेना के दो जवान हो गए।'' दोनों जवानों को द्रुगमुल्ला में सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है।



### 'बांग्लादेशी हिंदुओं के खिलाफ हिंसा हो बंद'

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में लोगों ने हडसन नदी के ऊपर और स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के चारों ओर लहराते एक विशाल एयरलाइन बैनर को देखा। इस बैनर में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ जारी हिंसा को रोकने की अपील की गई। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से देश के अल्पसंख्य हिंदू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। 5 अगस्त, 2024 बांग्लादेश की तत्कालीन पीएम शेख हसीना अपनी सत्ता छोड़ भारत भाग गई थीं। इसके बाद से अब तक हिंदू समुदाय पर लगभग 250 वेरिफाइड अटैक हुए हैं और 1,000 से अधिक घटनाओं की सूचना दी गई। बांग्लादेशी हिंदू और इस इवेंट के आयोजकों में से एक सीतांगशु गुहा के मुताबिक, 'देश में हिंदू विलुप्त होने के कगार पर हैं। उम्मीद है कि इससे सभ्य दुनिया में जागरूकता बढ़ेगी और संयुक्त राष्ट्र, बांग्लादेश में कट्टरवादी इस्लामी ताकतों के पीड़ितों को बचाने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रेरित होगा।'

### किम जोंग ने द. कोरिया को दी परमाणु हमले की धमकी

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने धमकी दी है कि अगर उत्तर कोरिया को उकसाया गया तो वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर दक्षिण कोरिया का समूल नाश कर देगा। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दरअसल दक्षिण कोरिया के नेता ने चेतावनी दी थी कि अगर किम ने परमाणु हथियारों का उपयोग करने का प्रयास किया तो उनके शासन का खात्मा कर दिया जाएगा और इसके जवाब में किम ने दक्षिण कोरिया को यह चेतावनी दी है। दोनों देशों के नेताओं के बीच इस तरह ही बयानबाजी नई नहीं है, लेकिन उनकी यह हालिया टिप्पणी उत्तर कोरिया द्वारा हाल में परमाणु केंद्र के खुलासे और मिसाइल परीक्षणों को जारी रखने के कारण बढ़े तनाव के बीच आई है।



### पुणे में दोस्त के साथ घूमने गई लड़की से गैंगरेप

**पुणे।** पुणे के बोपदेव घाट पर 21 वर्षीय लड़की से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता अपने दोस्त के साथ रात 11 बजे के करीब घूमने के लिए गई थी। इस दौरान 3 अज्ञात लोगों ने लड़की के साथ गैंगरेप किया और उसके दोस्त के साथ मारपीट की। पुलिस को सुबह 5 बजे के करीब मामले की जानकारी मिली। इसके बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए 10 टीमें लगाई गई हैं।

# सीएम धामी ने किया 116वें अखिल भारतीय किसान मेले का शुभारंभ

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पं. गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर पहुंचकर 116वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और हरेला उद्यान का वर्चुअल शुभारम्भ भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों से आये प्रगतिशील कृषकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री धामी ने 116वां किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी की बधाई देते हुए कहा कि भारत में हरित क्रांति के अग्रदूत के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आकर उन्हें हर्ष का अनुभव हो रहा है। इस प्रकार के किसान मेले प्रदेश के किसान भाइयों की उन्नति में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि इस प्रकार के कृषि मेलों के माध्यम से वैज्ञानिक, किसान एवं उद्यमी एक ही स्थान पर कृषि सबंधी नवीनतम तकनीकों तथा विभिन्न जानकारियों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। किसानों को उन्नत बीज, पौध, कृषि यंत्र और जैविक खाद सहित कृषि से जुड़ी सभी आवश्यक वस्तुएं एक ही स्थान पर मिल जाती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस मेले में उपलब्ध कराई जा रही तकनीकी जानकारियों से हमारे किसान अवश्य लाभान्वित होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के किसानों को कुशल, समृद्ध और आधुनिक सुख-सुविधा युक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। आज एक ओर उपज बढ़ाने के लिए तकनीकी के प्रयोग और नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

वहीं, दूसरी ओर मोदी सरकार द्वारा किसानों को सभी प्रमुख फसलों पर बढ़ी हुई एमएसपी देकर किसानों की आय में बढ़ोत्तरी सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर विधायक शिव अरोड़ा, तिलक राज बेहड़, राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, जिला महामंत्री भाजपा अमित नारंग, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## 5600 करोड़ के ड्रग्स केस में अमृतसर एयरपोर्ट से जस्सी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने 5600 करोड़ रुपए से ज्यादा के ड्रग्स केस में अमृतसर एयरपोर्ट से जितेंद्रपाल सिंह उर्फ जस्सी को गिरफ्तार कर लिया है। जिस समय दिल्ली पुलिस ने जस्सी को गिरफ्तार किया, उस समय वो ब्रिटेन भागने के फिराक में था। दिल्ली पुलिस ने ड्रग्स केस सामने आने के बाद जस्सी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी की हुई थी। जितेंद्रपाल सिंह उर्फ जस्सी ब्रिटेन में बीते 17 साल से रह रहा है। उसके पास वहां का ग्रीन कार्ड है। दिल्ली पुलिस की जांच में दुबई के बाद इस ड्रग केस में अब ब्रिटेन का कनेक्शन भी सामने आ गया है। बता दें कि दिल्ली पुलिस सेल ने दो अक्तूबर को 5600 करोड़ की कोकीन पकड़ी थी और चार लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में जस्सी स्रद्ध पाचवीं गिरफ्तारी है। भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाने पर लेते हुए कहा कि दिल्ली में हजारों करोड़ रुपए के इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट में पकड़ा गया तुषार गोयल यूथ कांग्रेस का प्रमुख है। उसे खुद राहुल गांधी ने नियुक्त किया था।

# युवाओं को ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में झोंकना चाहती है कांग्रेस : शाह

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हाल ही में, दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की 500 किलोग्राम से अधिक कोकीन बरामद की गई है, जो नशे के कारोबार के मामले में दिल्ली में सबसे बड़ा भंडाफोड़ है। आश्चर्य की बात यह है कि कोकीन के कारोबार से जुड़े 5,600 करोड़ रुपए की जब्ती के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी भारतीय युवा कांग्रेस की दिल्ली इकाई के आरटीआई प्रकोष्ठ का अध्यक्ष है।



5,600 करोड़ रुपए के ड्रग सिंडिकेट के मास्टमाइंड तुषार गोयल का कांग्रेस कनेक्शन जगजाहिर हो चुका है, जो दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की आरटीआई सेल का चेयरमैन रह चुका है। तुषार गोयल ने आज भी अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर आरटीआई सेल चेयरमैन, कांग्रेस लिखा हुआ है। हैरानी की बात यह है कि 5,600 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की 500 किलोग्राम से अधिक कोकीन बरामदगी केस के तार दुबई से भी जुड़े हैं। इसके साथ-साथ 40 किलोग्राम मेरियाना भी जब्त किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 20 करोड़ रुपए है।

गौरतलब है कि एक ओर जहां प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार 'नशामुक्त भारत' के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, 'बॉटम टू टॉप' और 'टॉप टू बॉटम' अप्रोच के साथ बेहतर समन्वय को अपना रही है, वहीं दिल्ली में पकड़ी गई कोकीन की 5,600 करोड़ रुपए की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक, निंदनीय और शर्मनाक है। यह घटना साबित कर रही है कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में नशे का सामान बिक रहा है और नशे का कारोबार हो रहा है।

एक तरफ कांग्रेस की सरकार पैसा लेकर युवाओं की नौकरी बेच रही है तो दूसरी तरफ युवाओं को नशा बेचकर उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में धकेल रही है। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर अब आम कैंसर : डॉ. जतिन सरीन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हेड एंड नेक कैंसर अवेयरनेस मंथ के अवसर पर भारत में महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बढ़ते रुझानों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए, लिवासा अस्पताल, मोहाली के डॉक्टरों की एक टीम ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

टीम में शामिल थे डायरेक्टर मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. जतिन सरीन, डायरेक्टर सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. विजय बंसल, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की डायरेक्टर डॉ. मीनाक्षी मित्तल, कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. प्रियांशु चौधरी, कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. हेमकांत वर्मा, और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉ. मीनाक्षी शर्मा।

लिवासा अस्पताल 5 अस्पतालों, 750 बेड, 280 आईसीयू बेड, 6 कैथ लैब, 20 मॉड्यूलर ओटीएस के साथ पंजाब का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल नेटवर्क है। हेल्थकेयर चेन हर साल 3 लाख से अधिक रोगियों का इलाज कर रही है।

इस अवसर पर डॉ. जतिन सरीन ने कहा, 'स्तन कैंसर लगातार बढ़ रहा है और अब सर्वाइकल कैंसर को पीछे छोड़ते हुए नए युग की सबसे आम और घातक जानलेवा बीमारी बन गया है। स्तन कैंसर हर साल 2.1 मिलियन महिलाओं को प्रभावित करता है और भारत में हर साल 1.90 लाख नए मामले सामने आते हैं।



## वैष्णो माता में 44,500 भक्तों ने लिया आशीर्वाद

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को माता वैष्णो देवी के दरबार में संगत का सैलाब उमड़ा। देश-विदेश से पहुंचे 44, 500 भक्तों ने दरबार में शीश नवाया। माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पंजीकरण कक्ष के अनुसार इससे पहले बुधवार को करीब 45,200 श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई थी। भवन पर अटका स्थल की पवित्र गुफा परिसर और अर्द्धकुंवारी मंदिर की गर्भ गुफा परिसर में सुबह-शाम दिव्य आरती की गई। इसमें देशभर से आ रहे श्रद्धालु भी शामिल हुए और मां वैष्णो देवी की स्तुति की। नवरात्र को लेकर मां वैष्णो देवी भवन को भव्य रूप से सजाया गया है। हर तरफ मां के जयकारे गूंजायमान हो रहे हैं।

## हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के चुनाव के लिए मतदान आज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए शनिवार को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक चुनाव होगा। मतदान पंचकूला और कालका दोनों विधानसभा हलकों में अपने प्रतिनिधि चुनने में महिलाओं के साथ-साथ 30-39 आयु वर्ग के वोटर अहम भूमिका निभाएंगे। जानकारी के मुताबिक जिला की दोनों विधानसभाओं की तैयार मतदाता सूची अनुसार अब जिला की दोनों विधानसभाओं में कुल 4,38,245 वोटर हैं, इनमें 2,29,642 पुरुष वोटर, 2,08,760 महिला वोटर और 23 वोटर थर्ड जेंडर शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. यश गर्ग ने बताया कि कालका विधानसभा की मतदाता सूची में 2,02,052 वोटर शामिल हैं, इनमें 1,05,281 पुरुष वोटर 96,756 महिला वोटर और 15 वोटर थर्ड जेंडर शामिल हैं, जबकि पंचकूला विधानसभा की मतदाता सूची में 2,36,193 वोटर शामिल हैं। इनमें 1,24,181 पुरुष वोटर, 1,12,004 महिला वोटर और आठ वोटर थर्ड जेंडर शामिल हैं। मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम को छह बजे तक का रहेगा।

जिले में 85 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग में 5556 वोटर हैं। इनमें से कालका विधानसभा में 2303 वोटर और पंचकूला विधानसभा के 3253 वोटर शामिल हैं। इसी प्रकार 100 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग में 166 वोटर हैं। इनमें से कालका विधानसभा में 84 वोटर और पंचकूला विधानसभा के 82 वोटर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 2472 दिव्यांग वोटर हैं, इनमें से कालका में 1218 और पंचकूला के 1254 वोटर शामिल हैं। जिला में 303 ब्लाइंड वोटर हैं। इनमें से कालका में 145 और पंचकूला के 158 वोटर शामिल हैं।

## देश-विदेश

## कांग्रेस ने तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए नियुक्त किए समन्यक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर तथा हरियाणा विधानसभा चुनाव पूरा होने के बाद अब दिल्ली, झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी हैं और इस क्रम में तीनों प्रदेशों के लिए संचार समन्वयक नियुक्त किए गए हैं।



कांग्रेस संचार एवं पब्लिसिटी विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी ने तीनों राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों के लिए जो समन्वयक नियुक्त किए है, वे प्रदेश संचार विभाग के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि पार्टी के चुनाव प्रचार के काम को बखूबी अंजाम दिया जा सके। उन्होंने बताया कि पार्टी ने मुंबई के लिए डॉ. सुयनिका उनियाल, औरंगाबाद के लिए डॉ. शम्मा मोहम्मद, पुणे के लिए एडवोकेट महिमा सिंह, नागपुर के लिए हर्षद शर्मा तथा नासिक के लिए सुभ्रांश कुमार राय को समन्वयक बनाया है। पार्टी ने अभय कुमार दुबे को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय समन्वयक बनाया है, जबकि ज्योति कुमार सिंह, अस्मा तस्लीनमा, अरुण अग्रवाल तथा रश्मि सिंह को सदस्य बनाया गया है। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने अंशुल अविजित को राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक, नीरज कुमार मिश्रा को जमशेदपुर, अंशुमान शेल को देवघर, आयुष पांडे को पलामू तथा अनिल यादव को रांची का समन्वयक बनाया गया है।

## केजरीवाल ने खाली किया सीएम आवास

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को अपना आधिकारिक आवास खाली कर दिया और दिल्ली के लुटियंस में फिरोजशाह रोड स्थित सरकारी आवास में चले गए। इस मौके पर सभी ने हाथ जोड़कर केजरीवाल और उनके परिवार के सदस्यों को विदाई दी। इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने सभी कर्मचारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।



## श्रीलंका में जयशंकर का जोरदार स्वागत, अब पाकिस्तान जाएंगे

**एजेंसी, कोलंबो**

विदेश मंत्री एस जयशंकर श्रीलंका के राष्ट्रपति के रूप में अनुरा कुमार दिसानायके के शपथ लेने के एक पखवाड़े से भी कम समय बाद द्वीप राष्ट्र के नेतृत्व से मुलाकात करने के लिए एक दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे।



जयशंकर ने कोलंबो हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''कोलंबो में पुन: आकर अच्छा लगा। श्रीलंकाई नेतृत्व के साथ आज अपनी बैठकों को लेकर उत्साहित हूं। दिसानायके के नेतृत्व वाली 'नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) की सरकार के 23 सितंबर को सत्ता में आने के बाद जयशंकर श्रीलंका का दौरा करने वाले पहले विदेशी गणमान्य व्यक्ति हैं। श्रीलंका की विदेश सचिव अरुणी विजयवर्धने और श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने हवाई अड्डे पर जयशंकर का स्वागत किया। अधिकारियों ने यहां बताया कि जयशंकर के श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके, प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या और विदेश मंत्री विजिता हेराथ से मुलाकात करने की संभावना है। वहीं, जयशंकर अब इसी महीने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने पाकिस्तान जाएंगे। यह बैठक 15-16 अक्तूबर को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में होगी। गौरतलब है कि एससीओ में भारत, चीन, रूस और पाकिस्तान के अलावा मध्य एशिया के अन्य देश शामिल हैं।

## महाराष्ट्र के डिप्टी स्पीकर ने मंत्रालय की बिल्डिंग से लगाई छलांग

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र सदन के डिप्टी स्पीकर नरहरि सीताराम झिरवाल ने मंत्रालय की इमारत की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। हालांकि, वह बिल्डिंग निर्माण के लिए लगाए गए जाल पर गिरे और सुरक्षित हैं। झिरवाल ने धनगर समुदाय के अनुसूचित जाति के आरक्षण की मांग के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच यह कदम उठाया है। नरहरि सीताराम झिरवाल एनसीपी अजित पवार गुट के विधायक हैं और महाराष्ट्र के डिप्टी स्पीकर हैं।



## मिर्जापुर में ट्रक-ट्रैक्टर की टक्कर, 10 मरे

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रक और ट्रैक्टर की टक्कर में यह हादसा हुआ। देर रात छत की ढलाई का काम निपटा कर वापस लौट रहे मजदूर इस हादसे में मारे गए। टक्कर में 3 लोग घायल भी हैं, जिन्हें वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। यह हादसा मिर्जापुर जिले के कछवा थाना क्षेत्र के कटका पड़ाव के पास हुआ। ट्रैक्टर में यह मजदूर काम से वापस लौट रहे थे, जब हादसा हो गया।

## सावरकर मानहानि केस में राहुल गांधी को पुणे कोर्ट का समन जारी

**पुणे।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से लोकसभा सांसद राहुल गांधी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। राहुल गांधी ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी मामले को लेकर पुणे कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया गया था और इसी मामले में कोर्ट ने कांग्रेस नेता को समन भेजा है। कोर्ट ने 23 अक्तूबर को पेश होने का आदेश जारी किया है।



## तिरुचिरापल्ली के आठ स्कूलों में बम की धमकी

**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर के आठ स्कूलों को बम विस्फोट की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए स्कूलों को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया और बम निरोधक दस्ते और स्निफर डॉग्स ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट, निवेशकों के 4 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी, मुंबई**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगातार पांचवें सत्र में गिरावट पर रहे। सेंसेक्स में करीब 809 अंक और निफ्टी में 235 अंक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि उथल-पुथल भरे कारोबारी सत्र में दैनिक उपभोग के सामान बनाने बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों, वाहन और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली के कारण बाजार में गिरावट आई, जिससे निवेशकों के 4 लाख करोड़ रुपए डूब गए।



बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स लगातार पांचवें दिन गिरावट पर रहा। सेंसेक्स 808.65 अंक यानी 0.98 प्रतिशत फिसलकर 81,688.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 81,532.68 का निचला और 83,368.32 का ऊपरी स्तर छुआ। यह सेंसेक्स में 1,835.64 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव दर्शाता है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 235.50 अंक यानी 0.93 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 25,049.85 पर आ गया। कारोबार के दौरान निफ्टी 24,966.80 के निचले और 25,485.05 के ऊपरी स्तर तक गया।

## 50 प्रतिशत से अधिक नए म्यूचुअल फंड निवेशक छोटे शहरों से

**मुंबई।** हाल के महीनों में शेयर बाजार में छोटे शहरों के निवेशकों की भागीदारी तेजी से बढ़ी है, क्योंकि म्यूचुअल फंड उद्योग ने अप्रैल से अगस्त 2024 तक 2.3 करोड़ निवेशक फोलियो जोड़े हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक ऐसे क्षेत्रों से आते हैं। जेरोधा फंड हाउस की रिपोर्ट में कहा गया है कि छोटे शहरों से आने वाले नए निवेशक फोलियो की संख्या मासिक आधार पर बढ़ रही है। इस तरह के रुझान बचत और निवेश की संस्कृति को बढ़ावा दे सकते हैं, जो अंतत: दीर्घकालिक उद्योग विकास में योगदान देगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि छोटे शहरों में अभी भी म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधन अधीन संपत्ति (एयूएम) का केवल 19 प्रतिशत हिस्सा है।

**युद्ध** चुनौतियां झेल रही लेबनान की स्वास्थ्य प्रणाली पर बढ़ा दबाव

# इसराइली हमलों में 1974 लोगों की मौत

**एजेंसी, बेरूत**

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अबियाद ने जानकारी दी कि पिछले साल अक्तूबर में हिजबुल्लाह-इसराइल संघर्ष शुरू होने के बाद से लेबनान में कुल 1,974 लोग मारे गए हैं। इनमें 127 बच्चे और 261 महिलाएं शामिल हैं जबकि 9,384 लोग घायल हुए हैं। अबियाद ने कहा कि इसराइली हमलों में दर्जनों मेडिकल सेंटर्स को नुकसान पहुंचा और 97 मेडिकल और इमरजेंसी कर्मियों की मौत हो गई। कई अस्पतालों को सीधे तौर पर निशाना बनाया गया, जिससे पहले से ही चुनौतियां झेल रही लेबनान की स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव और बढ़ गया। मंत्री ने अस्पतालों में हथियारों की मौजूदगी को लेकर इजरायल के आरोपों को भी खारिज कर दिया। इस बीच इजरायली लड़ाकू विमानों ने बेरूत के दहिया इलाके में एक भूमिगत बंकर को निशाना बनाकर हमले किए। ऐसा बताया जा रहा है कि यहां कथित तौर पर हिजबुल्लाह के सीनियर लीडर इक्ट्ठा हुए थे और बकर में मौजूद लोगों में हाशेम सफीउद्दीन भी शामिल था।



### इसराइली हमले में मिसाइल प्रोजेक्ट चीफ अनीसी ढेर

**तेल अवीव।** इसराइल का लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ हवाई और जमीनी कार्रवाई जारी है। इसराइली रक्षा बलों ने हिज्बुल्लाह की मिसाइल प्रोडक्शन यूनिट के चीफ एक्सपर्ट महमूद यूसुफ अनीसी को मार गिराने का दावा किया है। इसराइली सेना ने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर बेरूत में यह ऑपरेशन चलाया था। आईडीएफ के मुताबिक महमूद यूसुफ अनीसी के पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में व्यापक अनुभव था।

## स्पोर्ट्स विंडो

### हॉकी इंडिया लीग की सात साल बाद दिसंबर में होगी वापसी

**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की सात साल बाद दिसंबर में नए स्वरूप में वापसी होगी, जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी। लीग का आयोजन 28 दिसंबर से पांच फरवरी तक दो स्थानों राउरकेला और रांची में किया जाएगा। पुरुषों की प्रतियोगिता राउरकेला जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता रांची में खेली जाएगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी यहां 13 से 15 अक्तूबर तक होगी। इसके लिए कुल 10 फ्रेंचाइजी मालिक बोर्ड पर आए हैं। खिलाड़ियों की नीलामी तीन श्रेणियों दो लाख रुपए, पांच लाख रुपए और 10 लाख रुपए में की जाएगी।

### इंदौर में आयोजित की जाएगी भारतीय राष्ट्रीय रैली स्प्रिंट चैंपियनशिप

**इंदौर।** दोपहिया वाहनों के लिए एफएमएससीआई भारतीय राष्ट्रीय रैली स्प्रिंट चैंपियनशिप शनिवार को इंदौर में आयोजित की जाएगी। यह पहला अवसर होगा जबकि इस प्रतियोगिता का आयोजन मध्य भारत के किसी शहर में किया जाएगा। इस मोटरसाइकिल रैली का चौथा राउंड इंदौर के पास पीथमपुर में स्थित अत्याधुनिक ऑटोमोबाइल परीक्षण और प्रमाणन केंद्र नैटरैक्स में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 13 वर्गों के अलावा स्थानीय युवाओं के लिए एक विशेष स्प्रिंट सपोर्ट रैली का आयोजन भी किया जाएगा। इसका उद्देश्य मध्य भारत में खेल को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख राइडरों में नासिक के शमीम खान, भोपाल के आसिफ अली, मुंबई के बादल दोषी तथा पुणे के पिंकेश ठक्कर और अमरेंद्र साठे शामिल हैं।

### भारत और बांग्लादेश के बीच टी-20 मैच से पहले ग्वालियर में निषेधाज्ञा लागू

**ग्वालियर।** भारत और बांग्लादेश के बीच रविवार को होने वाले पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से पहले यहां निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है ताकि मैच का सुचारू रूप से आयोजन किया जा सके। अधिकारियों के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में विरोध प्रदर्शन और विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री के प्रसार पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश सात अक्तूबर तक लागू रहेंगे। हिंदू महासभा ने मैच के दिन (छह अक्टूबर) ग्वालियर बंद का आह्वान किया है। इसके अलावा अन्य संगठनों ने भी विरोध प्रदर्शन की धमकी दी है, जिसके मद्देनजर यह फैसला किया गया। हिंदू महासभा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर किए गए 'अत्याचारों' को लेकर रविवार के मैच को रद्द करने की मांग करते हुए बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया था। आदेश के अनुसार जिले की सीमा के भीतर कोई भी व्यक्ति यदि सोशल मीडिया मंच के जरिए मैच में बाधा डालता है या धार्मिक भावनाओं को भड़काता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती कायनात

**नई दिल्ली।** कायनात इम्तियाज पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की दाएं हाथ की मध्यम तेज गेंदबाज हैं। उनका जन्म 21 जून 1992 को कराची में हुआ था। कायनात ने 15 नवंबर 2011 को आयरलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। कायनात का आकर्षक व्यक्तित्व और तीखे नैन-नक्श उन्हें दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में शुमार करते हैं। कायनात सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. कायनात की सोशल मीडिया पर बड़ी फैन फॉलोइंग हैं, जो उनकी तस्वीरों को बेहद पसंद करती है।



**महिला टी-20 विश्व कप**

## अफ्रीकी स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा ने 29/4 विकेट झटके

# द. अफ्रीका की विंडीज पर एकतरफा जीत

**एजेंसी, दुबई**

दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के एकतरफा मैच में शुक्रवार को वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 118 रन बनाए। वेस्ट इंडीज के लिए स्टीफानी टेलर ने 41 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के लिए बाएं हाथ की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 29 रन देकर चार विकेट लिए जबकि मरियाने काप ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने 55 गेंद में 59 रन बनाये जबकि ताजमिन ब्रिट्ज ने 52 गेंद में 57 रन जोड़े। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को दबाव में रखा। काप ने हीली मैथ्यूज (10 रन) को विकेट के पीछे लपकवाकर पहला झटका दिया।

कियाना जोसेफ को बाएं हाथ की स्पिनर एमलाबा ने पांचवें ओवर में बोल्ड किया। वेस्टइंडीज के तीन विकेट 32 रन पर गिर गए थे जब काप ने डिएंड्रा डोटिन (13 रन) को आउट किया। इसके बाद से कैरेबियाई टीम बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रही।



महिला टी-20 विश्वकप के दौरान वेस्ट इंडीज के खिलाफ शॉट खेलती दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्ज।

## भारतीय महिला टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड का चुनौतीपूर्ण स्कोर



**एजेंसी, दुबई**

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डेवाइन ने भारत के खिलाफ महिला टी-20 विश्व कप में शुक्रवार को ग्रुप-ए के मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया।

न्यूजीलैंड ने 11 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 75 रन बना लिए थे। अमेलिया केर और सोफी डिवाइन क्रीज पर हैं। जॉर्जिया प्लिमर 34 और सूजी बेट्स 27 रन बना कर आउट हुईं। भारत की ओर से आशा शोभना और अरुधंति रेड्डी को 1-1 विकेट मिला।

भारत ने इससे पहले अपने दोनों अभ्यास मैच जीते थे। भारतीय टीम पिछले तीन टी-20 विश्व कप में सेमीफाइनल तक तो पहुंची है, लेकिन खिताब नहीं जीत सकी है।

## आईओसी ने आईबीए से जुड़े राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघों की मान्यता रद्द करने को कहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अपने सदस्य देशों से निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से संबंध रखने वाले राष्ट्रीय महासंघों की मान्यता खत्म करने के लिए कहा है जिससे इन दोनों खेल संस्थाओं के बीच चल रहा विवाद और गहरा गया है।

आईओसी ने राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को 30 सितंबर को भेजे गए एक पत्र में दोहराया है कि जो राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ आईबीए के साथ संबंध समाप्त नहीं करेंगे, उन्हें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग नहीं लेने दिया जाएगा।

आईओसी ने अपने पत्र में कहा, ''एनओसी अब उन राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघों के साथ संबद्ध या संस्थागत संबंध नहीं बनाए रखेगा जो अभी भी आईबीए से संबद्ध है।'' पत्र में कहा गया है,''कोई भी मुक्केबाज जिसका राष्ट्रीय महासंघ आईबीए से संबंध रखता है वह लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में भाग नहीं ले पाएगा। संबंधित एनओसी को ऐसे राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ की सदस्यता रद्द करनी होगी।''

## सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी बीसीसीआई भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के नए प्रमुख

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चार साल तक आतंकवाद निरोधक संगठन एनआईए के प्रमुख रहे सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी शरद कुमार को बीसीसीआई की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई (एसीयू) का नया प्रमुख बनाया गया है।

उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले 68 वर्ष के कुमार को एक अक्तूबर को एसीयू प्रमुख बनाया गया जो तीन साल तक इस पद पर रहेंगे। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि 29 सितंबर को बीसीसीआई की सालाना आम बैठक में उनके नाम पर मुहर लगाई गई। वह हरियाणा कैडर के 1979 बैच के आईपीएल अधिकारी हैं और 2013 से 2017 तक राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के प्रमुख रहे। वह हरियाणा कैडर के ही पूर्व आईपीएस अधिकारी केके मिश्रा की जगह लेंगे जिन्हें पिछले साल नियुक्त किया गया था लेकिन अज्ञात कारणों से वह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके।



एनआईए में रहने के बाद कुमार को केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतकता आयुक्त नियुक्त किया गया था जहां वह जून 2018 से अप्रैल 2020 तक रहे। नए पद पर काबिज होने के बाद वह क्रिकेट में भ्रष्टाचार संबंधी मसलों का हल निकालने में अहम भूमिका निभाएंगे जिसमें मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी प्रकरण शामिल है।

**29 सितंबर को बीसीसीआई की सालाना आम बैठक में शरद कुमार के नाम पर मुहर लगाई गई**

एनआईए महानिदेशक रहते हुए कुमार ने कई बड़ी जांच और अभियानों में अहम भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में एनआईए ने भारत में कई आतंकी हमलों की जांच की जिसमें पठानकोट एयरबेस पर प्रतिबंधित जैश ए मुहम्मद द्वारा किया गया आतंकी हमला शामिल था।

## बोपन्ना और डोडिग की जोड़ी दूसरे दौर में

**शंघाई।** भारत के रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग ने शुक्रवार को यहां पाब्लो कैरेनो बुस्टा और पेड्रो मार्टिनेज पर सीधे सेटों में जीत के साथ एटीपी शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। बोपन्ना और डोडिग की 5वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 63 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मैच में 6-4, 6-3 से जीत हासिल की। इस तरह से इन दोनों ने जोड़ी बनाने के बाद अपने पहले मैच में ही जीत दर्ज की।



बोपन्ना और डोडिग ने पांच ऐस लगाए और आठ ब्रेक प्वाइंट में से तीन को भुनाया। उन्होंने अपने सर्विस गेम में चार बार ब्रेक प्वाइंट के मौके भी बचाए और मैच में केवल एक बार सर्विस गंवाई। सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन दोनों के पहले दौर में बाहर होने से भारत की एकल में चुनौती पहले ही समाप्त हो चुकी है। रामकुमार ने क्वालीफाइंग राउंड से मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी जबकि नागल को सीधे प्रवेश मिला था।

## स्वियातेक ने कोच से अलग होने का फैसला किया

**एजेंसी, वारसॉ**

शीर्ष रैंकिंग वाली पोलैंड की महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शुक्रवार को अपने कोच टॉमस विक्टोरोव्स्की से अलग होने की घोषणा की और कहा कि यह निर्णय दोनों ने मिलकर लिया है। विक्टोरोव्स्की की कोचिंग में तीन सालों के दौरान स्वियातेक ने अपने पांच ग्रैंडस्लैम खिताबों में से चार जीते और महिलाओं की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची।

स्वियाटेक ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, ''अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के तीन साल बाद, अपने कोच टॉमस विक्टरोव्स्की के साथ मिलकर हमने अलग होने का फैसला किया। मैं सबसे पहले शुक्रिया कहना चाहती हूं और हमारे (कोच के) साथ मिलकर किए गए काम की सराहना करती हूं।''

विक्टोरोव्स्की 2021 सत्र के अंत में स्वियाटेक के कोच नियुक्त हुए थे। उन्होंने उसे अपने करियर के 22 में से 19 खिताब और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने में भी मदद की थी।



## चीमा ने 70 का कार्ड खेला, खिताब के करीब पहुंचे

**विशाखापत्तनम।** चंडीगढ़ के गोल्फर अंगद चीमा ने शुक्रवार को यहां एक करोड़ पुरस्कार राशि के वाइजेग ओपन के अपना दबदबा जारी रखते हुए तीसरे दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष पर बने हुए हैं। चीमा बीती रात चार शॉट से बढ़त बनाए थे।



उन्होंने तीसरे दौर में शानदार कार्ड की मदद से कुल 13 अंडर 200 का स्कोर बना लिया है। अब वह तीन शॉट की बढ़त बनाये हैं। पटना के अमन (66-68-69) ने दो अंडर 69 के कार्ड से से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। उनका कुल स्कोर 10 अंडर 203 क है। गुरु ग्राम के कार्तिक शर्मा ने दिन का सर्वश्रेष्ठ सात अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह नोएडा के अमरदीप मलिक और यशस चंद्रा के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

## भारत ने विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता 16वां गोल्ड



**एजेंसी, लीमा (पेरू)**

मुकेश नेलवल्ली, राजवर्धन पाटिल और हरसिमर सिंह रत्था की भारतीय टीम ने आईएसएसएफ विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

भारत का यह इस प्रतियोगिता में 11वां स्वर्ण पदक है। वह कुल 16 पदक लेकर पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत ने एक रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। चीन तीन स्वर्ण और एक रजत पदक लेकर दूसरे स्थान पर है। मुकेश का यह प्रतियोगिता में चौथा स्वर्ण पदक है। उन्होंने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी जीता था। मुकेश और राजवर्धन दोनों ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई, लेकिन वहां वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

राजवर्धन फाइनल में चौथे जबकि मुकेश पांचवें स्थान पर रहे। पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में परीक्षित सिंह बराड़ ने 623.0 का स्कोर बनाकर भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

**फुटबॉल**

## मैनचेस्टर अंतिम 20 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेला

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने पोर्टो को ड्रॉ पर रोका

**एजेंसी, पोर्टो**

स्थानापन्न खिलाड़ी हैरी मैगुइरे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाइटेड ने यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में पोर्टो के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रा खेला।

मैनचेस्टर यूनाइटेड एक समय 2-0 से आगे था, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। उसे अंतिम 20 मिनट का खेल 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि ब्रूनो फर्नांडिस को लगातार दूसरे मैच में रेड कार्ड का सामना करना पड़ा। रविवार को प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड की टोटेनहम से 3-0 की हार के दौरान भी फर्नांडिस को बाहर भेज दिया गया था।

यूरोपा लीग के अन्य मैचों में टोटेनहम ने फेरेन्कवारोस को 2-1 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एक अन्य मैच में लाजियो ने भी घरेलू मैदान पर नीस को 4-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।



## वियतनाम से मैत्री मैच खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** वियतनाम में त्रिकोणीय टूर्नामेंट रद्द होने के बाद भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम 12 अक्तूबर को वियतनाम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी।



लेबनान ने देश में जारी संकट के कारण त्रिकोणीय टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया।

टूर्नामेंट फीफा के अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो में 7 से 15 अक्तूबर के बीच होना था। भारत को वियतनाम के खिलाफ नौ अक्तूबर को और लेबनान के खिलाफ 12 अक्तूबर को खेलना था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने कहा,''लेबनान के त्रिकोणीय टूर्नामेंट से नाम वापस लेने के बाद भारतीय सीनियर पुरुष टीम 12 अक्तूबर को दोस्ताना मैच में वियतनाम से खेलेगी।''

भारतीय टीम पांच अक्तूबर को कोलकाता में एकत्र होगी और छह अक्तूबर को अभ्यास करेगी। टीम सात अक्तूबर को वियतनाम रवाना होगी।

## क्लब विश्व कप के लिए फीफा ने अंतरिम 'स्थानांतरण' नियमों पर सहमति दी

**एजेंसी, ज्यूरिख**

अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने पेशेवर खिलाड़ियों को टीम बदलने और अगले वर्ष जून-जुलाई में अमेरिका में होने वाले क्लब विश्व कप में भाग लेने में मदद करने के उद्देश्य से अंतरिम स्थानांतरण नियमों पर सहमति जताई। इस फैसले से उन खिलाड़ियों के लिए 'फ्री एजेंट' के रूप में फीफा क्लब टूर्नामेंट में खेलने का रास्ता खुल गया है जिनका अनुबंध 30 जून को समाप्त हो रहा है।

इनमें रीयाल मैड्रिड, मैनचेस्टर सिटी, बायर्न म्यूनिख और पेरिस सेंट-जर्मेन जैसी टीमें शामिल हैं। फीफा परिषद ने अंतरिम स्थानांतरण नियमों को मंजूरी दी है, जो सदस्य फुटबॉल संघों को एक से दस जून तक स्थानांतरण 'विंडो' खोलने का विकल्प देगा।

क्लब विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों के जिन स्टार खिलाड़ियों का जून में अनुबंध समाप्त हो रहा है उनमें मैनचेस्टर सिटी के मिडफील्डर केविन डी ब्रूने और बायर्न म्यूनिख के अल्फोंसो डेविस और जोशुआ किमिच के नाम शामिल हैं।

हालांकि इस टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ी दो अलग-अलग टीमों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते। इससे पहले फीफा ने साल 2020 में 'ट्रांसफर मार्केट' (स्थानांतरण बाजार) नियमों में संशोधन किया था।

### इसराइल को निलंबित करने से इनकार

**विश्व** फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने शीर्ष परिषद की बैठक में इसराइली फुटबॉल महासंघ को निलंबित नहीं किया, लेकिन फिलीस्तीन के अधिकारियों द्वारा लगाए गए कथित भेदभाव के आरोपों की अनुशासनात्मक जांच के आदेश दिए। फीफा ने परिषद की बैठक के बाद कहा कि उसका एक सीनियर पैनल फिलीस्तीन के क्षेत्र में स्थित इसराइली फुटबॉल टीमों की इजराइली प्रतियोगिताओं में भागीदारी की जांच करेगा। फिलीस्तीन फुटबॉल महासंघ एक दशक से भी अधिक समय से फीफा से वेस्ट बैंक की बस्तियों की टीमों को अपनी लीग में शामिल करने के लिए इसराइली फुटबॉल संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहा है। फिलीस्तीन ने मई में फीफा की बैठक में इसराइल की सदस्यता निलंबित करने का आग्रह किया था, जिसके चार महीने बाद विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था ने यह फैसला किया।